

टीएमसी में ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी... 12

विद्युत पोल छतिग्रस्त होने से अंधेरे में डूबी एक लाख... 10




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 52
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

रविवार | 03 दिसंबर, 2023


## मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में किसकी बनेगी सरकार

# आज नतीजों से हो जाएगा साफ

**4 राज्यों में नतीजों से पहले जीत के अपने-अपने दावे, वसुंधरा राजे ने मंदिरों में की पूजा, कमलनाथ के सीएम बनने वाले लगे पोस्टर**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में चुनाव रिजल्ट से पहले जबरदस्त हलचल देखने को मिल रही है। रिजल्ट से पहले नेताओं की मुलाकातें हो रही है और अपनी-अपनी जीत के दावे किए जा रहे हैं। कांग्रेस-बीजेपी दोनों ही पूर्ण बहुमत मिलने का दावा कर रही हैं। वहीं बीआरएस का भी एग्जिट पोल के उलट दावा है कि लगातार तीसरी बार वो सरकार बनाएगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार (2 दिसंबर) को विश्वास जताया कि राजस्थान और मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में मतगणना में बीजेपी को बहुमत मिलेगा। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कहा कि बीजेपी के खिलाफ लहर चल रही है। ऐसे में हम ही जीतेंगे। साथ ही आंध्र प्रदेश के सीएम जगन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला ने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस जीतेगी तो भारत राष्ट्र समिति ने कहा कि ऐसा नहीं होगा। हाल ही में देश के पांच राज्यों में खत्म हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे 3 दिसंबर को जारी होने वाले हैं। इन 4 राज्यों में मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ शामिल है। मिजोरम के नतीजे 4 तारीख को जारी किए जाएंगे।

### तेलंगाना को लेकर किया ये दावा

वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की चीफ वाईएस शर्मिला ने कहा कि एग्जिट पोल तेलंगाना के लोगों की सटीक नब्ज़ होनी चाहिए। हम उम्मीद कर रहे हैं कि तेलंगाना में अच्छे दिन लौटेंगे और राज्य में करोड़ों लोग वास्तव में एग्जिट पोल से खुश हैं और प्रार्थना करते हैं कि यह वास्तविकता में बदल जाए। मैं उनमें से एक हूं।

| मध्य प्रदेश | तेलंगाना | छत्तीसगढ़ | राजस्थान |
|---|---|---|---|
| 2018 के मुकाबले 0.59% ज्यादा वोट पड़े | 70.61% वोटिंग, पिछले चुनाव के मुकाबले 2.76% कम | 2 फेज में वोटिंग, पिछली बार जितना ही मतदान | 2018 के मुकाबले 0.41% ज्यादा वोटिंग हुई |



### मध्य प्रदेश को लेकर बीजेपी और कांग्रेस के दावे

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दावा किया कि उनकी बीजेपी भारी बहुमत के साथ सत्ता बरकरार रखेगी। उन्होंने कहा, (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी के प्रति प्यार और विश्वास, केंद्र और राज्य की योजनाओं, मध्य प्रदेश के अभूतपूर्व विकास के कारण भाजपा को कहीं ज्यादा सीट मिलेंगी। पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा, मुझे मध्य प्रदेश के मतदाताओं पर भरोसा है।'' पार्टी के बागियों और निर्दलीय उम्मीदवारों (त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में) तक पहुंचने के बारे में एक सवाल के जवाब में, उन्होंने कहा कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं होगी। कांग्रेस ने एक पोस्टर भी जारी किया है। इसमें कमलनाथ दिख रहे हैं। पोस्टर में लिखा, जनता का देने साथ फिर आ रहे हैं कमलनाथ।

### छत्तीसगढ़ को लेकर किसने क्या कहा?

कांग्रेस के दावे और एग्जिट पोल पर बीजेपी उम्मीदवार विजय बघेल ने कहा कि हमारी सरकार बहुमत से बनेगी। बता दें कि तेलंगाना, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हुए चुनाव का परिणाम रविवार (3 दिसंबर) को आएगा। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है। वहीं तेलंगाना में बीआरएस तो मध्य प्रदेश में बीजेपी सत्ता पर काबिज है।

### मध्य प्रदेश में कांग्रेस 135 सीट जीतेगी: सुरजेवाला



कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने दावा किया कि उनकी पार्टी मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीट में से 135 से अधिक सीट पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने यहां एक बयान में कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक विशेष एजेंसी द्वारा कराए गए सर्वेक्षण (एग्जिट पोल) पर भरोसा कर रही है और दावा कर रही है कि जीत हासिल करेगी लेकिन यह एजेंसी अब खुद ही निष्कर्षों की सटीकता पर संदेह व्यक्त कर रही हैं।

### नड्डा ने चुनाव के नतीजों से पहले दतिया में पीतांबरा पीठ मंदिर में पूजा-अर्चना की

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे। पी। नड्डा ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश के दतिया जिले में प्रसिद्ध पीतांबरा पीठ में पूजा-अर्चना की और विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी की जीत के लिए आयोजित एक विशेष यज्ञ में भाग लिया। उनका यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब एक दिन पहले ज्यादातर एग्जिट पोल में मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा को बढ़त दिखाई गई है, जबकि तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को फायदा होने का अनुमान जताया गया है।

### राजस्थान को लेकर किसने क्या कहा?

बीजेपी नेता अनुराग ठाकुर ने कहा, जनता का इंतजार खत्म होगा। अराजकता और भ्रष्टाचार से छूट मिलेगी। राजस्थान को कांग्रेस की इस लूट वाली सरकार से अब मुक्ति मिलेगी। इस बीच राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने दौसा स्थित मेहंदीपुर बालाजी महाराज के दर्शन किए। वहीं कांग्रेस के सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि मुझे विश्वास है कि हमारी सरकार राजस्थान में बनेगी। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं कि क्योंकि मैंने राजस्थान में समय बिताया और जमीनी स्थिति जानता हूं। बीजेपी परिणाम आने के बाद अपने सारे बयान वापस लेगी। इस बीच कांग्रेस की अहम बैठक होनी है। इसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रात के नौ बजे सभी उम्मीदवारों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बात करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा लगता है कि सीएम केसीआर विधायकों को खरीदने और किसी भी तरह सरकार बनाने की कोशिश कर रहे हैं। खैर फिर से केसीआर खुद को पिछले दरवाजे से राजनीति करने वाले व्यक्ति के रूप में साबित कर रहे हैं। ऐसे में हम मांग करते हैं कि केसीआर इससे बचें। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि कांग्रेस सत्ता में आएगी। ये ही एक कारण है कि वाईएसआर तेलंगाना पार्टी ने चुनाव नहीं लड़ा। इस पर सीएम केसीआऱ की भारत राष्ट्र समिति के सांसद के केशव राव ने कहा कि एग्जिट पोल का कोई महत्व नहीं है। विश्वास है कि हम फिर से सत्ता में वापसी करेंगे।

### डीके शिवकुमार को मिला कांग्रेस का बड़ा जिम्मा

अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया है कि कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी के संकटमोचक रहे और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार को एक्टिव कर दिया है। खबर के मुताबिक, कांग्रेस ने तेलंगाना और राजस्?थान में में प्रतिद्वंद्वी दलों बीजेपी और बीआरएस की किसी भी संभावित खरीद-फरोख्त की कोशिश को रोकने के लिए डीके शिवकुमार को पार्टी विधायकों की बाड़बंदी का जिम्मा सौंपा है। अखबार के कर्नाटक कांग्रेस से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया है कि शिवकुमार और पार्टी की राज्य इकाई को कांग्रेस विधायकों को रखने के लिए 'कम से कम 2 से 3 रिसॉर्ट या होटल' तैयार रखने के लिए कहा है।

# भीषण सड़क हादसे में पांच की मौत

**गुरुद्वारा गुरु के ताल पर ट्रक ने ऑटो को रौंदा, मृतकों में महिला और बच्चा भी शामिल**

**ट्रांसपोर्ट नगर की ओर से आ रहा था ट्रक, दो ट्रकों के बीच फंसी आटो में बैठी सवारियां**



जन एक्सप्रेस। आगरा

आगरा में नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ। शनिवार को तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की सवारियों को निकलने का भी मौका नहीं मिला। इस हादसे में ऑटो में सवार 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक सवारी की हालत गंभीर है। मरने वालों में दो महिलाएं, दो पुरुष और एक 13 साल का बच्चा शामिल है। हादसा इतना भीषण था कि एक बच्चे का सिर धड़ से अलग हो गया। हादसे के बाद हाईवे में लंबा जाम लग गया। घटना के डेढ़ घंटे बाद आगरा-दिल्ली नेशनल हाईवे को पुलिस ने जाम को खाली करवाया। घटना गुरुद्वारा गुरु का ताल के सामने की है।

### दो ट्रकों के बीच में फंसा ऑटो

एक ऑटो 8 सवारियों को लेकर भगवान टॉकीज की तरफ से सिकंदरा की तरफ जा रहा था। यहां गुरुद्वारा गुरु का ताल पर कट है। ऑटो के आगे एक ट्रक चल रहा था। इसी बीच पीछे से एक ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। इससे ऑटो दो ट्रकों के बीच में फंस गया।

### महिला टीचर की मौत

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सवारियों के शवों के टुकड़े हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घायल को पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतक महिला मोनिका सेंट एंड्राइड स्कूल की टीचर हैं। वह स्कूल से पढ़ाकर घर लौट रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, घटना में एक टक्कर लगने के बाद दूर जाकर गिरा। हादसे के मंजर को देखकर वह डर कर भाग गया। इसके साथ ही ट्रक ड्राइवर ट्रक को छोड़कर भाग गया।

### मची चीख पुकार

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। ऑटो दो ट्रकों के बीच में बुरी तरह फंसकर क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग दब गए। जब चालक ने ट्रक को पीछे किया, तो ऑटो में सवार महिला सहित पांच लोगों की सांसें थम गईं थीं। एक महिला गंभीर घायल अवस्था में थी।

# विपक्ष से अपील-सदन चलने में सहयोग करें

**सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार, महुआ पर फैसला लोकसभा स्पीकर करेंगे**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सरकार ने कहा है कि वह सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है, बशर्ते विपक्ष सदन में अनुकूल माहौल सुनिश्चित करे और कार्यवाही को सुचारू ढंग से चलने दे। यह बात सत्र शुरू होने से एक दिन पहले हुई ऑल पार्टी मीटिंग के दौरान कही गई। यह बैठक मध्यप्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव परिणाम आने से ठीक पहले हुई। उधर, 17वीं लोकसभा का विंटर सेशन भी 4 दिसंबर से शुरू हो रहा है। 22 दिसंबर तक चलने वाले सत्र में 19 बिल और 2 फाइनेंशियल आइटम्स पर चर्चा होनी है। मीटिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के अलावा कांग्रेस सांसद जयराम रमेश, प्रमोद तिवारी, झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद महुआ माजी मौजूद रहे। विपक्षी नेताओं ने मीटिंग के दौरान क्रिमिनल लॉ के अंग्रेजी नामकरण की मांग, महंगाई, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और मणिपुर के मुद्दों को भी उठाया। मीटिंग खत्म होने के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है।

### 3 कानूनों में बदलाव और महुआ मोइत्रा पर एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट पर चर्चा

शीतकालीन सत्र के दौरान आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट बदलने वाले तीन महत्वपूर्ण बिल पास करने पर विचार किया जा सकता है। इसके अलावा एथिक्स कमेटी, जिसने तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ कैश-फॉर-क्वेरी आरोपों की जांच की थी, सेशन के पहले दिन अपनी रिपोर्ट रखेगी। 4 दिसंबर की लोकसभा एजेंडा लिस्टिंग के मुताबिक बीजेपी के सांसद विनोद कुमार सोनकर और अपराजिता सारंगी एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट लोकसभा स्पीकर के सामने रखेंगे।

## पांच साल में बिना खर्च रह गए 4.76 लाख करोड़ रुपये, सीएजी की रिपोर्ट में खुलासा

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। राज्य सरकार के अधीन 16 विभागों ने पांच साल में 4.76 लाख करोड़ रुपये खर्च ही नहीं किए। विधानसभा में पेश सीएजी रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है। खर्च न करने वालों में वित्त विभाग पहले और सबसे नीचे आवास विकास विभाग है। रिपोर्ट में कहा गया है कि किसी अनुदान के अंतर्गत सतत बचतों का मतलब है कि या तो योजनाओं और कार्यक्रमों पर काम नहीं किया गया अथवा धीमी गति से काम किया गया। इसके परिणामस्वरूप 16 विभाग पांच साल में 4.76 लाख करोड़ रुपये खर्च नहीं कर सके। वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 के बीच के ऑडिट में पाया गया कि बेहद महत्वपूर्ण विभागों ने धीमी गति से काम किया या फिर किया ही नहीं।

# यूपी सरकार ने मारुति सुजुकी के साथ किया एमओयू

**सीएम योगी ने 50 बसों, 38 इंटरसेप्टर वाहनों और 12 पब्लिसिटी वैन का फ्लैग ऑफ किया**

- हर पेट्रोल पंप पर ई-वाहनों के चार्जिंग की व्यवस्था होगी

जन एक्सप्रेस। पी.एस. शुक्ला



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के साथ शनिवार को एमओयू साइन किया है। सरकार ने मारुति सुजुकी के साथ 5 ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टिट्यूट के ऑटोमेशन और महिला ड्राइवर की ट्रेनिंग के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ एमओयू साइन किया है। इस मौके पर सीएम योगी ने आज 50 बसों, 38 इंटरसेप्टर वाहनों और 12 पब्लिसिटी वैन का फ्लैग ऑफ किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने 4100 इलेक्ट्रिक वाहन स्वामियों को अनुदान राशि भी ट्रांसफर की। फ्लैग ऑफ के बाद सीएम योगी ने कहा कि कार्यक्रम के लिए मैं परिवहन विभाग को बधाई देता हूं। प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए नीति बनाई है। हम इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी दे रहे हैं। इसके तहत 4 हजार 110 लोगों को सब्सिडी भी दी जा रही है। हर पेट्रोल पंप में इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग की भी व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए तैयारी की चल रही है।

### सीएम बोले, सड़क दुर्घटना में हो रही मौत बड़ी समस्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस समय सड़क दुर्घटना में हो रही मौत बड़ी समस्या बनी हुई है। हम लागातार इस संबंध में बैठक कर रहे हैं। ज्यादातर दुर्घटना ओवर स्पीडिंग के कारण होती हैं। इसलिए ओवर स्पीडिंग को रोकने के लिए 38 इंटरसेप्टर वाहन वाहन दिए गए है। इस गाड़ी में ब्रेथ एनालाइजर की भी व्यवस्था है।


## कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** यूपी में एक विधायक वाली बहुजन समाज पार्टी राजस्थान में सरकार बनाने के लिए सशर्त समर्थन देने की बना रही रणनीति

# राजस्थान में सरकार किसी की हो, मंत्री बसपा से जरूर होंगे!

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

- बसपा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने दिया है यह बयान
- भाजपा या कांग्रेस जो भी बसपा के विधायक को मंत्री बनाएगा, उसी दल को समर्थन देगी बसपा
- राजस्थान में विधानसभा चुनाव के नतीजे आज आने हैं

**लखनऊ।** मूल रूप से उत्तर प्रदेश में खास प्रभाव रखने वाली बहुजन समाज पार्टी का भले ही यूपी में एक विधायक हो, राजस्थान विधानसभा चुनाव में वह हर हाल में सत्ता में साझेदारी करने का दावा कर रही है। यानी अधिक सीट चाय भाजपा को मिले या कांग्रेस को, बसपा का फार्मूला है कि वह उसे दल का समर्थन करेगी जो उसके विधायकों को मंत्री पद नवाजेगा। बसपा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने कहा कि इस बार सरकार में विधायकों को मंत्री बनाने की शर्त के साथ भागीदारी होगी। ऐसे में बीजेपी या कांग्रेस में से किसी भी पार्टी के साथ बसपा जा सकती है।



राजस्थान में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने में महज एक दिन का समय बचा हुआ है। 3 दिसंबर को नतीजे आने हैं। राजस्थान की सरकार के तार यूपी से जुड़ रहे हैं। सत्ता में कोई भी आए बसपा मलाई काटने के लिए तैयार है। अब बड़ा सवाल है कि क्या गहलोत सरकर दोबारा सत्ता में लौटकर रिवाज को तोड़ेगी या बीजेपी को बहुमत मिलेगा। हालांकि, यह पता 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद ही होगा।

### भगवान सिंह बाबा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया

बसपा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष भगवान सिंह बाबा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें वह कह रहे हैं कि 3 दिसंबर को राजस्थान विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आना है। बसपा ने बड़ी मजबूती के साथ चुनाव लड़ा। जैसा कि दिखाई दे रहा है कि बसपा 18 से 20 सीटों पर मजबूत स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि बसपा सुप्रीमों मायावती ने कहा था कि दो बार 2008 और 2018 में बिना शर्त के कांग्रेस को समर्थन दिया। लेकिन कांग्रेस ने दोनों बार विधायकों को तोड़ने का काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि इस बार जो विधायक जीतकर आएंगे, उनका समर्थन किसी भी दल को बिना शर्त के नहीं देंगे। हम जीतने वाला विधायकों को मंत्री बनाएंगे। ऐसे में माना जा सकता है कि बसपा विधायक को मंत्री बनाने के शर्त पर किसी भी दल के साथ गठबंधन कर सकती है। चाहे बीजेपी हो या कांग्रेस।

### एग्जिट पोल की मानें तो राजस्थान में किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं

सट्टा बाजार के दावे और एग्जिट पोल की मानें तो इस बार राजस्थान में किसी भी दल को पूर्ण बहुमत मिलता हुआ नहीं दिखाई दे रहा है। ऐसे में तीसरे दल की दावेदारी बढ़ जाती है। इसी बीच बसपा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने एक बड़ा ऐलान दिया है।

### 5 एक्जिट पोल में भाजपा, 3 में कांग्रेस बना रही सरकार

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के नजीते को लेकर गुरुवार शाम 8 एग्जिट पोल आए। इन 8 एग्जिट पोल्स में 5 ने भाजपा के सत्ता में आने के संकेत दिए हैं। बाकी ने कांग्रेस की वापसी का दावा किया है।

# बालू माफिया के हमले से घायल सब्जी किसान की मौत

**केन नदी के टंकी घाट पर रेत में सब्जी लगाये था किसान**

जन एक्सप्रेस। बांदा

बालू माफियाओं के हमले से घायल सब्जी किसान की कानपुर में उपचार के दौरान शुक्रवार को मौत हो गयी। परिजन शव लेकर जिला अस्पताल आ गये। यहां पर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के क्योटरा पहाड़ तले निवासी चुनुबाद (50) पुत्र महेश्वरा केन नदी के टंकी घाट पर सब्जी की बारी लगाकर अपना और परिवार का भरण-पोषण करता था। बीती 1 नवम्बर की रात बालू माफिया गुर्गों के साथ मौके पर पहुंचा और सब्जी की बारी को तहस-नहस करने लगा। चुनुबाद ने जब इसका विरोध किया तो बालू माफिया और उसके गुर्गों ने कुल्हाड़ी और फावड़ा से मारकर मरणासन्न कर दिया था। हमलावरों के जाने के बाद मौके पर पहुंचे घर वालों ने चुनुबाद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद चुनुबाद को कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। कानपुर मे उपचार के दौरान शुक्रवार की रात को चुनुबाद ने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर जिला अस्पताल आये। यहां ने पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

रामबाबू ने बताया कि मृतक की पत्नी तिजिया ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को देते हुये चार लोगों को नामजद किया था। पुलिस ने इस मामले पर कोई कार्यवाही नही की। बताया कि मृतक अपने पीछे दो बेटा और बेटियां छोड़ गया है। इधर नगर कोतवाली प्रभारी अनूप दुबे का कहना है कि मामले की तहकीकात की जा रही है। सीओ सिटी ने बताया कि पुलिस की टीम गठित कर दी गयी है जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

### आरोपी पप्पू पर बीस हजार का ईनाम घोषित

बांदा। चुनुबाद को मारपीट की हत्या के आरोपी पप्पू विधायक पर पुलिस ने बीस हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। मालूम हो कि मृतक की पत्नी तिजिया ने पति के साथ मारपीट करने के मामले में फत्तू, पप्पू विधायक, छोटभइया और राकेश को नामजद किया था लेकिन अब चुनुबाद की मौत हो जाने के बाद पुलिस के मुताबिक मामला गैर इरादतन हत्या में तरमीम किया जायेगा।

### पुलिस ने अन्तर्जनपदीय गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में राजापुर पुलिस ने एक अन्तर्जनपदीय गांजा तस्कर को 4 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया। राजापुर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक मुकेश परिहार तथा उनकी टीम द्वारा राज निषाद पुत्र श्यामलाल निवासी बलिपुर रमसगरा थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर को 4 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह गांजा जनपद फतेहपुर के किशनपुर से लाया था। बरामदशुदा गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 5 हजार रुपये है।

# डीएम व एसपी ने सम्पूर्ण समाधन में सुनी फरियादियों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला की उपस्थिति में शनिवार को तहसील सभागार मऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील मऊ के जोरवारा हल्का के लेखपाल फूलचंद द्वारा चकरोड की माप न किए जाने की समस्या प्राप्त होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी मऊ को निर्देश दिए कि तत्काल इन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाए। जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र शासन की मंशा के अनुरूप निस्तारण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भो में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने निस्तारण रजिस्टर में गत संपूर्ण समाधान दिवस की समस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता की भी जांच की गई। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मऊ राकेश कुमार पाठक, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, पुलिस क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह, तहसीलदार मऊ विजय यादव, बंदोबस्त अधिकारी मनोहर लाल धर्मान, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, नायब तहसीलदार मऊ विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



जिलाधिकारी सी. इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील खागा के सभागार में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, कृषि, सिंचाई, प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास, विद्युत, दिव्यांग, निराश्रित महिला, वृद्धा पेंशन आदि विभागो से संबंधित कुल 219 प्रार्थना पत्र शिकायतकर्ताओं ने देकर न्याय की गुहार लगायी। प्रार्थना पत्रों को मौके पर जिलाधिकारी ने बड़े सहज भाव से सुना और जिसमे 06 प्रार्थना पत्रों का उपस्थित अधिकारियो द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया शेष 213 प्रार्थना पत्रों को गुणवत्तापूर्ण, समयसीमा के अंतर्गत निस्तारण करने के निर्देश संबन्धित अधिकारियो को दिया।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतो के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखा उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है उस समस्या के निस्तारण से शिकायतकर्ता को अवगत भी कराया जाय। ताकि फरियादी अपने समस्या के निस्तारण से संतुष्ट हो सके। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराया जाय। उन्होंने उपजिलाधिकारी तथा थाना प्रभारियों से कहा कि जो भूमि संबंधी मामले हैं उसमें राजस्व, चकबंदी तथा पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराये। उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी राजस्व मामले के निस्तारण में निगरानी बनाए रखे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पराली जलाने की घटनाओं को संवेदनशील होकर रोका जाय, संबंधित लेखपाल व बीट कांस्टेबल क्षेत्र में भ्रमण कर नागरिकों को पराली व सरपत, कूड़ा करकट न जलाने के लिए जागरूक करे साथ है यदि आवश्यकता हो तो नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही भी करे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार सदर, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक सहित जिला स्तरीय सभी विभागो के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

### पीआरडी जवानों ने सीएम को ज्ञापन भेजकर कहा, किया जाये नियमित

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** प्रांतीय रक्षक दल के जवानों ने शनिवार को नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम 6 सूत्रीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा कि पीआरडी जवानों की ड्यूटी के समय से 2 दिन पूर्व 29 व 30 को आदेश बनाकर पीआरडी जवानों को आदेश की कॉपी उपलब्ध हो जाए ताकि महीने की पहली तारीख को प्रार्थी अपनी ड्यूटी स्थल में आमद करा सके। अब तक प्रशिक्षित सभी पीआरडी महिला जवानों की ड्यूटी में प्राथमिकता दिया जाए। यदि कहीं पर किसी पीआरडी जवान की ड्यूटी नहीं लगती है तो समय से पूर्व जरिए टेलीफोन या नजदीकी थाने में सूचना या आदेश की कॉपी मिल जाता कि अनावश्यक भाग दौड़ से बच्चे समस्त पीआरडी जवानों के ड्यूटी ब्लॉक स्तर पर लगाई जाए ताकि आने-जाने में दिक्कत न उठाना पड़े। पीआरडी जवानों को नियमित किया जाए, क्योंकि पीआरडी जवान प्रशिक्षित हुआ अपने कार्य में दक्ष होते हैं।

# डीएम ने किया विकास कार्यो एवं बैनामों का स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने शनिवार को नीति आयोग द्वारा शहर के राजर्षि पुरुषोत्तम टंडन पूर्व माध्यमिक विद्यालय पुरानी बाजार, इस्लामिया विद्यालय तरौहा एवं कंपोजिट विद्यालय तरौहा में कराए जा रहे विद्यालयों के सौन्दरीकरण के कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियंता आवास विकास को निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में टाइल्स, रंगाई पुताई, प्रकाश व्यवस्था, रैंप, रेलिंग, बाउंड्री आदि के कार्यों को तेजी से कराया जाए। उन्होंने राजर्षि पुरुषोत्तम टंडन पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बाहर अतिक्रमण को तत्काल हटाए जाने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को दिए। कंपोजिट विद्यालय तरौहा के निरीक्षण के दौरान कहा कि यहां का कैंम्पस काफी बड़ा है, यहां पर आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए भी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। इस मौके पर अधिशासी अभियंता आवास विकास विकास कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, अवर अभियंता आवास विकास अनूप कुमार आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने शनिवार को तहसील मऊ के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोल मजरा में माह अक्टूबर 2023 में पंजीकृत विलेखों में से सबसे बड़ी मालियत के दो विलेखों का स्थलीय सत्यापन किया। उन्होंने क्रेता सरोज सिंह एवं विक्रेता जनार्दन पांडेय व विद्या शंकर पांडेय के लेख पत्र का मौके पर निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने उपनिबंधक मऊ अमित कुमार श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि विलेखों के बैनामा में जो स्टांप लगाया गया है, उसका परीक्षण कर लें, अगर कोई कमी हो तो सम्बन्धित पर कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मऊ राकेश कुमार पाठक, नायब तहसीलदार विवेक कुमार, उप निबंधक मऊ अमित कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्वन मिशन के अंतर्गत, विकासखंड मऊ के अंतर्गत पर्यटन विकास सुविधा केन्द्र व रुर्वन उद्यमिता प्रशिक्षण विकास केन्द्र मऊ का निरीक्षण जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने किया। उन्होंने कहा कि बिजली कनेक्शन के लिए अप्लाई जल्द से जल्द कराएं। कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि पर्यटन सुविधा केन्द्र को जल्द से जल्द इस महीने पूरा कराएं।

इसके बाद उन्होंने रूर्वन उद्यमिता प्रशिक्षण विकास केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप व समय सीमा के अंदर इसे जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। उपायुक्त एनआरएलएम ओपी मिश्रा, खंड विकास अधिकारी राम जी मिश्रा, प्रोजेक्ट मैनेजर श्रीराम फल आदि मौजूद रहे।

### मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर राजस्व कर्मियों ने निकाली बाइक रैली

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत तहसील परिषद बांदा से समस्त राजस्व कर्मियों ने उपजिलाधिकारी सदर रजत वर्मा के नेतृत्व में विशाल बाइक रैली निकाली। शनिवार को निकाली गई बाईक रैली में राजस्व कर्मी द्वारा अपने हांथों में निर्वाचन सम्बन्धी स्लोगन की तख्तियों में लिखे मतदाता सूची में नाम बढाये जैसे तख्तियां लेकर पं0 जेएन डिग्री कालेज, पीजी कालेज, कालूकुआं चैराहा, बाबूलाल चैराहा, बलखण्डीनाका, छावनी चैराहा से होते हुये तहसील परिसर पर समाप्त की गयी। बाइक रैली में प्रशिक्षु उपजिलाधिकारी निधि पटेल, तहसील सदर राधेश्याम सिंह, नायब तहसीलदार तिन्दवारी धनंजय व मदनमोहन खरे, बालकृष्ण शिवहरे सहित तमाम कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# समान काम समान बेतन का नारा देकर शिक्षामित्रो ने दिया धरना

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर




वेतन वृद्धि समेत मांगो व समस्याओं को लेकर शिक्षामित्रों ने धरना देकर अपनी आवाज बुलंद किया। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजकर शिक्षामित्रों ने अपने हितों में आवश्यक निर्णय लिये जाने की मांग किया। आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर की अगुवाई में शिक्षामित्रों ने नहर कालोनी स्थित धरना दिया। धरने के पश्चात शिक्षामित्रों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भेजकर गुहार लगाई। पीएम को भेजे ज्ञापन में बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में विगत 23 वर्षो से शिक्षामित्र कार्यरत हैं। जुलाई 2017 में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद से एक लाख पचास हजार शिक्षामित्रों व उनके परिवार के सामने भरण पोषण की समस्याएं खड़ी हो गयी हैं। मानसिक समस्याओं के चलते अब तक हजारों शिक्षामित्रों की मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने शिक्षामित्रों के लिये नियमावली बनाये जाने, शिक्षामित्रों के मामले में भी समान कार्यों के समान वेतन वाला सिद्धांत लागू किये जाने, मूल विद्यालयों में वापसी, महिलाओं को उनकी ससुराल में तैनाती दिये जाने एवं मृतक शिक्षामित्रों के आश्रितों को सरकारी नौकरी या मुआवजा दिये जाने जैसी मांगे शामिल रही। इस मौके पर गजेन्द्र सिंह, अमरीश कुमार, राम बहादुर, सोहनलाल, मान सिंह, सुधा सिंह, ममता सरोज, ओम शंकर आदि रहे।

### शासन की मंसानुसार पंचायत भवनो से नही मिल रही सुविधाये

जन एक्सप्रेस/खागा, फतेहपुर। शासन की तमाम योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा ग्रामीणों को घर के नजदीक ही आनलाइन सुविधा दिलाने के लिए पंचायत भवनों को हाईटेक किया गया। विजयीपुर क्षेत्र में अधिकांश ग्राम पंचायतों को इसकी सौगात मिली। ग्रामीणों को लाखों खर्च करके बनवाए गए पंचायत घरों की सुविधा नहीं मिल पा रही है। कई पंचायत भवनों को अभी तक हाईटेक नहीं किया जा सका है। विजईपुर विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत महावतपुर असहट में लाखों रुपये खर्च करके पंचायत भवन की इमारत का निर्माण करा दिया गया। उसे सुविधाओं से संतृप्त करने का काम अधूरा पड़ा है। पंचायत भवन में बिजली, पानी समेत कई सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। जिसकी वजह से इसका उपयोग जनहित में नहीं हो रहा है। पंचायत भवन की आईडी और कोड जनरेट न होने से पंचायत सहायक भी विभागीय कामकाज नहीं कर पा रहे हैं।

# आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी करेगी भाजपा का सफाया: शिवशंकर सिंह यादव

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की अध्यक्षता में शनिवार को पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लेने एवं अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़ने के विषय में चर्चा की गई। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने किया। जिला महासचिव सत्य नारायण पटेल ने कहा कि सभी लोग अधिक से अधिक मतदाता जोड़ने का काम करें। जिससे आने वाले चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को जिताने में मदद मिल सके। लोहिया वाहनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्भय सिंह पटेल ने बताया कि आज की मौजूदा भाजपाई सरकार से प्रदेश और देश की जनता त्रस्त है। आवारा सांड सड़कों पर यमराज बनकर घूम रहे हैं, हर दिन सड़को पर लोगों की जान जा रही है, व्यापार चैपट है। जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने सभी कार्यकर्ताओं से अनुशासन में रहकर पार्टी नीतियों को घर घर पहुंचने का आह्वाहन किया। उन्होंने बताया कि हमारे कार्यकर्ता हर बूथ पर पहुंचकर अपने वोटरों के नाम जोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस समय बुवाई का सीजन चल रहा है। किसान खाद के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। सरकार किसानों की आमदनी दुगुनी करने का वादा करके सत्ता में आई थी, लेकिन किसान को आज खद के लिए रात भर लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर खेत में आवारा पशु फसल को चैपट किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल रिफर सेंटर बना हुआ है। इलाज के नाम पर जिला अस्पताल में अवैध धन उगाही की शिकायतें रोज प्राप्त हो रही हैं। इस अवसर पर राधेश्याम निषाद, आलोक सिंह चैहान, सत्यम यादव, लवकुश अग्रहरि, विजय गौतम, चंचल सिंह पटेल, फूलचंद्र यादव, जागेश्वर यादव, लवलेश यादव, रमा यादव, मानिकपुर के विधान सभा अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव, राजा बाबू यादव, जिला उपाध्यक्ष मो.गुलाब खान, वरिष्ठ नेता हरी प्रसाद यादव ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह यादव, सीताराम कश्यप, सियाराम गुप्ता, फूलचंद्र यादव, गीपीचंद्र यादव, उमाकांत यादव, जागेश्वर यादव, संदीप यादव, संतोष कोटर्य, सालिकराम कुशवाहा, सुभाष पटेल, राजा यादव, बब्लूेश यादव, सुरेंद्र सिंह खंगार, कमल

# संस्कृत विद्यालयों के भवनों की मरम्मत के लिए आर्थिक मदद देगी सरकार: शिक्षा मंत्री

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने शनिवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ डाक बंगाल में मंडलीय समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने संयुक्त शिक्षा निदेशक से कहा कि मानक के विपरीत एक भी परीक्षा केन्द्र नहीं बनना चाहिए। यदि बोर्ड परीक्षा में कहीं भी नकल की शिकायत मिली तो कोई बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भी नकल विहीन हाईस्कूल व इण्टर की बोर्ड परीक्षा कराने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। पूरे प्रदेश में नकल विहीन परीक्षा कराई जाएगी और गत वर्ष की भांति समय से कापियों का मूल्यांकन और परीक्षा फल भी घोषित किया जाएगा। किसी भी दबाव में मानक की विपरीत परीक्षा केन्द्र नहीं होना चाहिए अन्यथा सम्बन्धित जिले के डीआईओएस जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के परीक्षा केन्द्र स्वकेन्द्र में ही बनाए जाएं। उन्होंने आईजीआरएस, मानव संपदा पोर्टल, प्रवीण योजना, प्रोजेक्ट अलंकार योजना और माध्यमिक विद्यालयों के निर्माण सम्बन्धी कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आइजीआरएस पोर्टल में जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही है, उन्हें मानक के अनुसार निस्तारित किया जाना चाहिए।

उन्होंने मानव संपदा पोर्टल के बारे में कहा कि सरकार की ओर से यह अभिनव व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने प्रोजेक्ट अलंकार योजना में बताया कि जितने भी संस्कृत विद्यालय हैं, शासकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय हैं, उनके जर्जर भवनों की मरम्मत के लिए सरकार आर्थिक मदद देगी। संस्कृत विद्यालयों के लिए 95 प्रतिशत सरकार अनुदान देगी और पांच प्रतिशत प्रबंध समिति को देना होगा। उन्होंने बताया कि जो पहले से व्यावसायिक शिक्षा चल रही है, नई शिक्षा नीति में उसे और प्रभावी बनाया जाएगा। इसके पूर्व शिक्षक प्रतिनिधियों ने शिक्षक समस्याओं से सम्बन्धित ज्ञापन माध्यमिक शिक्षा मंत्री को दिया।

जिस पर उन्होंने कहा कि शिक्षक समस्याओं के लिए सरकार संकल्पित है, बहुत जल्द व्यावसायिक शिक्षकों के मानदेय में वृद्धि होने जा रही है।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, तीरथ तिवारी, सुरेश अनुरागी, बाबूलाल पटेल, बांदा जिला विद्यालय निरीक्षक विजयपाल सिंह, महोबा गिरधारी लाल कोली, हमीरपुर के के ओझा, सीआईसी प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान, डॉ राजीव पाठक, धर्मेंद्र सिंह, रुद्रनारायण पांडेय, माध्यमिक व्यावसायिक शिक्षक संघ के शंकर प्रसाद यादव, कंप्यूटर शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव, आलोक सिंह, सुधाकर सिंह, प्रधान लिपिक प्रदीप पांडेय आदि मौजूद रहे।

### फांसी लगाकर दो ने की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** अलग-अलग दो स्थानों पर दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फतेहगंज थाना क्षेत्र के बरछा-डलिया गांव के मजरा रामदास पुरवा निवासी सोनपाल (30) पुत्र मुंजू कहार ने शुक्रवार की रात को कमरे के अंदर साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर के बाद परिजनों ने देखा तो कोहराम मच गया। पत्नी सीता ने शोर मचाया तो पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गये। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के चाचा राजू ने बताया कि सोनपाल आगरा में रहकर काम करता था। तकरीबन एक माह पूर्व वो आगरा से वापस अपने घर आया। आत्महत्या का कारण परिवार के लोग स्पष्ट नही कर सके। मृतक की पांच माह पूर्व शादी हुई थी। इसी तरह पैलानी थाना क्षेत्र के पड़ेरी गांव निवासी जमुना प्रसाद (52) पुत्र शिवबालक ने शु2वार की रात को कमरे के अंदर बेल्ट से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

**पीड़ित परिवार को दिया जाये एक करोड मुआवजा और नौकरी**

# जेडीयू ने हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने की उठाई मांग

जन एक्सप्रेस। बांदा



बालू माफियाओं द्वारा किसान के साथ विगत दिनों की गयी मारपीट पर किसान की उपचार के दौरान मौत हो गयी। पीडित परिवार से जनता दल यूनाइटेड महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा व श्रमिक प्रकोष्ठ के रवीन्द्र कुमार ने मुलाकात की। पीडित परिवार को लेकर जेडीयू ने सीओ सिटी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा कि किसान चुनूबाद के साथ 1 नवंबर को सुबह 5:00 बजे पप्पू विधायक पुत्तू लाल ,राकेश ,छोटे भैया व अन्य चार से पांच लोगों ने एकराय होकर जान से मारने की नीयत से मारपीट का लहलुहान कर दिया था। जिसकी रिपोर्ट थाना कोतवाली नगर में मुकदमा संख्या 862 /2023 धारा 147 ,148, 149 ,307 323 ,304 ,506 ,427 ता 0 हि0 में दर्ज कराई थी तथा इलाज के दौरान 1 दिसंबर को प्रार्थिया के पति चुनबाद की मृत्यु उक्त घटना की मारपीट से आई चोटों के कारण कानपुर में मृत्यु हो गई। ज्ञापन में कहा कि प्रकरण के विवेचनाधिकारी ने आज तक न तो मुलजिमानों को गिरफ्तार नही किया और न ही उनके विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई की है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रकरण के विवेचक मुल्जमानो से मिले हुए है जिस वजह से आज तक किसी भी प्रकार की कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की। उक्त प्रकरण में धारा तरमीम करते हुए अभिलंब मुलजिमानो की गिरफ्तारी करते हुए कानूनी कार्रवाई किया जाना न्यायउचित होगा। प्रकरण में विवेचनाधिकारी से विवेचना स्थानांतरित करते हुए किसी सक्षम विवेचनाधिकारी से विवेचना कराया जाना न्याय उचित होगा। वर्तमान समय में मृतक चुनुबाद शव जिला अस्पताल के मर्चरी में पंचायतनामा कराकर मेडिकल कॉलेज में पीएम के लिए भेज दिया। पीड़ित पत्नी ने सीओ सिटी से निवेदन किया है कि जल्द से जल्द हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए और मुझे मेरे बच्चों को न्याय दिया जाए मैं बहुत गरीब हूं और मेरे का बच्चों का पालन पोषण कैसे होगा। पीडितों के साथ पहुंची जेडियू की प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा शालिनी पटेल यूपी सरकार पर जमकर हमला बोला बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बड़ी-बड़ी बातें करती है कि उत्तर प्रदेश में माफियाओं का राज खत्म हो गया है वही आए दिन माफियाओं का आतंक देखने को मिलता है। बालू माफिया का आतंक इतना बढ़ गया कि आए दिन किसानों मजदूरों की जान लेते हैं और उत्तर प्रदेश की सोई हुई सरकार संज्ञान नहीं ले रही है। अगर जल्द ही इन गुंडों पर कार्रवाई नहीं हुई तो जनता दल यूनाइटेड के सिपाही जल्द ही सड़कों पर उतरने का काम करेंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन एवं उत्तर प्रदेश सरकार की होगी।

पीड़ित परिवार ने एक करोड़ मुआवजे की भी मांग की और एक सदस्य को नौकरी जिससे पीड़ित परिवार अपना भरण पोषण कर सके।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | रविवार | 03 दिसंबर 2023




**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 26.8 (+1.4)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 15.0 (+2.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 94 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 63 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.0 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# इरफान और रिजवान की लोकेशन और सी.डी.आर. को सुरक्षित करने के कोर्ट ने दिए निर्देश

- गवाह अकील अहमद खान, नसीम आरिफ, कनीज जेहरा की लोकेशन और सीडीआर सुरक्षित कराने से किया इंकार
- पूर्व में अधिवक्ता रहे गौरव दीक्षित पहले ही विधायक इरफान और रिजवान की लोकेशन और सीडीआर को सुरक्षित कराए जाने का आदेश करवा चुके थे कोर्ट से पारित

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर

कानपुर नगर। शहर के सबसे चर्चित अग्निकांड मामले में बीते दिन एमपी एमएलए कोर्ट ए.डी.जे. ग्यारह ने सुनवाई करते हुए बहुत ज्यादा बड़ी राहत सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी को नहीं दी है, जिस मामले में राहत मिली है वह तो पहले से ही कोर्ट में सुरक्षित था, फिलहाल अब अग्निकांड मामले की अगली सुनवाई आगामी 7 दिसंबर को होनी है।



ज्ञातव्य हो कि वर्ष 2022 में बेवा नजीर फातिमा द्वारा कोतवाली जाजमऊ में सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके गैंग के सदस्यों के विरुद्ध दर्ज कराए गए अग्निकांड मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में चल रही है, एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे ग्यारह में सुनवाई चली है अभियोजन की ओर से सारी गवाहियां पूरी होने के बाद सीआरपीसी की धारा 313 के अंतर्गत सपा विधायक इरफान सोलंकी के बयान मुलजिम हो जाने के बाद रिजवान सोलंकी ने 482 के अंतर्गत याचिका हाईकोर्ट इलाहाबाद में दाखिल की थी, जिस पर रिजवान ने हाई कोर्ट से गुहार लगाते हुए याचना की थी कि अग्निकांड मामले में वादिनी मुकदमा नजीर फातिमा के हस्ताक्षरों की फोरेंसिक से जांच कराई जाए साथ ही साथ विधायक इरफान रिजवान समेत आधा दर्जन और आरोपियों की कॉल डिटेल सीडीआर पुलिस से कोर्ट में मंगाकर सुनवाई में शामिल की जाए, हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान नजीर फातिमा की ओर से विद्वान अधिवक्ता अनुज कुमार मिश्रा ने न्यायमूर्ति को सारे तथ्य बताते हुए अपना विरोध दर्ज कराया था, दोनों पक्षों को सुनने के बाद आदेश दिया गया था कि ट्रायल कोर्ट 126 ग के प्रार्थना पत्र पर पुनः इरफान और रिजवान की सुनवाई कर ले, हाई कोर्ट के द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में बचाव पक्ष के विद्वान अधिवक्ता सईद नकवी के द्वारा प्रार्थना पत्र दाख़िल करते हुए ट्रायल कोर्ट से याचना की गई थी कि विधायक इरफान और उसके भाई रिजवान समेत अन्य आरोपियों की कॉल डिटेल निकाले जाने के साथ-साथ अभियोजन पक्ष के सरकारी गवाह अकील अहमद खान, नसीम आरिफ, और कनीज जेहरा की भी टॉवर लोकेशन सीडीआर पुलिस को कोर्ट के सामने केस की सुनवाई में शामिल करने के लिए आदेशित किया जाय, इस मामले में अभियोजन की ओर से एडीजीसी भास्कर मिश्र द्वारा जमकर बचाव पक्ष के प्रार्थना पत्र का विरोध किया गया था और कहा गया था कि खुद बचाव पक्ष के गवाहों ने यह स्पष्ट किया है कि घटना के समय जानबूझकर इरफान और रिजवान सभी अपने मोबाइल कहीं और रख करके आए थे उन्होंने दूसरों के मोबाइल को इस्तेमाल किया था, बीते दिन शनिवार को इरफान की जनपद महाराजगंज से वीसी माध्यम से पेशी हुई और कानपुर जेल में निरूद्ध रिजवान समेत चार अन्य की भी पेशी वीसी के माध्यम से हुई, और फिर उसके बाद कोर्ट ने यह निर्णय दिया है कि 126 ग के अंतर्गत सिर्फ रिजवान और इरफान की सीडीआर को सुरक्षित किया जाय।



### इरफान और रिजवान की सीडीआर लोकेशन अधिवक्ता गौरव दीक्षित पहले ही करवा चुके थे सुरक्षित



आपको बताते चलें कि पूर्व में जब विधायक इरफान सोलंकी और रिजवान जेल भेजे गए थे उसके बाद लगातार इरफान के खिलाफ़ शिकायतें मुकदमा दर्ज किए जाने के लिए पीड़ितों द्वारा कानपुर के पुलिस विभाग में दी गई थी, उस वक्त इरफान और रिजवान समेत सबका सुरक्षा कवच बनकर उनके अधिवक्ता के रूप में उस वक्त विद्वान अधिवक्ता गौरव दीक्षित ने मोर्चा संभाला था, इरफान सोलंकी और रिज़वान की सीडीआर और लोकेशन को सुरक्षित किए जाने के लिए 15/02/23 को अधिवक्ता गौरव दीक्षित द्वारा एमपीएमएलए कोर्ट में प्रार्थना पत्र 7ख दाख़िल किया गया था उसी पत्र पर न्यायालय एडीजे 11 द्वारा इरफ़ान और रिज़वान की सीडीआर और लोकेशन को सुरक्षित रखने के आदेश के अनुपालन में सीडीआर और लोकेशन बीते दिन न्यायालय ने मंगवाने के आदेश दिए हैं। ऐसे में जनता के बीच चर्चा यह रही कि यह सब करके विधायक के भाई रिजवान को क्या मिला यह तो पहले से ही कोर्ट में मौजूद था।

## ड्रोन द्वारा रासायनिक उर्वरकों का प्रदर्शन एवं छिड़काव




जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छेरत स्थित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा शनिवार को कृषकों के प्रक्षेत्र पर ड्रोन द्वारा रासायनिक उर्वरकों का प्रदर्शन एवं छिड़काव किया गया।

ड्रोन के माध्यम से नैनों यूरिया, डीएपी तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों का छिड़काव पर प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन का आयोजन इफको के सहयोग से कराया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय के विज्ञान वर्ग के इंटरमीडिएट के 75 छात्र एवं छात्राएं तथा 25 कृषक मौजूद रहे। इस अवसर पर केंद्र के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव, वैज्ञानिक डॉ.अशरफ़ अली ख़ान, डॉ.नेत्रपाल मलिक, डॉ.अतहर हुसैन वारसी, डॉ.सुधीर रावत व डॉ.धर्मेंद्र यादव मौजूद रहे।

## दासानिवादा गांव में अराजक तत्वों ने तालाब में डाली कीटनाशक दवा, मछलियों की मौत

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर शिवराजपुर क्षेत्र के राधन गांव निवासी दिनेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया दसानीवादा गांव में मत्स्य पालन के लिए तालाब का पट्टा कराकर मत्स्य पालन करता है शनिवार की सुबह जब वह तालाब पर पहुंचा तो तालाब में सैकड़ों की संख्या में मृत मछलियां उतराती देख किसान मूर्छा खाकर तालाब किनारे गिर पड़ा था पुलिस से शिकायत में बताया की गांव निवासी नेता व राजोल दोनो युवक कई दिनों से दोपहर और रात में नशे की हालत में आकर मछलियां पकड़ ले जाते थे कई दिनों से इन लोगो को मछलियां नही दी गई जिसके कारण दोनो युवकों के द्वारा तालाब में जहरीला पदार्थ डालने से मछलियों की मौत हो गई।

थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश जादौन ने बताया की तहरीर मिली है जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा

## भारतीय इतिहास में आर्थिक दृष्टिकोण: कृषि, पशुपालन एवं वाणिज्य विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली एवं दीन दयाल शोध केंद्र, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को भारतीय इतिहास में आर्थिक दृष्टिकोणः कृषि, पशुपालन एवं वाणिज्य विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षामंत्री डॉ.योगेंद्र उपाध्याय ने भारतीय कृषि संस्कृति को अवगत कराते हुये विभिन्न महापुरुषों के द्वारा किये गये कार्यों व इतिहास के विषय में बताने के साथ ही भारतीय सांस्कृतिक क्षेत्रों में किये जा रहे अनुसंधानों की भी चर्चा की। उन्होंने वनस्पतियों के महत्व को बताते हुये पीपल, नीम,आवंला एवं तुलसी को हिन्दू धर्म से जोड़कर इसके संवर्धन एवं संरक्षण को करने की बात कही। प्रति कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी




ने कृषि के क्षेत्र में क्रमिक रूप से परंपरागत एवं आधुनिक विकास को विज्ञान से जोड़कर इसके महत्व को स्पष्ट किया। अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति प्रो.रजनीश शुक्ला ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वेदों एवं चाणक्य नीति के अंतर्गत नगरीय एवं ग्रामीण सभ्यताओं के क्रमिक विकास पर बल दिया। हिमाचल केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.सत्यप्रकाश बंसल ने कहा कि भारतीय इतिहास काल में जीडीपी के क्रमिक, तुलनात्मक विकास को दृष्टिपात करते हुऐ विभिन्न राष्ट्रों में इसके महत्व को स्पष्ट किया। इस अवसर पर आरएसएस के प्रांत प्रचारक श्रीराम, सह प्रान्त प्रचारक रमेश, सह प्रान्त कार्यवाह भावनी, देशभर से आये 250 से ज्यादा प्रतिनिधि एवं सैकड़ों इतिहासकार मौजूद रहे।

## व्यापारी को मारने-पीटने के बाद लूट ली चेन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश ज्वेलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बीते दिन थाना कलेक्टरगंज इकट्ठा हुए जिसमें अमन सिंह के साथ जो घटना हुई है उसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों से मिले और बताया कि अमन सिंह के साथ मारपीट हुई है दुकान से बुलाकर उसकी चेन छीन ली गई है विरोध किया तो पवन वर्मा(पुत्र सुबोध वर्मा धोबी मोहाल) नामक व्यक्ति द्वारा जमकर मारपीट की गई, इस दौरान व्यापारियों थानाध्यक्ष सच्चिदानंद ने आश्वासन दिया कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वर्मा प्रदेश महामंत्री पुष्पेंद्र जयसवाल प्रदेश चेयरमैन किशोर सक्सेना प्रदेश महामंत्री बॉबी वर्मा पुरुषोत्तम वर्मा लाले वर्मा राकेश वर्मा संतोष सिंह दीपक वर्मा उधम सिंह विकास पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक कर यात्रा की बनाई भूमिका

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने शनिवार को जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक कर यात्रा सम्बन्धी कार्ययोजना बनाई। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को किसान, मजदूर, गरीब, दुर्बल, असहाय, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति सहित आम जनता तक पहुंच कर योजनाओं के प्रति जागरूकता एवं जन भागीदारी बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान स्वास्थ्य शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक व सरकारी योजनाओं का पंजीकरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



वहीं यात्रा को सफल और प्रभावी बनाने के लिए सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष/ सदस्य, महापौर, ब्लॉक प्रमुख, पार्षद सहित सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ पूरे समय मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि संकल्प यात्रा के दौरान एलईडी वैन भी आगे आगे चलेंगीं जिसे प्रमुख चौराहों, मंदिरों, प्रमुख बाजारों में खड़ा कर केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों वाले वीडियो प्रसारित किए जायेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिला संयोजक के साथ पांच सह संयोजक और चार सदस्यीय मॉनिटरिंग टीम को यात्रा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंडल स्तर पर भी पन्द्रह सदस्यीय टीम का गठन किया गया है, जिसमे सभी मोर्चों के प्रभावशाली कार्यकताओं को भी शामिल किया गया है। जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि ज्ञानू मिश्रा को संयोजक और राम बहादुर यादव, प्रबोध मिश्रा, जसविंदर सिंह, अर्जुन बेरिया, राजन चौहान, वन्दना गुप्ता, विनय मिश्रा, शिवम् मिश्रा, विजय अवस्थी को सहसंयोजक बना कर यात्रा की जिम्मेदारी दी गई है।

### एलईडी वैन के माध्यम से दी जाएगी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

शिवराम सिंह ने बताया कि एलईडी वैन के माध्यम से पीएम उज्जवला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, समस्त पेंशन योजना और जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।यात्रा में प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्री सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता भी शामिल हो सकते हैं।

## मकनपुर उर्स मेले में ईशन नदी में स्नान करते वक्त युवक की डूब कर मौत

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील ही नहीं भारत के कोने-कोने में प्रसिद्ध ऐतिहासिक कस्बा मकनपुर में उर्स का मेला प्रतिवर्ष की भांति तीन दिवसीय 30 नवंबर से 2 दिसंबर चालू था शनिवार को स्नान करते वक्त फिरोजाबाद जिले के रामगढ़ निवासी शमशाद अली का बेटा अमन 22 वर्षीय का स्नान करते वक्त पैर फिसल जाने से उसकी ईसन नदी में डूब कर मौत हो गई वहां पर स्नान करें अन्य साथियों ने दौड़कर बाहर निकाला और मुंह से पानी आदि निकालने के बाद में पुलिस को सूचित कर सामुदायिक शासकीय बिल्हौर में भर्ती कराया जहां पर



डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया अरौल थानाध्यक्ष प्रेमचंद कनौजिया ने बताया कि पुलिस स्नान करने वाले स्थान पर ड्यूटी पर लगी हुई थी लेकिन यह काफी दूर जाकर दो-तीन लड़के कुछ कर रहे थे उसी में एक लड़के की डूबने से मौत हो गई है परिजनों को सूचित कर दिया गया है प्रार्थना पत्र के आधार पर अन्य कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने मनाया काला दिवस

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। पेंशन रोके जाने, नगर बसों में नि:शुक्ल यात्रा समाप्त करने, नौकरी, रोजगार की समुचित व्यवस्था न करने तथा नि:शुल्क ईलाज के लिए आयुष्मान कार्ड व अन्त्योदय कार्ड न बनाने का विरोध करते हुए विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय विकलांग पार्टी द्वारा धरना देकर काला दिवस मनाया गया। धरने के दौरान पार्टी के महासचिव वीरेन्द्रकुमार द्वारा कहा गया कि सरकार दिव्यांगजनों के अधिकारों को समाप्त करने की साजिश कर रही है। सरकार को चाहिए कि वो विश्व दिव्यांग दिवस पर व्यिांगजनों को नौकरी, रोजगार तथा सामाजिक सुरक्षा की सौ प्रतिशत गारन्टी दे, लेकिन सरकार दिव्यांगजनों को केवल वोट बैंक के रूप में उपयोग करना चाहती है। दिव्यांगजनों को राजनैतिक भागीदारी के साथ ही उन्हे उनका अधिकारी नही मिल रहा है। धरे में अल्पना कुमार, राहुल कुमार, अशोक कुमार, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, गौरव कुमार, अर्जुन कुमार, जितेन्द्र गुप्ता, दिलीप, अशीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

## पांच दिन से लापता युवक का मिला शव, हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस | अंकित चौधरी

कानपुर नगर। बीते दिन शनिवार को अरमापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरकारी क्वार्टर में फंदे से लटकता हुआ प्राइवेटकर्मी का शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया, सूचना पर पंहुची पुलिस ने खाली पड़े आवास में शव को फंदे से उतारा इसके साथ ही मृतक के परिवार वालों को सूचना दी। साथ पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस टीम को मौके पर कोई सुसाइड नोट आदि नहीं मिला है। मिली जानकारी के अनुसार रावतपुर के कैलाश नगर निवासी राजेश कुशवाहा(50) फजलगंज स्थित लेदर फैक्ट्री में काम करता था।



परिवार में पत्नी सीमा, दो बेटे वीनस व विकास है, बड़े बेटे वीनस ने बताया कि बीती 28 नवंबर को दोपहर करीब दो बजे पिता राजेश जरूरी काम से जाने की बात कह कर घर से निकले थे जो वापस नहीं लौटे देर रात रावतपुर थाने पहुंकर बड़े बेटे वीनस ने पिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना रावतपुर में दर्ज कराई थी। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट पर राजेश की तलाश शुरू कर दी थी। इधर शनिवार दोपहर अरमापुर स्टेट के खाली पड़े जी1/352 सरकारी क्वार्टर के पास कूड़ा बीन रहे युवक को राजेश का शव रस्सी के सहारे पंखे के कुंडे से फंदे से लटकता मिला। सूचना पर अरमापुर के साथ पहुंची रावतपुर थाने की पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। वहीं लोग हत्या की आशंका भी जता रहे हैं।

## मिशन रोजगार योजना के तहत 12460 शिक्षक भर्ती में उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी चयन प्रक्रिया में देरी

जन एक्सप्रेस | विनीत सिन्हा

**लखनऊ/कानपुर नगर।** मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा 2016 में 12460 शिक्षकों को लेकर भर्ती को लेकर विज्ञापन निकाला गया था। इस मामले में 16 मार्च 2017 को पहली कार्उंसिलिंग हुई थी, लेकिन इसी बीच सरकार बदल गई और फिर इस विज्ञापन के मामले में नई सरकार ने समीक्षा करने के नाम पर 23 मार्च 2017 को भर्ती प्रक्रिया में रोक लगा दी। इसके बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस भर्ती प्रक्रिया पर नए सिरे से निर्णय लिया और 16 अप्रैल 2018 को भर्ती शुरू करने की अनुमति दी। सहायक प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती विवाद के मामले में को लगभग पांच साल हो गए। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने 31 अक्टूबर 2023 को शेष 6470 पदों सहित सभी पदों को भरने का आदेश दिया। आदेश में कहा गया कि संबंधित प्राधिकारी, एनसीटीई की अधिसूचना और 26 दिसंबर 2016 के सर्कुलर के तहत संबंधित जिलों के सभी पात्र सहायक शिक्षकों की कॉमन मेरिट सूची तीन माह में तैयार कर सभी पदों को भरने का निर्णय लें। न्यायमूर्ति एआर मसूदी और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ल की खंडपीठ ने यह फैसला राज्य सरकार व कई अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल 19 विशेष अपीलों को निरस्त कर सुनाया। न्यायालय के इस आदेश के बाद अपीलकर्ता मोहित कुमार द्विवेदी से संपर्क किया गया, जिसमें उनके द्वारा यह जानकारी दी गई कि विभाग को स्पीडपोस्ट के माध्यम से न्यायालय के आदेश की कॉपी भेजी गई है, व अन्य अभ्यर्थियों द्वारा अपने-अपने जिले के विधायक व सांसदों को ज्ञापन देकर जल्द से जल्द भर्ती पूरी कराने का आग्रह किया जा रहा है।

## करोड़ों की ठगी करने वाले जालसाज गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

हरबंस मोहाल थाना क्षेत्र में बीते दिनों ठगी के शिकार हुए एक व्यापारी ने टप्पेबाजों के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज कराया था, व्यापारी का आरोप था कि मार्केट से 10प्रतिशत कम रेट पर सोना बेचने का प्रलोभन देकर उसके साथ एक करोड़ 57 लाख की टप्पेबाज़ी की गई थी।

जानकारी के मुताबिक नकद रकम लेकर व्यापारी को टप्पेबाजों ने 5 किलो नकली सोना बेचा था,रियल एस्टेट कारोबारी की टप्पेबाजों से दोस्ती जान पहचान फेसबुक के माध्यम से हुई थी, भरोसा जीतने के लिए सेम्पल के नाम पर अहमदाबाद में हुई डील में टप्पेबाजों ने व्यापारी को दो बार शुद्ध 100 ग्राम सोना दिया था, उसके बाद 5 किलो नकली सोना देकर टप्पेबाजी कर गए थे। पुलिस ने मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अंतरराज्यीय गिरोह को पकड़ने में डीसीपी सलमान ताज पाटिल व एडीसीपी मनीष सोनकर की टीम ने अहम भूमिका निभाई है।

### क्या बोले ज़िम्मेदार

डीसीपी सलमान ताज पाटिल ने बताया कि थाना हरबंस मोहाल क्षेत्र में एक व्यापारी संतोष यादव के साथ एक करोड़ 57 लाख की धोखाधड़ी करी गई थी, उन्हें 5 किलो नकली सोना बेचा गया था, जिसकी एफ आई आर दर्ज करी गई थी। मामले में जांच के दौरान यह पता चला कि यह गुजरात के एक गैंग का काम है, यह गैंग पहले लोगों को 10 परसेंट कम रेट में असली सोने के बिस्कुट देता है, उन पर भरोसा बनाता है, उसके बाद नकली सोना देकर धोखाधड़ी कर फरार हो जाता है। इनके द्वारा ऐसे कई लोगों को धोखा दिया जा चुका था। धोखाधड़ी के मामले में आज तक इनको रिमांड पर नहीं लिया गया था, पर कानपुर की पुलिस ने पहली बार इनका ट्रांसिट रिमांड लिया है और इनको जेल भेजा जाएगा।

## तीन दिवसीय राष्ट्रीय पेपर मैशी कार्यशाला का समापन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

डीजी पीजी कॉलेज में राज्य ललित कला अकादमी के तत्वाधान में माटी कला तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं, शोध छात्र-छात्राओं तथा शिक्षिकाओं द्वारा बनाई गयीकलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में कानपुर सहित फतेहपुर, हिमांचल प्रदेश, राजस्थान तथा झारखंड आदि से भी कलाकारों ने आनलाइन प्रतिभगिता की। कार्यक्रम का शुभारम्भ डा. पूर्णिमा तिवारी ने किया तथा राजकुमार सिंह छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविधालय कानपुर, प्रशिक्षण हेतु आमंत्रि कलाकार जेबी यादव, असिस्टेंट प्रो. मूर्ति कला विभाग, इस दौरान डा.श्रद्धा शुक्ला, राकेश चंद्रा शर्मा, मुकेश मेंश्राम कार्यशाला में कनेक्ट रहे तथा कार्यशाला की सफलतबधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही चित्रकला विभाग को भविष्य में ऐसी कार्यशाला का आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# गोवंशों के रख-रखाव में अनियमितता पर जिलाधिकारी ने लगाई फटकार

* पीली ईंट से निर्माण कार्य होते देख ग्राम पंचायत सचिव को स्पष्टीकरण
* गो आश्रय स्थल में भैंस बंधी देख केयरटेकर को तत्काल हटाए जाने एवं जुर्माने की हुई कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने शनिवार को गोआश्रय स्थल लोधवरिया का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चारा, भूसा व पशु आहार की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। एवं गोवंशों को प्रतिदिन निर्धारित मात्रा में पशु आहार खिलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कमजोर गोवंशों पर विशेष ध्यान देकर उनकी स्वास्थ्य स्थिति में सुधार लाया जाए एवं संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी को बीमार गोवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने को कहा।वहीं निरीक्षण के दौरान गो आश्रय स्थल में केयरटेकर की भैंस बधीं पाई गई। जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित केयरटेकर को तत्काल हटाने एवं गो आश्रय स्थल पर अवैध रूप से अपनी भैंस बांधने के लिए जुर्माना लगाने का निर्देश दिया।

इसी दौरान गोआश्रय स्थल में पीछे की तार व जाली से बनी बाउंड्री टूटी पाई गई।जिस पर डीएम ने ग्राम प्रधान से टूटी बाउंड्री का कारण पूछा, तो ग्राम प्रधान ने बताया कि यहां गेट लगाया जाएगा। जिस पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित ग्राम प्रधान को फटकार लगाई।और कहा कि जब आगे गेट है,तो पीछे गेट लगाने का क्या औचित्य है।

तत्काल इसको बंद किया जाए। इसके साथ ही वहां पर पीली ईंट से निर्माण होते पाया गया।

जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिया। गौशाला के बगल में पड़ी चारागाह की भूमि को भी गौशाला के अंदर कवर करने का निर्देश ग्राम प्रधान को दिया। जिससे गोवंश अंदर टहल सके।

इसके साथ ही उन्होंने दुधारू गायों को सहभागिता योजना अंतर्गत गरीब परिवारों को देने का निर्देश संबंधित खंड विकास अधिकारी को दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि गायों की स्थिति ठीक नहीं है। इन्हें भरपेट हरा चारा,भूसा व निर्धारित मात्रा में पशु आहार दिया जाए। जिससे इनकी स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हो सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जेपी सिंह जिला पंचायतराज अधिकारी श्रीकांत यादव एसडीएम तिलोई दिग्विजय सिंह,एआर को ऑपरेटिव मित्रसेन वर्मा सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## तीन दिन के अंदर मांगा स्पष्टीकरण

# बीएसए की कार्यवाही से बेलगाम शिक्षकों में मचा हड़कंप, गैर हाजिर 43 शिक्षक-शिक्षामित्र और अनुदेशकों का रोका वेतन-मानदेय

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**




जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी ने बड़ी कार्रवाई की है। जिले भर में बिना किसी सूचना के गैर हाजिर हुए 43 शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशकों का वेतन रोकते हुए उन्होंने तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। बीएसए की कार्रवाई से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने अपने पत्रांक संख्या 10837/45-2023-24 के क्रम में जानकारी दी है कि दस ब्लॉक और नगर क्षेत्र में 18 नवंबर से 30 नवंबर तक शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में बिना किसी पूर्व सूचना व ऑनलाइन अवकाश के 43 लोग अनुपस्थित पाए गए। ऐसे में इनके विरुद्ध वेतन अथवा मानदेय रोकते हुए जवाब-तलब किया गया है। बीएसए ने जयसिंहपुर ब्लॉक में 8, दूबेपुर ब्लॉक में 9, धनपतगंज ब्लॉक में 5, कुड़वार ब्लॉक में 4, पीपी कमैचा ब्लॉक में 3, करौंदीकलां ब्लॉक में 1, कूरेभार ब्लॉक में 3, भदैया ब्लॉक में 4, मोतिगरपुर ब्लॉक में 2,अखंडनगर ब्लॉक में 1और सुल्तानपुर नगर क्षेत्र में 3 के विरुद्ध कार्रवाई की है। कुल 26 शिक्षामित्र,7 सहायक अध्यापक, 6 अनुदेशक और 4 हेड मास्टर पर कार्रवाई की गई है।

### निजी विद्यालय के अध्यापकों ने छात्रा को पीटा, जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान, अध्यापक निलंबित

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर पदभार ग्रहण करने के साथ ही एक्शन मोड में है। सुभाष नगर के कक्षा 9 के छात्र तेजस तिवारी ने विबग्योर (टपठळल्व) पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट कॉलेज, चंदौली, रायबरेली के दो सहायक अध्यापकों मनीष यादव और अनवर अहमद पर मारपीट करने का आरोप लगाया। जिलाधिकारी ने मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने मामले की जांच करने के उपरांत विद्यालय को दोनों अध्यापकों पर कार्यवाही करने का आदेश दिया। जिसके क्रम में विद्यालय के प्रबंधक कमेटी ने समिति बनाकर मामले की जांच करने के उपरांत दोनों अध्यापकों को विद्यालय से निलंबित कर दिया है।

# विश्वासघाती प्रधान की जा सकती है कुर्सी, हाईकोर्ट ने मेरिट साबित नहीं होने पर काउंटिंग के दिए आदेश

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

जिस भद्र परिवार ने मायंग के मौजूदा प्रधान रामदेव निषाद को फर्श से अर्श पर पहुंचाया उसने उसी परिवार के साथ विश्वासघात कर डाला।ऐसे में अविश्वास आया तो उसने हाईकोर्ट में रिट कर दी। लेकिन मेरिट साबित नहीं कर पाने पर हाईकोर्ट ने रिट खारिज करते हुए अधिकारियों को मतगणना कराने के आदेश दिए हैं। डीपीआरओ ने बताया कि मतगणना का स्थान निर्धारित किया जा रहा है।

अगले सप्ताह में मतगणना करा ली जाएगी।

मतगणना कराए जाने के लिए धनपतगंज के ग्राम पंचायत सदस्य रवि प्रकाश श्रीवास्तव ने एक पत्र डीपीआरओ को दिया है। उन्होंने मांग की है कि प्रधान रामदेव निषाद द्वारा हाईकोर्ट में दायर याचिका को 28 नवंबर को निरस्त कर दिया था। साथ ही आपके 4 नवंबर के आदेश को वैध घोषित किया है। ऐसे में यथाशीघ्र मतगणना कराया जाए। आपको बता दें कि ग्राम पंचायत मायंग के ग्राम पंचायत सदस्यों ने 27 अक्टूबर को अविश्वास की एक नोटिस दिया था। अगले दिन भदैया ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी सतीश चंद्र श्रीवास्तव को हस्ताक्षर के सत्यापन के लिए लगाया गया। उन्होंने 31 अक्टूबर को पंचायत भवन मायंग पर प्रभारी सहायक विकास अधिकारी धनपतगंज की मौजूदगी में हस्ताक्षर का सत्यापन किया।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में लोगों की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए उन्हें संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए कहा कि शीघ्र समस्याओं का निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी के सामने ज्यादातर राजस्व के मामले आए। जिनके संबंध में उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व से संबंधित मामलों का अति शीघ्र निस्तारण किया जाए। इसके लिए राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौका मुआयना करने के उपरांत ही कोई निर्णय लिया जाए। मौका मुआयना करते समय दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए। जिलाधिकारी ने पेंशन से संबंधित समस्याएं सुनते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि लोगों को पेंशन समय से मिले। जिलाधिकारी के सामने बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा और राजस्व से संबंधित मामले आये। कुल 116 शिकायतें आई जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने कार्यालय में समय से बैठे और लोगों की समस्याएं सुनकर उनका तत्काल निस्तारण करने का प्रयास करें जिससे कि मामले लंबित न हो। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीओ सिटी,उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व वन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।116 शिकायतों में से 3 का हुआ मौके पर निस्तारण।

# दलित गौरव संवाद कार्यक्रम के तहत कांग्रेसियों ने रात्रि चौपाल का किया आयोजन

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

कांग्रेस द्वारा दलित गौरव संवाद (रात्रि चौपाल) कार्यक्रम शुक्रवार देर शाम शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के अध्यक्षता में शहर के डिहवा वार्ड मैं संपन्न किया गया।

रात्रि चौपाल कार्यक्रम में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी मो अनीस खा सम्मिलित हुए। मुख्यतिथि नवनियुक्त प्रदेश सचिव ने कहा कि आज भाजपा की डबल इंजन सरकार की जन विरोधी नीतियों से हर वर्ग त्रस्त है वह सिर्फ अपने उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुंचा रही है मध्य वर्ग और गरीबों कि उसकी कोई भी चिंता नहीं है जब चुनाव आते हैं तब बड़े-बड़े वादे कर जनता को गुमराह किया जाता है लेकिन आज जनता समझ चुकी है और आगामी चुनावों में बड़ा परिवर्तन नजर आएगा जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का दोहरा चरित्र अभी हाल ही में पांच राज्यों में हुई संपन्न विधानसभा चुनाव में देश व प्रदेश की जनता ने देख लिया है इनकी मानसिकता क्या है जहां उनकी सरकार है वहां महंगे दामों में गैस सिलेंडर दे रहे हैं और जहां चुनाव चल रहा है वहां गारंटी देते फिर रहे हैं कि सरकार बनने पर ?450 से ?500 में आपको गैस सिलेंडर देंगे। वहीं उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने दलित समाज के साथ-साथ सभी वर्गों के लिए एक से बढ़कर एक महत्वाकांक्षी योजना धरातल पर उतार कर गरीबों को रोजगार दिया। वहीं उन्होंने लोगों से भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से सावधान रहने की बात कही और कहा कि चुनाव के समय यह आपके सामने बड़े-बड़े वादे लेकर आएंगे लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद वो वादे खत्म हो जाएंगे। इसलिए आप सब लोग मजबूती के साथ आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को समर्थन दे जिससे केंद्र में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बने। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा दलितों के हक की बात केवल कांग्रेस करती है। दलितों को जमीन के पट्टे दिलाने का काम भी कांग्रेस के द्वारा ही किया गया।

# पूरी शानोशौकत से मनाया गया हजरत अब्दुल शकूर शाह रह0 का सालाना उर्स

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जुमेरात को शहर के राजघाट निकट छोटी तकिया स्थित दरगाह पर हजरत अब्दुल शकूर शाह रह0 का सालाना उर्स पूरी शानोशौकत के साथ मनाया गया। उर्स के मौके पर सैकड़ों की संख्या में जायरीन मौजूद रहे। सुबह कुरान ख्वानी उसके बाद गुस्ल मजार शरीफ फिर चादर पोशी व गुल पोशी की गई फिर रात को मिलाद शरीफ के एहतिमाम किया गया। दरगाह पर मौजूद मौलाना शाहिद हबीबी ने बताया कि हर साल हम सभी लोग पूरी शानोशौकत के साथ हजरत अब्दुल शकूर शाह रह0 का सालाना उर्स मानते हैं और साथ ही साथ हजरत गुलाम हुसैन पानीपति रह0 का भी उर्स मानते हैं। इस मौके पर सै. अफजल हुसैन उर्फ अज्जू मियां, सै. मंसूर हुसैन उर्फ परवेज, सै. मो0 कलीम, सै. शमशाद अली, सै. जावेद हुसैन, सै. मो0 वैस, आफताब आलम, निलेश, मदन सिंह परिहार, इम्तियाज खान, अरबाज खान, वसीम खान आदि मौजूद रहे।

### अपने जीवन में व्यक्तित्व को बहुत अच्छे से प्रस्तुत करना भी जीवन की एक कला है: वंदना पाण्डेय

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** जनपद के शेमफोर्ड फ्यूचारिस्टिक स्कूल में इस वर्ष भी फैशन शो कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयसिंहपुर उपजिलाधिकारी शामिल होने पहुंचीं। महुअरिया शेमफोर्ड फ्यूचारिस्टिक स्कूल में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी फैशन शो कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शिरकत करने पहुंची सुलतानपुर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जयसिंहपुर उपजिलाधिकारी वंदना पाण्डेय ने कार्यक्रम के दौरान कहाकि मनुष्य के जीवन में बहुत सारे आयाम होते होते है, और फैशन डिजाइनिंग भी एक आयाम है अपने जीवन में व्यक्तित्व को बहुत अच्छे से प्रस्तुत करना। यह भी जीवन की एक कला है। जो हम जीवन में बेहतर तरीके से प्रस्तुत करते है वही जीवन की संपूर्णता है। हमारे हिंदू समाज में कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण सारी कलाओं में वह परिपूर्ण थे और यह फैशन शो भी उसी का एक हिस्सा है।

# दो सौ तेरह शिकायतें दर्ज निपटारा सिर्फ छत्तीस का

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण के हेतु शनिवार को जिले की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। डीएम ने जनसामान्य की शिकायतों को गौर से सुना और निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इसमें हीला-हवाली किए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डा. इलामारन जी ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण का निर्देश दिया। समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। तहसील तिलोई में कुल 103 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें 16 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मुसाफिरखाना में 31 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें 04 का निस्तारण किया गया। तहसील गौरीगंज में 26 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें 04 का निस्तारण किया गया। तथा तहसील अमेठी में 53 शिकायतों में से 12 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति अत्याधिक गम्भीर है। इसमें उदासीनता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होंने समस्त जिम्मेदारों को निर्देश दिया कि सभी अपने-अपने कार्यालय समय से पहुंचे व जन समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करना सुनिश्चित कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान एसडीएम तिलोई दिग्विजय सिंह, सीओ तिलोई सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# हंगामे के चलते नहीं हो सकी बोर्ड बैठक



**जन एक्सप्रेस । सलोन, रायबरेली**

गर पंचायत बोर्ड की आम बैठक कोरम के आभाव में नहीं हो सकी। वही निर्वाचित बोर्ड के सभासदो की माने तो अध्यक्ष के पुत्र शिवम रस्तोगी का बेवजह दखल एवं हस्तक्षेप के कारण सभासदों के अंदर आक्रोश पनप रहा है। इतना ही नहीं नगर पंचायत के लिपिक आशुतोष सिंह से जब सभासदों ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सूची मांगी तो सदस्यों को देने से इनकार कर दिया, जिससे सभासद आग बबूला हो गए एवं सभागार में गए ही नहीं जिसके चलते बैठक नहीं हो सकी। सदस्यों का आक्रोश देख अध्यक्ष सदन छोड़कर चले गए। सदस्य मोहम्मद अयाज ने बताया कि नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा उनको बैठक का एजेंडा ही नहीं दिया गया इसके बाबत पूछने पर किसी भी जिम्मेदार ने कोई सार्थक जवाब नहीं दिया। नाराजगी जताने वालों में सदस्य प्रदीप कुमार चंद्रेश मोहम्मद अशफाक, सभासद दल के नेता मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद शाहरुख, अजमत अली, महिला सभासद हिना परवीन, खालिदा सिद्दीकी, तबस्सुम, नीता देवी, सुमन देवी के प्रतिनिधि नगर पंचायत प्रांगण में मौजूद रहें एवं नगर पंचायत के रवैया पर अपनी नाराजगी व्यक्ति की। बोर्ड बैठक ना हो पाने की पूरे नगर में तरह-तरह की चर्चा रही।

# गैंगरेप के आरोपियों की गिरफ्तारी और कार्यवाही को लेकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली से लगाई न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जहां एक ओर प्रदेश के मुखिया महिलाओं की सुरक्षा और घटनाओं को लेकर सख्त हैं तो वहीं कुछ मामलों में पुलिस की हीलाहवाली के चलते महिलाओं को दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर होना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला जनपद के सलोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पूरे झाऊ मजरे बिसाइया का है जहां बीते 27 अगस्त 2023 को गांव के ही कल्लू तिवारी पुत्र संजीव, ऋषभ पुत्र सुशील, दीपू त्रिपाठी पुत्र वीरेंद्र उर्फ पुत्ती व अंकित सिंह पुत्र नत्था सिंह ने पीड़िता की 19 वर्षीय पुत्री को उस वक्त अगवा कर लिया जब वो समय करीब 10 बजे रात को जानवरों का चारा देखने जा रही थी। उसके बाद उसे ऋषभ के घर पर ले जाकर चारों लोगों ने बारी-बारी से उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। उधर जब घर वाले ढूढने के बाद परेशान हुए तो पीड़िता थाने पर सूचना देने गई तो उसे सिपाहियों ने वहां से भगा दिया। फिर काफी प्रयास और माननीय न्यायालय के आदेश के बाद एफआईआर दर्ज तो की गई लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई।

# दिन में साली की शादी में नहीं पहुंच सका, शाम को निकला और सुसराल से पहले 2 बच्चों के संग काल के गाल में समाय इमरान

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

शहर के गभड़िया मोहल्ले के इमरान और उसकी बेटी आयशा व बेटे अरसलान की मौत से घर में मातम पसरा है। रात में घर से 100 कदम की दूरी पर तकिया कब्रिस्तान में तीनों जनाजे की नमाज पढ़ी गई, और फिर बारी-बारी तीनों को सुपुर्द खाक किया गया। जिस घड़ी तीनों जनाजे घर से उठे तो इमरान की पत्नी यह कहकर चीखी इन्हें कहां ले जा रहे हो मत ले जाओ मेरे पति और बच्चों को। फिर वो बेहोश हो गई।

मोहल्ला निवासी जीशान ने बताया कि इमरान की पत्नी के मामा की लड़की की शादी थी। जिसमें वो पहुंच नहीं सका। जब वो घर लौटा तो पत्नी बोली की चाचा की लड़की आदि की कानपुर में नई शादी हुई है। वो सब घर पर शादी में आई हुई हैं। हम लोग चलते हैं उन्हीं सबसे मुलाकात हो जाएगी। लेकिन अब कुदरत को तो कुछ और ही मंजूर था।

मो. इमरान (40) गाड़ी डेंटर थे। लंबे समय से वे घासीगंज मोहल्ले में पिता मुख्तार के संग डेंटिंग का कार्य करता रहा। यही कोई एक माह पूर्व अमहट क्षेत्र में उसने अपना अलग काम शुरू किया। सब कुछ अच्छा चल रहा था। हां, काफी मेहनत बढ़ी, काम अधिक होने के चलते काफी वक्त उसे दुकान पर ही बीतता। इससे पत्नी अक्सर नाराज हो जाती।

गुरुवार को भी इमरान के साथ ऐसा ही हुआ। दिन में प्रतापगढ़ के जेठवारा लोकापुर में उसकी सुसराल में पत्नी के मामा की लड़की की शादी थी। लेकिन काम में वो इतना व्यस्त हो गया कि समय का ख्याल ही ना रहा। करीब 5~30 के आसपास घर पहुंचा तो पत्नी नाराज हो गई। उसने भी उसे राजी करने के लिए शादी का वक्त गुजर जाने के बाद भी तैयार होने और चलने को कहा। अंधेरा हो गया था, शाम करीब 6~15 बजे के आसपास अपनी स्विफ्ट डिजायर कार से इमरान, पत्नी रुखसार, बेटे मो. जिबरान (11), मो. फरहान (09), अरसलान (07), बेटी खुशनुमा (10), आइशा (06) व चाचा के लड़के शहबाज (35) के साथ निकला। कार इमरान ही चला रहा था।

प्रतापगढ़ के सराय आना देव के पास मैनाथी कुंवर चंद्रावती डिग्री कॉलेज के सामने मोड़ पर पहुंचा था कि एक रोडवेज बस वहां खड़ी थी। कोहरा अधिक होने के कारण इमरान देख नहीं सका और कार बस में जा घुसी। टक्कर में कार क्षतिग्रस्त हो गई थी। उस पर सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# शेमफोर्ड फ्यूचारिस्टिक स्कूल में हुआ फैशन शो का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

रेल ट्रैक भी अब खून से लाल होता दिख रहा है। लखनऊ-वाराणसी रेल ट्रैक पर ट्रेन से कटकर अधेड़ महिला की मौत हुई है।

एक दिन पूर्व अयोध्या-प्रयागराज रेल मार्ग पर फूलपुर में युवती का शव पाया गया था।

जानकारी के अनुसार लखनऊ-वाराणसी

वाया सुल्तानपुर रेलखंड पर बंधुआकला थानाक्षेत्र के खंडसा गांव के निकट संदिग्ध परिस्थितियों में सिर कटी महिला की लाश मिलने से हड़कंप मच गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार शिवनगर रेलवे स्टेशन से पश्चिम खंडसा में लाश मिलने की सूचना पर आरपीएफ चौकी अलीगंज के इंचार्ज शिवजन्म यादव, बंधुआकला थाना प्रभारी रवींद्र सिंह और कुड़वार थानाध्यक्ष गौरीशंकर पाल मौके पर पहुंचे। शव की शिनाख्त कराया गया। खंडसा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोइद अहमद ने शिनाख्त करते हुए बताया कि महिला पुरखिन देवी (50) पुत्री केदारनाथ सरोज मानसिक विक्षिप्त है।

जो गांव की ही रहने वाली है। कयास लगाया जा रहा है कि रेल ट्रैक पार करते समय वो ट्रेन की चपेट में आ गई। बंधुआकला थानाध्यक्ष रवींद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में भेजकर अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

इससे पूर्व कल कूरेभार के फूलपुर में रेल ट्रैक पर युवती का शव मिला था जिसकी अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# मां के कदमों में जन्नत, बाप जन्नत का दरवाजा हैं: हाफिज सुहैल अख्तर रजा खान

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



सनीचर को मरकजे अहले सुन्नत के प्रधानाचार्य हाफिज सुहैल अख्तर खान के वालिद मरहूम माशूक अली खां के 24वें सालाना फातिहा के मौके पर मरकजे अहले सुन्नत दारूल उलूम हबीबिया गुलशने रजा जगपालताल, रायबरेली के इबादतखाने में महफिले मीलाद का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता हाफिज अनीस अहमद कुरैशी साहब, संचालन हाफिज सुहैल अख्तर रजा खान साहब ने किया। कायर्क्रम का शुभारम्भ हाफिज मोहम्मद मुम्ताज ने कुरान पाक के पाठ से किया।

हाफिज गुलफाम फैजाबादी, हाफिज इजहार, मोलवी फहीम ने नात व मनकबत पेश किया।

प्रमुख बयान करते हुये हजरत हाफिज सुहैल अख्तर रजा खान साहब ने कहा कि मां के कदमों में जन्नत है और बाप जन्नत का दरवाजा है, आज समाज में ऐसी बुराईयां फैल गयी हैं कि लोग अपने मां बाप का सम्मान नहीं करते उनका ख्याल नहीं रखते, यहां तक कि उनसे बुरा व्यवहार करते हैं, लेकिन वह लोग जो ऐसा करते हैं उन्हें याद रखना चाहिए कि मोहम्मद मुस्तफा सल्ललालाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि अपने मां बाप के साथ अच्छा व्यवहार करो और उन्हें उफ तक न करो।

एक बार आप सल्ललालाहो अलैहि वसल्लम सहाबा को नसीहत फरमा रहे थे बीच में ही आप ने 3 बार आमीन कहा, तो सहाबा ने पूछा कि आपने किस बात पर आमीन कहा, इस पर आप सल्ललालाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि हजरत जिबरील अलैहिस्सलाम तशरीफ लाये थे और कहा कि जिसके सामने मेरा जिक्र हो और वह मुझ पर दुरूद न भेजे वह बरबाद हो जाये, दूसरी बार कहा कि जो रमजान शरीफ का महीना पाये और रोजा न रखे वह बरबाद हो जाये, तीसरी बार कहा कि जो अपने मां बाप को यह उनमें किसी एक को बुढ़ापे की हालत में पाये और उनकी सेवा करके जन्नत अपने नाम न कराले वह बरबाद हो जाये, जिस पर आप सल्ललालाहो अलैहि वसल्लम ने आमीन कहा।

## चार राज्यों में मतगणना : यूपी की राजनीति भी तय करेगी बीजेपी की जीत और हार, सीएम योगी की प्रतिष्ठा का भी सवाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



हिन्दी पट्टी के राज्य मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ के विधानसभा चुनाव की मतगणना रविवार को होगी। तीनों राज्यों के चुनाव नतीजे लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की भी राजनीतिक दशा तय करेंगे। तीनों राज्यों में भाजपा, कांग्रेस, सपा और बसपा ने मुकाबला किया है, लिहाजा चुनाव के नतीजे चारों ही प्रमुख दलों पर असर डालेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम के साथ ही लोकसभा चुनाव की तैयारियों का बिगुल बज जाएगा। जैसा की एग्जिट पोल बता रहे यदि भाजपा राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने और मध्यप्रदेश में सरकार बचाने में सफल रही तो यूपी में भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं का हौंसला बुलंद होगा। पार्टी को जनता के बीच विपक्षी दलों के खिलाफ माहौल बनाने में आसानी होगी। वहीं यदि नतीजे भाजपा के पक्ष में नहीं आए तो कार्यकर्ताओं का मनोबल कमजोर होगा। विपक्षी दल प्रभावी होने पर पार्टी को लोकसभा चुनाव के लिए माहौल तैयार करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी।

### विधानसभा और लोकसभा में जीतेगी भाजपा

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक का कहना है कि तीनों राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि तीनों राज्यों के चुनाव परिणाम लोकसभा चुनाव पर असर नहीं डालेंगे। लोकसभा चुनाव में जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे और नेतृत्व पर मतदान करेगी। उन्होंने कहा कि 2018 विधानसभा चुनाव में भी इन दिनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनी थी लेकिन 2019 लोकसभा चुनाव में यूपी, राजस्थान, एमपी और छत्तीसगढ़ में भाजपा को प्रचंड जीत मिली थी।

### यूपी के नेताओं के राजनीतिक कौशल की भी परीक्षा

तीनों राज्यों के चुनाव में यूपी भाजपा के नेताओं के राजनीतिक कौशल की भी परीक्षा होगी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्रा दयालु, राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत बाजपेयी, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, एमएलसी महेंद्र सिंह, प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी सहित अन्य नेता चुनाव प्रचार और प्रबंधन में जुटे थे।

### योगी का कद और लोकप्रियता बढ़ेगी

राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में यदि लोकसभा चुनाव के नतीजे भाजपा के पक्ष में रहते हैं तो इससे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का राष्ट्रीय राजनीति में कद और बढ़ेगा। साथ ही उनकी लोकप्रियता भी पहले से ज्यादा होगी। राजस्थान में 200 में से 182 विधानसभा क्षेत्रों में योगी की सभा, रैली और रोड शो की मांग हुई थी। योगी ने सबसे अधिक समय भी राजस्थान में ही दिया है।

## औचक निरीक्षण: अक्तूबर–नवंबर में 15 हजार प्राइमरी शिक्षक मिले अनुपस्थित



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में बेसिक स्कूलों में छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों की उपस्थिति में सुधार की कवायद चल रही है। इसके तहत अक्तूबर-नवंबर में विभिन्न स्तर पर कराए गए निरीक्षण में 15735 शिक्षक अनुपस्थित मिले हैं। विभाग की ओर से इन पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। विभाग की ओर से हर माह एआरपी, एसआरजी, अधिकारियों के माध्यम से स्कूलों का औचक निरीक्षण कराया जाता है। इस दौरान अन्य व्यवस्थाओं व सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षकों की उपस्थिति भी जांची जाती है। विभाग के अनुसार अक्तूबर में 7783 और नवंबर में 7952 कुल 15735 शिक्षक अनुपस्थित मिले। इनके स्कूल में न उपस्थित होने की कोई जानकारी थी न ही इनके छुट्टी के आवेदन थे। संबंधित निरीक्षणकर्ताओं की रिपोर्ट के बाद जिम्मेदार अधिकारियों ने ऐसे शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस व वेतन कटौती की गई है। विभाग की ओर से निर्धारित पोर्टल पर अपडेट की गई सूचना के अनुसार अब तक 12145 शिक्षकों पर कार्रवाई की गई है। अन्य की प्रक्रिया चल रही है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने कहा कि विभिन्न माध्यमों से स्कूलों का औचक निरीक्षण कराया जा रहा है। कई महीने से चल रही इस प्रक्रिया के बाद भी कुछ शिक्षक इसमें बदलाव नहीं ला रहे हैं। विभागीय अधिकारियों को ऐसे शिक्षकों पर कार्यवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट भी ऑनलाइन दाखिल होगी

प्रदेश में माध्यमिक विद्यालयों में मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से जहां वेतन जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं ई–सर्विस बुक, शिक्षकों–कर्मचारियों की छुट्टियां व स्थानांतरण की प्रक्रिया भी ऑनलाइन अपडेट की जा रही है। अब विभाग ने निर्देश दिया है कि साल 2023–24 की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट भी ऑनलाइन ही पोर्टल के माध्यम से दाखिल की जाएगी। इसलिए इसकी आवश्यक तैयारी अभी से कर ली जाए।

## पहले चरण में 20 लाख उपभोक्ताओं ने लिया ओटीएस का लाभ, कोष में जमा हुए 2 हजार करोड़ रुपए



- अकेले 30 नवंबर को 58 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं ने योजना में पंजीकरण कराया
- यह योजना 8 नवंबर से 31 दिसंबर 2023 तक कुल 54 दिनों तक तीन खंडों में चलाई जा रही

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बिजली उपभोक्ताओं को बकाये की राशि चुकाने के लिए योगी सरकार द्वारा शुरू की गई एकमुश्त समाधान योजना का 30 नवंबर को पहला चरण पूरा हो गया। पहले चरण में इस योजना का करीब 20 लाख लोगों ने लाभ उठाया। इसके माध्यम से सरकार ने भी करीब 2 हजार करोड़ रुपए के राजस्व की वसूली की है। अकेले 30 नवंबर को 58 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं ने योजना में पंजीकरण कराया तो वहीं इस दिन कुल मिलाकर 57 करोड़ से ज्यादा की धनराशि कोष में जमा हुई। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल की बकाया राशि के भुगतान में राहत देते हुए 8 नवंबर को एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की शुरुआत की थी। उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में अपना पंजीकरण कराया। योजना के तहत दो तरह के लोग इसका लाभ ले रहे हैं। एक ओटीएस नॉर्मल और दूसरा ओटीएस थेफ्ट (जिन पर बिजली चोरी का बकाया है)। यह योजना 8 नवंबर से 31 दिसंबर 2023 तक कुल 54 दिनों तक तीन खंडों में चलाई जा रही है। इस योजना का पहला चरण 8 से 30 नवंबर तक चला है, जबकि अब एक दिसंबर से 15 दिसंबर तक इसके दूसरे चरण की शुरुआत हो चुकी है। वहीं, तीसरा चरण 16 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलेगा।

### जल्दी आने वालों को मिला अधिकतम लाभ

उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने बताया कि इस योजना की खास बात ये थी कि जो उपभोक्ता जल्दी आएंगे, वो ज्यादा लाभ पाएंगे। खासतौर पर 30 नवंबर तक पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को ज्यादा लाभ प्राप्त हुआ है। इसके तहत उपभोक्ताओं को एकमुश्त या आसान किस्तों में भुगतान करने की व्यवस्था की गई है। एक किलोवाट भार तक वाले घरेलू उपभोक्ताओं को 12 तथा एक किलोवाट से अधिक भार वाले उपभोक्ताओं को 6 किस्तों में बकाया भुगतान करने की व्यवस्था की गई है। इसी तरह निजी नलकूप उपभोक्ताओं को भी 12 किस्तों में व अन्य को 3 किस्तों में भुगतान की सुविधा मिली है। विद्युत चोरी के मामलों में राजस्व निर्धारण पर दो तिहाई छूट के साथ ही जिन उपभोक्ताओं के विरुद्ध आरसी जारी की जा चुकी है, उन्हें भी योजना में शामिल किया गया है। न्यायालय में लंबित वादों में भी योजना का लाभ दिया जा रहा है। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता किसी भी विभागीय बिलिंग काउंटर पर, एसडीओ या एक्सीएन कार्यालय पर या यूपीपीसीएल की वेबसाइट पर योजना में पंजीकरण कर इसका लाभ ले सकते हैं।

### पूर्वांचल और मध्यांचल में दिखा सबसे ज्यादा उत्साह

ओटीएस के तहत सर्वाधिक उत्साह पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. में देखने को मिला है। यहां सर्वाधिक 5.5 लाख से ज्यादा लोगों ने योजना में अपना पंजीकरण करवाया है। सिर्फ 30 नवंबर को ही यहां करीब 19 हजार लोगों ने पंजीकरण कराया। 30 नवंबर को योजना के माध्यम से विभाग ने यहां 20.5 करोड़ से ज्यादा की वसूली की है तो ओवरआल 30 नवंबर तक अकेले पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम करीब 640 करोड़ रुपए की वसूली करने में सफल रहा है। यह कुल प्राप्त राजस्व का करीब 30 प्रतिशत है। इसी तरह, मध्यांचल विद्युद वितरण निगम ने भी 30 नवंबर तक करीब 490 करोड़ रुपए की धनराशि जमा की है। योजना की शुरुआत से लेकर 30 नवंबर तक कुल 5.45 लाख से ज्यादा लोगों ने योजना का लाभ लेने के लिए इसमें अपना पंजीकरण कराया है। सिर्फ 30 नवंबर की बात करें तो 17 हजार से अधिक लोगों ने अकेले एक दिन में पंजीकरण कराया, जिसके माध्यम से विभाग ने 15 करोड़ से ज्यादा की धनराशि वसूल की।

### पश्चिमांचल और दक्षिणांचल भी नहीं रहा पीछे

पूर्वांचल और मध्यांचल की तरह पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के तहत योजना का लाभ लेने में लोगों ने गजब का उत्साह दिखाया। पश्चिमांचल में 30 नवंबर तक योजना के तहत 485 करोड़ से अधिक की धनराशि वसूल की गई, जबकि 4.40 लाख लोगों से ज्यादा लोग योजना से जुड़े। सिर्फ 30 नवंबर को यहां करीब 12 हजार लोगों ने पंजीकरण कराया और एक दिन में विभाग को 12 करोड़ से ज्यादा के राजस्व की प्राप्ति हुई। योजना में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम ने भी अपना योगदान दिया, लेकिन बाकी डिस्कॉम्स की तुलना में यहां थोड़ा कम राजस्व प्राप्त हुआ। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के तहत 30 नवंबर तक 370 करोड़ से ज्यादा की वसूली हुई, जबकि 4.35 लाख से ज्यादा लोगों ने योजना में अपना पंजीकरण कराया। अकेले 30 नवंबर को करीब 11 हजार लोग योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण कराने पहुंचे तो 9 करोड़ से ज्यादा की राशि विभाग के काउंटर व अन्य माध्यमों से जमा हुई।

## प्रत्येक पिछड़े समाज के छात्रों को छात्रवृत्ति देना हमारा संकल्प

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास से'' एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पिछले 6 वर्षों में विकास की दृष्टि से गरीब कल्याण नवाचार, दृढ़ इच्छाशक्ति, भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था पर जीरो टोलरेन्स की नीतिगत पहल से उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री प्रदेश की 25 करोड़ जनता को अपना परिवार समझकर उनके विकास, प्रगति और रोजगार आदि की नियमित चिन्ता करते हैं, इसलिए उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति में भी बड़े पैमाने पर सुधार हो रहा है।मंत्री कश्यप ने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं वत्त मंत्री ने पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के लिये मांगी गयी अनुदानों को अधिकांशतः पूरा करने के लिये धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि अनुपूरक बजट मिलने से विभाग में संचालित योजनाओं से और अधिक पात्र लोगों को लाभान्वित करने का किया जायेगा। पछड़ा वर्गों के छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति को निश्चित सभी छात्रों को देने के लिए अनुपूरक बजट में 330 करोड़ की व्यवस्था की गयी है।

## बीकेटी तहसील में मंडलायुक्त रोशन जैकब की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

- राजस्व संबंधी ज्यादा शिकायतें देख, अधिकारियों को लगाई फटकार, निस्तारण के दिए आदेश

जन एक्सप्रेस । बीकेटी-लखनऊ



लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील में माह के पहले शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस मंडलायुक्त रोशन जैकब की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। आपकों बता दें कि समाधान दिवस में कुल प्राप्त 213 शिकायतों में मात्र 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। बता दें कि समाधान दिवस में सुरेश सिंह पुत्र स्व0 जगदेव सिंह निवासी ग्राम हेमी ने शिकायत की 217 रकबा 0.0510 हे0 जो कि ग्राम सभा हेमी की भूमि गाटा संख्या पंचायत भवन के नाम दर्ज है। जिस पर अवैध तरीके से पिलर बनाकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है सुरेश अन्य ग्राम वासियों द्वारा जब निर्माण कार्य का विरोध किया गया तो बताया कि ग्राम प्रधान से मेरी बात हो गयी है, हमारा कुछ नहीं कर सकते। हम लोग निर्माण कार्य जारी रखेगे। वहीं गोहना खुर्द की प्रधान शीला देवी ने प्रार्थना पत्र दिया कि गांव के कुछ दबंगों ने खलिहान की जमीन पर कब्जा कर रखा है।

पैकरामऊ प्रधान ने शिकायत दर्ज कराई कि गांव की बंजर भूमि पर दबंगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है जिसको न्यायहित में खाली कराना उचित होगा, नबीकोट नंदना की बुजुर्ग महिला आशा ने वृद्धावस्था पेंशन उपलब्ध कराने की मंडलायुक्त रोशन जैकब से गुहार लगाई। वहीं मजरा चतुरपुर पंचायत कुम्हरावां की महिला कमला देवी ने गरीबी का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री आवास की मांग की, संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकतर शिकायतें सरकारी भूमियों पर कब्जे संबंधित हुई। वहीं मंडलायुक्त रोशन जैकब ने सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश मातहतों को दिए और कुछ अधिकारी नदारद होने से मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई, मंडलायुक्त ने एसडीएम से कहा कि इतने शिकायती पत्र आते हैं आखिर निस्तारण सभी का क्यों नहीं हो पता हैं सभी शिकायतों के गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के आदेश दिए। इस पर कार्य करो। वहीं संपूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त के साथ उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी, तहसीलदार विजय कुमार सिंह, बीकेटी स्पेक्टर,सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## 7500 पैक्स की 750 करोड़ की ब्याज मुक्त कैश क्रेडिट क्रेडिट लिमिट हेतु बजट स्वीकृत

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा अनुपूरक बजट के माध्यम से प्रदेश के कृषकों के हित में की गई घोषणा का क्रियान्वयन करते हुए, बजट आवंटित कर दिया गया है। इसके तहत प्रदेश की 7500 पैक्स की 750 करोड़ की ब्याज मुक्त कैश क्रेडिट क्रेडिट लिमिट स्वीकृत की गयी हैं, जिससे प्रत्येक पैक्स वर्ष में औसतन 1.20 करोड़ का व्यवसाय कर सकेगी। प्रदेश की पैक्स द्वारा वर्ष में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का व्यवसाय हो जायेगा। पैक्स पर उर्वरकों यथा–यूरिया, डीएपी, बीज एवं अन्य उर्वरकों की आपूर्ति समयबद्ध सुनिश्चित होगी, जिससे पैक्स में उर्वरकों की निरन्तरता एवं उपलब्धता बनी रहेगी और कृषकों को अपनी फसलों की बुवाई के लिए समय पर उर्वरक उपलब्ध होंगे। साथ ही प्रदायकर्ताओं को भुगतान भी समय से प्राप्त होगा। 10 लाख की लिमिट से पैक्स को एक बार में दो ट्रक यूरिया एवं दो ट्रक डीएपी की आपूर्ति हो सकेगी।

## एस आर इंस्टीट्यूट में एकेटीयू की दो दिवसीय स्पोर्ट फेस्ट का भव्य समापन

- खेल के अनुशासन से शिक्षा में सफल बनाने में मद्दत मिलती है: पवन सिंह चौहान
- एस आर इंस्टीट्यूट में एकेटीयू की दो दिवसीय स्पोर्ट फेस्ट के भव्य समापन पर छात्रों के खिले चहरे

जन एक्सप्रेस । बीकेटी-लखनऊ



लखनऊ जिले बीकेटी स्थित एस आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन में आज डॉ अब्दुल कलाम टेक्निकल इंटर यूनिवर्सिटी स्पोर्ट फेस्ट के फाइनल प्रतियोगिता में 1000 प्रतिस्पर्धी छात्रों ने लगभग प्रदेश के 8 जोन व दो विश्वविद्यालय क्रमश मदनमोहन मालवीय टेक्निकल विश्व विद्यालय गोरखपुर, एचबीटीयू यूनिवर्सिटी कानपुर से, 75 संस्थाओं से विभिन्न खेलकूद में प्रतिभा किया जिसमें वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी, खो-खो, टेबल टेनिस, शतरंज, एथलेटिक्स 100, 200, 400, 800मी,400मीटर रिले, आदि खेलों का आयोजन एस आर इंस्टीट्यूट स्टेडियम में किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धर्मवीर प्रजापति मंत्री राज्य कारागार में छात्रों का से संवाद करके उनको बताया कि समझ में जो युवक हैं उनमें अपराध करने की भावना जिस तरह से बढ़ रही है उसके कारण जेल में 80त्न अपराधी 40 की उम्र से कम उम्र के हैं जिससे यह पता लगता है ऐसी कोई व्यवस्था बनाई जानी चाहिए जिससे नवयुवकों में अपराध न करने की प्रवृत्ति जागृत हो और सभी को खेल में अनुशासन को अपने जीवन में उतरने के लिए उसके महत्व को समझाया सभी छात्रों ने उनके वक्तव्य को बड़े ध्यान से सुना और भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि खेल के अनुशासन से शिक्षा में सफल बनाने में मदद मिलती हैं, आये हुए सभी अतिथियों को एमएलसी पवन सिंह चौहान ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## योगी सरकार की विफलताओं के खिलाफ विरोध दर्ज करने के लिए कांग्रेस ने आयोजित की प्रेसवार्ता

- पूरे भारत में साइबर क्राइम के मामले में उत्तर प्रदेश दूसरे नम्बर पर है

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




लखनऊ प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता मनीष हिंदवी ने बताया कि शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की योगी सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। दुर्भाग्य यह है कि अब सदन चलाकर उस पर बात भी नहीं करना चाहती। तीन-तीन दिन सदन चलाकर जनता की समस्याओं को विपक्ष के माध्यम से सदन तक नहीं आने देना चाहते। राय ने कहा कि स्वास्थ्य नीति आयोग की स्वास्थ्य पर एक रिपोर्ट के अनुसार भारत के 19 बड़े राज्यों में उत्तर प्रदेश का स्थान 18वां है। यानि इनकी अपनी ऐजेन्सियां मानती हैं कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा बदहाल है। स्वास्थ्य विभाग की दुर्दशा का आलम यह है कि 8 नवम्बर, 2023 को जनपद औरैया में अपनी बहन की लाश एक भाई को मोटरसाइकिल से ले जानी पड़ी। स्वास्थ्य विभाग की बदहाली का आलम यह है कि इनके अपने सांसद मुकेश राजपूत ने 16 अक्टूबर, 2023 फर्रूखाबाद में खराब स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठाये। उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं का दावा करने वाली उत्तर प्रदेश सरकार में 5000 चिकित्सकों के पद रिक्त हैं। किसानों की प्रमुख समस्याओं को उठाते हुए अजय राय ने कहा कि गन्ना पेराई का नया सत्र शुरू हो चुका है, लेकिन पिछला भुगतान भी किसानों को पूरा नहीं मिल पाया है, जबकि नियमतः गन्ना मिल में जाने के 14 दिनों के अन्दर भुगतान हो जाना चाहिए। राय ने कहा कि गन्ना क्रय एवं धान क्रय केन्द्र पूरी तरह से भ्रष्टाचार और अराजकता का शिकार हो चुके है। पूरे प्रदेश में डी.ए.पी. और यूरिया की भारी किल्लत है, जिसके चलते खाद की कालाबाजारी चरम पर है। किसानों को लाइनों में लगकर खाद लेनी पड़ रही है जिस पर भी उन पर लाठीचार्ज किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने उ0प्र0 में बढ़ते हुए अपराधों पर चिन्ता जाहिर की और कहा कि एन0सी0आर0बी0 के हाल में आये आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में अपराध दर भारत के राज्यों में सबसे अधिक है। पूरे भारत में होने वाले अपराधों में 15.4 प्रतिशत अपराध अकेले उत्तर प्रदेश में होते हैं। पूरे भारत में साइबर क्राइम के मामले में उत्तर प्रदेश दूसरे नम्बर पर है। अभी पिछले हप्ते उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने निर्देश जारी करते हुए स्वीकार किया कि उत्तर प्रदेश के 46 जिलों में कानून व्यवस्था चिन्ताजनक है। वहीं वीरेन्द्र चौधरी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार ने विधानसभा में जाति जनगणना के सवाल पर झूठ बोलकर पिछड़ों को धोखा देने का काम किया है। जबकि सच्चाई यह है कि बिहार सरकार के खिलाफ केन्द्र सरकार की गुहार को मा0 सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था कि राज्य सरकार जाति गणना करा सकती है। चौधरी ने यह भी कहा कि सदन में योगी आदित्यनाथ की पिछड़ा विरोधी सरकार बेनकाब हो गयी। प्रदेश के पिछड़े समाज से योगी आदित्यनाथ और सदन में गलत तथ्य रखने वाले मंत्री सूर्य प्रताप शाही को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं के हितों का दावा करने वाली योगी सरकार में 69 हजार शिक्षक भर्ती के नौजवान पिछले 535 दिनों से धरने पर बैठें हैं और सरकार ने उनके दमन का कोई भी तरीका छोड़ा नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि यूपी विधानमंडल में लागू हुए नये नियमों के अनुसार सदन दस दिन से कम नहीं चल सकता और योगी सरकार ने खुद ही यह नियम 4 दिन सदन चलाकर तोड़ दिया। इससे यह जाहिर होता है कि यह लोग नियमों को लेकर कितने गंभीर हैं। उक्त अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय एवं विधायक वीरेन्द्र चौधरी ने संयुक्त रूप से सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, संगठन महासचिव अनिल यादव, महासचिव मणीन्द्र मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता, पुनीत पाठक, सचिन रावत, सुधांशु बाजपेई मौजूद रहे।

जन एक्सप्रेस



# सम्पादकीय

## सिलक्यारा सुरंग की घटना से सरकारों को सबक सीखने की जरूरत

**क्या इस सुरंग को बनाने से पहले इसका अध्ययन नहीं किया गया था? बचाव कार्य के लिए यहां आए विदेशी सुरंग विशेषज्ञों ने शेयर जोन की बात कही। शेयर जोन उसे कहते हैं, जिसके आसपास से दो नदियां एक-दूसरे को क्रॉस करती हैं। भूकंप जोन होने से भी ऐसे इलाकों में भू-धंसान की समस्या आती है। खुदाई करने वाले कई मजदूरों ने भी इस बात को रेखांकित किया एवं चेताया कि सुरंग से बार-बार धसकते मलबे की समस्या है, मगर उस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। प्रश्न है कि कौन लोग इस उपेक्षा के लिये जिम्मेदार हैं।**

*दृढ़ इच्छाशक्ति, लगन, उम्मीद, सकारात्मकता और हौसले की ताकत ने मिलकर आखिर प्रकृति के साथ लड़ी 17 दिन की जंग में जिन्दगी को विजयी बना दिया। सिलक्यारा सुरंग में आठ राज्यों के 41 मजदूरों को सकुशल जिन्दा निकाल लेने के 400 घंटों तक चले संघर्ष में जीत इंसान के चट्टानी हौसले के नाम दर्ज हुई। उत्तरकाशी टनल में फंसे इन सभी मजदूरों को जब मंगलवार रात सुरक्षित निकाला गया, तो देश ने राहत की सांस ली और दीपावली मनाई। यह बचाव अभियान प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय बना है। जिसमें विज्ञान में विश्वास एवं आस्था ने मनोबल दिया। दीपावली के दिन से टनल में फंसे मजदूरों का सुरक्षित बाहर आना किसी चमत्कार से कम नहीं माना जा सकता। बचाव अभियान में हर मोड़ पर आती बाधाओं से बार-बार निराशा एवं नाउम्मीदी के बादल छाए जरूर, लेकिन बचाव दल के अथक प्रयास आखिर में रंग ले ही आए। बजाव कार्य में जुटे जाम्बाज राहत कर्मियों का भरोसा, केन्द्र एवं राज्य सरकार की पूरी ताकत एवं पूरे देश की प्रार्थनाओं का ही असर था जो डर, निराशा और दुश्चिंताओं को दूर करने का हौसला बराबर देता रहा। 17 दिन तक संकटकालीन स्थितियों में मजदूरों को जीवित रखने की चुनौती वाकई बहुत बड़ी थी, जिस पर पूरी दुनिया की नजरें लगी थीं। मजदूरों तक ऑक्सीजन और भोजन पानी पहुंचाना भी आसान नहीं था। तरह-तरह की बाधाओं एवं तकलीफों के बीच जिन्दगी बचाने की मुहिम निश्चित ही एक रोशनी बनी। इसमें सुरंग में फंसे मजबूरों ने जहां हर तरह से जिजीविषा एवं बहादूरी का परिचय दिया, वहीं बचाव कार्य में जुटे वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, तकनीकी जानकारों एवं कर्मियों ने दिन-रात एक करके एक उदाहरण प्रस्तुत किया। यह बचाव अभियान एवं इसकी सफलता ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय उदाहरण बनकर प्रस्तुत हुआ है। दुविधा एवं मौत की सुरंग में कैद हुए मजदूरों को संकट से आजादी मिली, लेकिन सिलक्यारा की इस घटना ने अनेक सवाल भी खड़े किए हैं। सवाल यह है कि एक प्लान के विफल होने पर दूसरा और आगे के विफल होने पर ही तीसरा, चौथा, पांचवां प्लान क्यों बना? क्या पांच प्लान पहले ही तैयार नहीं हो सकते थे? बीते दो दशकों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क-क्रांति ने विकास की नई इबारत लिखी है, चारधाम सड़क परियोजना, पहाड़ी क्षेत्रों एवं दुर्गम्य स्थलों में भी यातायात सुगम करने के लिए पहाड़ खोदकर टनल बनाए जा रहे हैं, जिनमें दुर्घटनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रश्न है कि संभावित दुर्घटनाओं से बचने के आवश्यक उपकरण क्यों नहीं जुटाये गये? मलबा हटाने के लिए अमेरिका से क्यों मशीन मंगवानी पड़ी, भारत में ऐसी मशीनों की उपलब्धता क्यों नहीं है? ऐसी विपत्तियों एवं संकटों से उबरने की हमारी तैयारी आत्म-निर्भर एवं स्वावलम्बी क्यों नहीं बनायी जाती? क्यों नहीं अपने देश में जगह-जगह बढ़ती सुरंग परियोजना को देखते हुए एक ऐसे राष्ट्रीय संस्थान खड़ा किया जाता जो बिना भ्रष्टाचार एवं कोताही में लिप्त हुए निर्माणाधीन परियोजनाओं का हर वर्ष तकनीकी ऑडिट करे, जैसा कि सरकारी संस्थानों में वित्तीय ऑडिट होता है। तब हम ऐसे हादसों को रोक पाएंगे। हिमालय जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसी बड़ी सड़क परियोजनाओं एवं अन्य निर्माण कार्यों की इजाजत देने से पहले उस पर व्यापक मंथन-अनुसंधान-जांच एवं शोध की अपेक्षा है। किस तरह के निर्माण कार्यों की इजाजत दी जाए और किस तरह के काम को नहीं, यह भी समझना एवं एक रोडमैप बनाना होगा। पर्यावरणविद और भूविज्ञानी ऐसे निर्माण कार्यों को पर्यावरण के लिये गंभीर खतरा मानते रहे हैं, ऐसे लोग लंबे समय से कहते आ रहे हैं कि हिमालय एक कच्चा पहाड़ है।*

एक्सप्रेस आलेख

**हादसे से पर्यावरण को भी ऐसी क्षति पहुंची, जिसकी भरपाई सरकारें आज तक नहीं कर पाई हैं। कई रिपोर्टों में इस क्षेत्र में भूजल प्रदूषण की पुष्टि होने के बाद भी सरकार द्वारा जमीन में दफन जहरीले कचरे के निष्पादन की कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई। दरअसल इस भयावह गैस त्रासदी के बाद हजारों टन खतरनाक अपशिष्ट भूमिगत दफनाया गया था और सरकारों ने भी स्वीकार किया है कि यह क्षेत्र दूषित है। विभिन्न रिपोर्टों में बताया जाता रहा कि यूनियन कार्बाइड संयंत्र के आसपास की 32 बस्तियों का भूजल प्रदूषित है और यह सरकारी संवेदनहीनता की पराकाष्ठा ही रही कि गैस पीड़ित वर्ष 2014 तक इसी प्रदूषित भूजल को पीते रहे।**



योगेश कुमार गोयल

**हजारों लोगों के लिए काल बने और लाखों लोगों की जिंदगी बर्बाद कर देने वाले भोपाल में यूसीआईएल के कारखाने का निर्माण वर्ष 1969 में हुआ था, जहां 'मिथाइल आइसो साइनाइट' नामक पदार्थ से कीट नाशक बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। वर्ष 1979 में मिथाइल आइसोसाइनाइट के उत्पादन के लिए एक नया कारखाना खोला गया।**

# भोपाल गैस त्रासदी के 39 बरस

मध्य प्रदेश के भोपाल शहर में 1984 में हुई भयानक गैस त्रासदी की घटना को पूरी दुनिया के औद्योगिक इतिहास की सबसे बड़ी और हृदयविदारक औद्योगिक दुर्घटना माना जाता है। 3 दिसम्बर 1984 को आधी रात के बाद यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) से निकली जहरीली गैस 'मिथाइल आइसोसाइनाइट' ने हजारों लोगों की जान ली थी। उस जानलेवा त्रासदी से लाखों लोग प्रभावित हुए थे। दुर्घटना के चंद घंटों के भीतर ही कई हजार लोग मारे गए थे और मौतों का यह दिल दहलाने वाला सिलसिला उस रात से शुरू होकर कई वर्षों तक अनवरत चलता रहा। भोपाल गैस कांड को 39 साल बीत जाने के बाद भी इसका असर पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और इस त्रासदी से पीड़ित होने वालों के जख्म आज भी हरे हैं। यह हादसा पत्थर दिल इंसान को भी इस कदर विचलित कर देने वाला था कि हादसे में मारे गए लोगों को सामूहिक रूप से दफनाया गया और उनका अंतिम संस्कार किया गया जबकि करीब दो हजार जानवरों के शवों को विसर्जित करना पड़ा और आसपास के सभी पेड़ बंजर हो गए थे। एक शोध में यह तथ्य सामने आया है कि भोपाल गैस पीड़ितों की बस्ती में रहने वालों को दूसरे क्षेत्रों में रहने वालों की तुलना में किडनी, गले तथा फेफड़ों का कैंसर 10 गुना ज्यादा है। इसके अलावा इस बस्ती में टीबी तथा पक्षाघात के मरीजों की संख्या भी बहुत ज्यादा है। इस गैस त्रासदी में पांच लाख से भी ज्यादा लोग प्रभावित हुए थे, जिनमें से हजारों लोगों की मौत तो मौके पर ही हो गई थी और जो जिंदा बचे, वे विभिन्न गंभीर बीमारियों के शिकार होकर जीवित रहते हुए भी पल-पल मरने को विवश हैं। इनमें से बहुत से लोग कैंसर सहित बहुत सी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं और घटना के 39 साल बाद भी इस गैस त्रासदी के दुष्प्रभाव खत्म नहीं हो रहे हैं। विषैली गैस के सम्पर्क में आने वाले लोगों के परिवारों में इतने वर्षों बाद भी शारीरिक और मानसिक रूप से अक्षम बच्चे जन्म ले रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक गैस त्रासदी से 3787 की मौत हुई और गैस से करीब 558125 लोग प्रभावित हुए थे। हालांकि कई एनजीओ का दावा रहा है कि मौत का यह आंकड़ा 10 से 15 हजार के बीच था तथा बहुत




**3 दिसम्बर 1984 को इसी कार्बाइड फैक्टरी से करीब 40 टन गैस का रिसाव हुआ था। गैस के रिसाव के उपरांत गैस के बादल में फोस्जीन, हाइड्रोजन सायनाइड, कार्बन मोनो-ऑक्साइड, हाइड्रोजन क्लोराइड इत्यादि के अवशेष भी पाए गए थे।**

सारे लोग अनेक तरह की शारीरिक अपंगता से लेकर अंधेपन के भी शिकार हुए। विभिन्न अनुमानों के मुताबिक करीब 8 हजार लोगों की मौत तो दो सप्ताह के भीतर ही हो गई थी जबकि करीब 8 हजार अन्य लोग रिसी हुई गैस से फैली संबंधित बीमारियों के चलते मारे गए थे। हजारों लोगों के लिए काल बने और लाखों लोगों की जिंदगी बर्बाद कर देने वाले भोपाल में यूसीआईएल के कारखाने का निर्माण वर्ष 1969 में हुआ था, जहां 'मिथाइल आइसोसाइनाइट' (मिक) नामक पदार्थ से कीटनाशक बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। वर्ष 1979 में मिथाइल आइसोसाइनाइट के उत्पादन के लिए एक नया कारखाना खोला गया लेकिन भोपाल गैस त्रासदी की घटना के समय तक उस कारखाने में सुरक्षा उपकरण ठीक हालात में नहीं थे और वहां सुरक्षा के अन्य मानकों का पालन भी नहीं किया जा रहा था। 3 दिसम्बर 1984 को इसी कार्बाइड फैक्टरी से करीब 40 टन गैस का रिसाव हुआ था। गैस के रिसाव के उपरांत गैस के बादल में फोस्जीन, हाइड्रोजन सायनाइड, कार्बन मोनो-ऑक्साइड, हाइड्रोजन क्लोराइड इत्यादि के अवशेष भी पाए गए थे। जिन लोगों के फैंफड़ों में सांस के जरिये गैस की ज्यादा मात्रा पहुंच गई, वे सुबह देखने के लिए जीवित ही नहीं बचे। बहुत सारे लोग ऐसे थे, जिन्होंने नींद में ही अपनी आखिरी सांस ली। लोगों को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि आखिर यह सब हो क्या रहा है? गैस के कारण लोगों की आंखों और सांस लेने में परेशानी हो रही थी, सिर चकरा रहा था, बहुतों को कुछ दिखाई ही नहीं दे रहा था। हजारों लोगों के एकाएक अस्पतालों में पहुंचने से डॉक्टरों को भी कुछ समझ नहीं आ रहा था कि जहरीली गैस से पीड़ित इतने सारे लोगों का किस प्रकार और क्या इलाज किया जाए क्योंकि उनके पास भी मिक गैस से पीड़ित लोगों के इलाज का कोई अनुभव नहीं था। वे इस रासायनिक आपदा के उपचार के लिए पूर्ण रूप से तैयार नहीं थे। भले ही गैस रिसाव के करीब आठ घंटे बाद भोपाल को जहरीली गैस के असर से मुक्त मान लिया गया था किन्तु हकीकत यह है कि इस गैस त्रासदी के 39 वर्षों बाद भी भोपाल उस हादसे से उबर नहीं पाया है। हादसे से पर्यावरण को भी ऐसी क्षति पहुंची, जिसकी भरपाई सरकारें आज तक नहीं कर पाई हैं। सरकारों का इस पूरे मामले में रूख संवेदनहीन ही रहा है। कई रिपोर्टों में इस क्षेत्र में भूजल प्रदूषण की पुष्टि होने के बाद भी सरकार द्वारा जमीन में दफन जहरीले कचरे के निष्पादन की कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई। दरअसल इस भयावह गैस त्रासदी के बाद हजारों टन खतरनाक अपशिष्ट भूमिगत दफनाया गया था और सरकारों ने भी स्वीकार किया है कि यह क्षेत्र दूषित है। विभिन्न रिपोर्टों में बताया जाता रहा कि यूनियन कार्बाइड संयंत्र के आसपास की 32 बस्तियों का भूजल प्रदूषित है और यह सरकारी संवेदनहीनता की पराकाष्ठा ही रही कि गैस पीड़ित वर्ष 2014 तक इसी प्रदूषित भूजल को पीते रहे। हालांकि वर्ष 2014 में इन क्षेत्रों में पानी की पाइपलाइन डाली गई लेकिन तब तक जहरीले रसायन लोगों के शरीर में गहराई तक घुल चुके थे।

## एक्सप्रेस कविता

*चाहत थी आखरी सांस तक जीने*
*शर्त तो थी,लम्हा लम्हा जीने की।*
*आबरू बचा लूं तूफान से,मेरे उस टूटे*
*हुए सकीने की, सकिने- शांती,*
*दिल को तस्कीन सी मिली जाना,*
*बात जब भी तेरी किसीने की।*



*तास्किन-तसल्ली, होश बन*
*जाए न आजाब कहीं ,*
*अब आरज़ू है शराब पीने*
*की आजाब- पीड़ा,दर्द,*
*मुझको संजीव कभी गम*
*नहीं इसका, कीमतें बेहद*
*कम मिली पसीने की ।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

***नायाब चीजें हमेशा उन जगहों पर छिपी होती हैं जिनके बारे में लोग कभी सोचते भी नहीं।***





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्ठी 19:29 तक |
| नक्षत्रः | आश्लेषा 21:33 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | इंद्र, 20:47 |
| सूर्योदयः | 07:01 |
| सूर्यास्तः | 17:19 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 16:02-17:19 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:50-12:31 |

जन एक्सप्रेस

### हो ऐसा उपाय !

*पत्रकारिता स्वच्छ रहे ।*
*हो ऐसा उपाय ।।*
*काम है जो सच्चा ।*
*है वही सहाय ।।*
*है रह कर निष्पक्ष ।*
*करनी हर पड़ताल ।।*
*रहे ध्यान केंद्रित ।*
*वाजिब भी सवाल ।।*
*बेवजह और बेमतलब से ।*
*है पाना छुटकारा ।।*
*बात सही है लोकतंत्र का ।*
*आप भी सहारा ।।*
*ज़म्मिेदार बन कर ।*
*है सब कुछ निपटाना ।।*
*पास आपके ताकत है ।*
*दुनिया ने भी माना ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# आवाज फटने या गला बैठने पर अपनाएं घरेलू नुस्खे, मिलेगा जल्द आराम

**सर्दी-जुकाम** की वजह से कुछ लोगों का गला बैठ या फिर फट जाता है। खासतौर पर आवाज फटने की परेशान तब होती है, जब आप एक साथ अधिक ठंडी और गर्म चीजों का सेवन कर लेते हैं। इसके अलावा काफी ज्यादा चिल्लाने और गाने की वजह से भी कुछ लोगों की आवाज फट जाती है। ऐसी स्थिति में कभी-कभी बोलना मुश्किल हो जाता है। आवाज फटने पर जब आप बोलते हैं, तो आपको काफी तेज आवाज निकालने की जरूरत पड़ जाती है। लेकिन इससे आपकी आवाज और अधिक खराब हो सकती है। इसलिए इस परेशानी से निपटने के लिए आप घरेलू नुस्खों का सहारा लें। ताकि आपकी आवाज जल्द से जल्द ठीक हो सके।



**अदरक का करें प्रयोगः** फटी आवाज को ठीक करने के लिए आप अदरक का इस्तेमाल 3 आसान तरीकों से कर सकते हैं आवाज फटने या फिर बैठने पर अदरक को अच्छे से घीसकर पीस लें। अब इसमें 2 लौंग और थोड़ी सी हींग पीसकर डाल दें। इसके बाद इसमें शहद मिलाकर चाटें। दिन में 2 बार इसका सेवन करने से आपकी आवाज कुछ ही दिनों में ठीक हो सकती है। आवाज को ठीक करने के लिए आप सौंठ का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले 100 ग्राम सौंठ लें। अब इसमें 2 ग्राम हींग और 4 ग्राम लौंग मिलाएं। इसके बाद सभी सामाग्री को पीसकर चूर्ण तैयार कर लें। इस चूर्ण को सुबह शाम गुनगुने पानी के साथ लें। इससे गला तुरंत ठीक हो जाएगा।

**कुछ लोगों की आवाज गले में जमाः** कफ की वजह से फट जाती है। अगर आपके गले में कफ जमा है, तो अदरक के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं। अदरक के रस का सेवन करने से गले और छाती में जमा कफ निकल सकता है। इसके आपकी आवाज तुरंत ठीक हो सकती है।

**गर्म पानी का करें इस्तेमालः** आवाज बैठने या फिर फटने पर गर्म पानी का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसकी आपकी आवाज लौट सकती है। आवाज को ठीक करने के लिए आप गर्म पानी का कई तरीकों से यूज कर सकते हैं। भाप लें- आवाज ठीक करने के लिए आप गर्म पानी से भाप ले सकते हैं। भाप लेने से सीने और गले में जमा कफ बाहर निकलता है। साथ ही इससे गले में मौजूद संक्रमण से भी बचाव किया जा सकता है।

**नमक का गुनगुना पानीः** आवाज बदलने या फिर फटने पर नमक के गुनगुने पानी से गरारा करें। इससे आपका आवाज सही हो सकती है। आवाज को ठीक करने के लिए आप गर्म पानी पी भी सकते हैं। कुछ दिनों तक लगातार गर्म पानी से आपकी आवाज ठीक हो सकती है। साथ ही गला भी साफ होगा।

**गले को दें आरामः** आवाज फटने या फिर बैठने पर ज्यादा बोले नहीं। जितना हो सके, गले को आराम दें। इससे आपकी आवाज खुलेगी। आवाज को ठीक करने के लिए आप कुछ समय के लिए मौन धारण भी कर सकते हैं। इससे आप पर काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**शहद का करें इस्तेमालः** आवाज फटने पर शहद का इस्तेमाल भी आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। शहद में एंटीबैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं, जो गले की आवाज को ठीक करने में मददगार हो सकते हैं। इसका इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले 2 चम्मच शहद और 2 चम्मच नींबू लें। अब इन दोनों मिश्रण को मिलाकर पी जाएं। दिन में 2 से 3 बार इस मिश्रण का सेवन करने से आपकी आवाज ठीक हो सकती है।

**लहसुन का इस्तेमालः** गले की आवाज को ठीक करने के लिए लहसुन का इस्तेमाल किया जा सकता है। लहसुन में एंटी-बैक्टीयल और एंटी-फंगल गुण मौजूद होते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष



रमेश सर्राफ धमोरा

**अब दिव्यांग लोगों के प्रति अपनी सोच को बदलने का समय आ गया है। दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में तभी शामिल किया जा सकता है जब समाज इन्हें अपना हिस्सा समझे। इसके लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान की जरूरत है।**

# दिव्यांगों का भी हो समुचित विकास

**देश में दिव्यांगो को दी जाने वाली सुविधाएं कागजों तक सिमटी हुई हैं। अन्य देशों की तुलना में हमारे यहां दिव्यांगों को एक चौथाई सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है। केन्द्र सरकार ने देशभर के दिव्यांग युवाओं को केन्द्र सरकार में सीधी भर्ती वाली सेवाओं के मामले में दृष्टि बाधित, बधिर और चलने-फिरने में दिव्यांगता या सेरेब्रल पल्सी के शिकार लोगों को उम्र में 10 साल की छूट देकर एक सकारात्मक कदम उठाया है।**

**समाज** में दिव्यांगता को एक सामाजिक कलंक के रूप में देखा जाता है। जिसे सुधारने की आवश्यकता है। इसीलिए हर साल 3 दिसंबर को विश्व विकलांग दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1992 में हर वर्ष 3 दिसम्बर को अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस के रूप में मनाने घोषणा की गयी। इसका उद्देश्य समाज के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को बढ़ावा देना और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में दिव्यांग लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। मगर आज भी लोगों को तो इस बात का भी पता नहीं होता है कि हमारे आसपास कितने दिव्यांग रहते हैं। उन्हें समाज में बराबरी का अधिकार मिल रहा है कि नहीं। यह एक कड़वी सच्चाई है कि भारत में दिव्यांग आज भी अपनी जरूरतों के लिए दूसरों पर आश्रित हैं। दुनिया में 8 प्रतिशत लोग दिव्यांगता का शिकार हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 2.21 प्रतिशत आबादी यानी 2.68 करोड़ लोग किसी न किसी तरह की दिव्यांगता से ग्रस्त हैं। दिव्यांग जनसंख्या में 56 प्रतिशत (1.5 करोड़) पुरुष हैं और 44 प्रतिशत (1.18 करोड़) महिलाएं हैं। दिव्यांगता अभिशाप नहीं है। शारीरिक अभावों को यदि प्रेरणा बना लिया जाये तो दिव्यांगता व्यक्तित्व विकास में सहायक हो जाती है। यदि सोच सही रखी जाये तो अभाव भी विशेषता बन जाते हैं। दिव्यांगों का मजाक बनाना, उन्हें कमजोर समझना एक भूल और गैर जिम्मेदाराना व्यवहार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 दिसंबर 2015 को 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा था कि शारीरिक रूप से अशक्त लोगों के पास एक 'दिव्य क्षमता' है और उनके लिए 'विकलांग' शब्द की जगह दिव्यांग शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से विकलांगों को दिव्यांग कहने की अपील की थी। जिसके पीछे तर्क था कि शरीर के किसी अंग से लाचार व्यक्ति में ईश्वर प्रदत्त कुछ खास विशेषताएं होती हैं। विकलांग शब्द उन्हें हतोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर देश के लोगों ने विकलांगों को दिव्यांग तो कहना शुरू कर दिया लेकिन लोगों का उनके प्रति नजरिया आज भी नहीं बदला है। आज भी दिव्यांगों को दयनीय दृष्टि से देखा जाता है। भले ही देश में अनेकों दिव्यांगों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया हो मगर लोगों का उनके प्रति वहीं पुराना नजरिया बरकरार है। विकलांगों के अधिकारों के लिए काम कर रहे संगठन नेशनल प्लेटफॉर्म फॉर द राइटस ऑफ डिसएबिल्ड ने प्रधानमंत्री मोदी के दिव्यांग शब्द पर उनको पत्र लिखकर कहा कि था कि केवल शब्द बदलने मात्र से विकलांगों के साथ होने वाले व्यवहार के तौर-तरीके में कोई बदलाव नहीं आएगा। सबसे बड़ी जरूरत विकलांगों से जुड़े अपयश, भेदभाव और हाशिए पर डालने के मुद्दों पर ध्यान देने की है। दुनिया में बहुत से ऐसे दिव्यांग हुए हैं जिन्होंने अपने साहस, संकल्प और उत्साह से विश्व के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अपना नाम लिखवाया है। तैमूरलंग हाथ और पैर से शक्तिहीन था। मेवाड़ के राणा सांगा बचपन में ही एक आंख गंवाने तथा युद्ध में एक हाथ व एक पैर तथा 80 घावों के बावजूद कई युद्धों में विजेता रहे थे। सिख राज्य की स्थापना करने वाले महाराजा रणजीत सिंह की एक आंख बचपन से ही खराब थी। सुप्रसिद्ध नृत्यांगना सुधाचंद्रन का दायां पैर नहीं था। फिल्मी गीतकार कृष्ण चंद्र डे तथा संगीतकार रविंद्र जैन देख नहीं सकते थे। पूर्व क्रिकेटर अंजन भट्टाचार्य मूक-बधिर थे। वर्ल्ड पैरा चैम्पियनशिप खेलों में झुंझुनू जिले के दिव्यांग खिलाड़ी संदीप कुमार व जयपुर के सुन्दर गुर्जर ने भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर भारत का मान बढ़ाया है। भारत में आज भी दिव्यांगता प्रमाण पत्र हासिल करना किसी चुनौती से कम नहीं है। सरकारी कार्यालयों और अस्पतालों के कई दिनों तक चक्कर लगाने के बाद भी लोगों को मायूस होना पड़ता है। हालांकि सरकारी दावे कहते हैं कि इस प्रक्रिया को काफी सरल बनाया गया है, लेकिन हकीकत इससे काफी दूर नजर आती है। दिव्यांगता का प्रमाणपत्र जारी करने के सरकार ने जो मापदण्ड बनाये हैं। अधिकांश सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक उनके अनुसार दिव्यांगों को दिव्यांग होने का प्रमाणपत्र जारी नहीं करते। जिसके चलते दिव्यांग व्यक्ति सरकारी सुविधायें पाने से वंचित रह जाते हैं। सरकार द्वारा देश में दिव्यांगों के लिए कई नीतियां बनायी गयी हैं। उन्हें सरकारी नौकरियों, अस्पताल, रेल, बस सभी जगह आरक्षण प्राप्त है। दिव्यांगों के लिए सरकार ने पेंशन की योजना चला रखी है। लेकिन ये सभी सरकारी योजनाएं उन दिव्यांगों के लिए महज मजाक बनकर रह गयी हैं। जब इनके पास इन सुविधाओं को हासिल करने के लिए दिव्यांगता का प्रमाणपत्र ही नहीं है।

# लेखपालों के विरुद्ध आए दिन कोई न कोई शिकायत फिर भी तहसील प्रशासन क्यों नहीं करता कार्रवाई

**भू-माफिया से सांठगांठ कर दाम के दम पर नाजायज काम करना तालाबों पर कब्जेदारी हर जगह लेखपालों का गोरखधंधा चल रहा, वर्तमान समय में भू-माफियों के हाथों की कठपुतली बन गये हैं लेखपाल**

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** लेखपालों ने तहसील में अपनी जड़ें ऐसी जमा ली है की तहसील प्रशासन उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं करता किसी को राजनीतिक संरक्षण किसी को विभागीय अधिकारियों को जबदस्त लाभ कराने का सहयोग लेखपालों को इतना सहयोग शायद इसीलिए उनके विरुद्ध तहसील प्रशासन नहीं कर करवाई का प्रयोग बस यही सहयोग के मकड़जाल में फंसा पड़ा हुआ है तहसील प्रशासन इसीलिए लेखपाल चाहे जो करे तहसील प्रशासन लेखपालों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करता इसके पीछे की सबसे बड़ी एक वजह यह भी है।लेखपाल द्वारा किए जा रहे भ्रष्ट कार्यों में तहसील प्रशासन की संलिप्तता है। जिसकी वजह से वह पूरी तरह से बेखबर है। सच्चाई यह है तहसील प्रशासन को पहले से जानकारी होती है। की लेखपाल क्या सही ग़लत कर रहा है।तभी तो लेखपाल ग़लत रिपोर्ट लगा दे माफ और तो और अपनी ग्राम पंचायत को छोड़कर दूसरे लेखपाल के कार्यक्षेत्र में जाकर रिपोर्ट लगा दे वह भी माफ स्थानान्तरण होने के बावजूद वहीं जमे रहे और भ्रष्टाचार करें माफ दूसरे लेखपाल को चार्ज न दे माफ़ कुल मिलाकर कुछ भी करे लेखपाल के भ्रष्ट कार्यों पर माफ़ी रूपी मोहर तहसील प्रशासन की लग जाती क्योंकि लेखपाल भू माफिया की पहली पसंद होते हैं और भू माफियाओं के पास दौलत की कोई कमी नहीं होती व लेखपालों को अपने इशारों पर नचाते हैं और लेखपाल उनके सारे उल्टे सीधे कार्य करते हैं। जिसकी बानगी लेखपाल सुधीर वर्मा जिसने इतना गंदा ग़लत कार्य किया जिस पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए थी लेकिन वही तहसील प्रशासन की संलिप्तता की वजह हो सकती है। लेखपाल सुधीर वर्मा के विरुद्ध कार्रवाई न होना या फिर नेता जी के फोन का असर खबर निकल रही है। निकलने दो जो किया सो ठीक किया लेखपाल का स्थानांतरण हो गया नहीं जा रहा न जाए भूले से कोई कार्रवाई नहीं अपना बंदा है। बताते चलें लेखपाल सरकारी नुमाइंदे होते हुए सरकारी काम के लिए मुंशी रखते हैं सरकारी काम वह देखते हैं। हर लेखपाल के पास एक से दो मुंशी है जो पूरा काम सरकारी देखते और लेखपाल भू माफिया के काम कहा प्लाटिंग ग्राम समाज की भूमि है कहा तलाब पर कब्जा किए भू माफिया को बचाना है मोटी रकम कमाना है। और अगर खबर चल जाए तो तथाकथित पत्रकारों के मुंह पर रूपए मारकर चुप करा कर भू माफिया को बचाना है क्योंकि भू माफिया के नाजायज काम करना लेखपालों की पहली प्राथमिकता है। पीड़ितों को संभाले मुंशी लेखपालों द्वारा खुद के भ्रष्टाचार को दबाने के लिए हर हथकंडे अपनाए हुए हैं। लेखपाल जगह साफ है तहसील प्रशासन के जिम्मेदारो के लिए आय का स्रोत है लेखपाल इसी लिए पूरी तरह से सेफ है।लेकिन राजस्व विभाग में ऐसा नहीं होता तो राजस्व विभाग के इन नुमाइंदों के विरुद्ध एक्शन न लिए जाना एक बहुत बड़ा सवाल है जिसका जवाब तहसील प्रशासन के पास नहीं है।

# महानिरीक्षक को जिला कारागार में निरीक्षण के दौरान मिली खामियां

**अधीनस्थ अधिकारियों को दिए खामियां दूर करने के निर्देश, अफसरों की थमी रहीं सांसें**

जन एक्सप्रेस । बहराइच



जिला कारागार का निरीक्षण करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के महा निरीक्षक कारागार शनिवार को बहराइच पहुंचे। महानिरीक्षक का लोक निर्माण भवन में डीएम और एसपी ने स्वागत किया। इसके बाद महानिरीक्षक कारागार ने जिला कारागार का निरीक्षण कर खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभागीय अधिकारियों की सांसें थमीं रहीं। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक/ महानिरीक्षक कारागार एसएन सावंत शनिवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। शहर के लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने महा निरीक्षक का स्वागत किया। इसके बाद महानिरीक्षक ने जिले के अधिकारियों से जेल में बंद कैदियों के बारे में जानकारी ली। इसके बाद महानिरीक्षक श्री सावंत जिला कारागार का भौतिक सत्यापन करने जिला कारागार पहुंच गए। उन्होंने जेल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सरकार जेल के बंदियों को स्किल डेवलपमेंट में मजबूत बना रही है। साथ ही जेल में जिन महिला बंदियों के बच्चे बंद हैं, उनकी पढ़ाई का ख्याल रख रही है। श्री सावंत ने कहा कि जेल में अभी कुछ खामियां मिली है। जिसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान एसपी ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, जेल अधीक्षक राजेश यादव, सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पर्यावरण प्रेमी दानियाल ने स्कूल में पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन

जन एक्सप्रेस । रिजवान खान



**पलिया कलां खीरी।** बरेलीफ़ार्म एस एस बी कैम्प में स्थित केंद्रीय विद्यालय के छात्र दानियाल ख़ान ने अपना जन्मदिन स्कूल के अंदर पौधा रोपकर मनाया और उन्होंने बताया कि पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग है।आप को बताते चलें संपूर्णानगर खीरी समाजसेवी डॉ आई ए ख़ान के पर्यावरणप्रेमी बच्चे मिस्बाह और दानियाल प्रत्येक वर्ष अपने जन्म दिवस तथा पर्यावरण दिवस आदि ख़ास मौकों पर ज़्यादा से ज़्यादा पौधे लगाते हैं और लोगों को उपहार स्वरूप पौधे भेंट करते हैं प्रत्येक वर्ष अपने गुल्लक के पैसे लोगों की सेवा में लगाते हैं पिछले साल बच्चों ने अपने गुल्लक के पैसे से सभी धार्मिक स्थलों और सरकारी संस्थानों में पौधे लगाए एवं बाटे थे बच्चे मतदाताओं को जागरूक करने का भी काम करते हैं कोरोना काल के दौरान समाजसेवी बच्चों ने क्षेत्र में कोरंटीन लोगों को थाना संपूर्णानगर के माध्यम से कई कुन्तल संतरे बाटे थे केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य ने दानियाल के कार्य की प्रसंशा की और पेड़ पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला इस मौक़े पर महेंद्र कुमार प्राचार्य राजेंद्र कुमार खेल शिक्षक विवेक श्रीवास्तव संस्कृत शिक्षक दीप्ति बंसल टी. जी.टी, शुभम सिंह गणित शिक्षक उषा जोशी प्राथमिक शिक्षिका दीक्षा मौर्य सगीत शिक्षिका आकांक्षा शुक्ला अंग्रेजी शिक्षिका इकरा खान प्राथमिक शिक्षिका विनय पांडे प्राथमिक शिक्षक अंकितेश गौरव कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर रंजना पाल विशेष शिक्षक आदि लोग मौजूद रहे।

## मोहम्मदी मे निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी

**मोहम्मदी खीरी।** केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता पूनिरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज मोहम्मदी तहसील परिसर से मतदाता जागरूकता रैली निकली गई। रैली को उप जिलाधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा नगर के प्रमुख मार्गो पर रैली के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयो के आए बच्चों और बच्चियों का उत्साह वर्धन भी करते रहे। रैली तहसील परिसर से होती हुई बरवर चौराहा से बाजार गंज, पानी वाली टंकी से नत्थू चौराहा से पीडी इंटर कॉलेज से तालिब अली चौराहा से हनुमान मंदिर होते हुए तहसील में समाप्त हुई, जहां उपजिलाधिकारी ने रैली को संबोधित किया। रैली में सभी डिग्री कॉलेज और इंटर कॉलेज के बालक और बालिकाएं सम्मिलित हुए। रैली में लगभग 2000 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। रैली लगभग 1 किलोमीटर लंबी रही। रैली को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार ने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य हैं सभी लोग 9 दिसंबर तक अपने-अपने बूथों पर जाकर मतदाता जरूर बने, और आगे चलकर आने वाले चुनाव में अपने मतदान का प्रयोग करें। उन्होंने सभी विद्यालयों के आए हुए बच्चों और बच्चियों सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य को बधाई दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पसगवां खंड शिक्षा अधिकारी जेपी गौतम सहित अन्य रैली के साथ साथ रहे।



# पोस्टर प्रतियोगिता के द्वारा छात्र-छात्राओं ने जगाई सड़क सुरक्षा की अलख

**अनामिका प्रथम, दिशा द्वितीय तथा बलराम चौधरी रहे तृतीय स्थान पर**

जन एक्सप्रेस । बहराइच

सड़क सुरक्षा को लेकर शनिवार को किसान पीजी कॉलेज के ड्राइंग एंड पेंटिंग विभाग की ओर से छात्र छात्राओं के बीच पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कर यातायात जागरूकता का संदेश दिया गया। ये प्रतियोगिता बहराइच के किसान डिग्री कालेज में ड्राइंग एंड पेंटिंग विभाग की तरफ से आयोजित की गई थी जिसमें अनामिका अव्वल रही तथा दिशा तिवारी को दूसरा और बलराम चौधरी को तीसरा स्थान मिला। किसान डिग्री कालेज के सचिव मेजर डॉ एस पी सिंह वा प्राचार्य विनय सक्सेना के निर्देशन में ड्राइंग एंड पेंटिंग विभाग ने इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया,जिसमे छात्र छात्राओं ने सड़क सुरक्षा का संदेश देने के लिए शराब पी कर गाड़ी ना चलाएं,हेलमेट का उपयोग करना,जेब्रा लाइन पर चलना तथा इंडिकेटर का इस्तेमाल करने जैसी संदेश देने वाली पेंटिंग बनाई।विभाग प्रभारी डॉ सविता वर्मा ने बताया के सड़क सुरक्षा को लेकर बच्चो में दो घंटे की पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई थी जिसमे काफी संख्या में छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया इस प्रतियोगिता में छात्रा अनामिका पहले स्थान पर दिशा तिवारी दूसरे वा छात्र बलराम चौधरी तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का निरीक्षण भूगोल डिपार्टमेंट के डॉ धर्मेंद्र त्रिपाठी और अनुपम प्रकाश के द्वारा किया गया, तथा प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ सविता वर्मा और डॉ प्रमोद ने निभाई।

## ग्राम पंचायतों में 38.25 करोड़ से रफ्तार पकड़ेंगे विकास कार्य

जन एक्सप्रेस । हरदोई

जिले की ग्राम पंचायतें मालामाल हो गईं। देर से ही सही चालू वित्तीय वर्ष में आठ माह बीतने के बाद 1,293 ग्राम पंचायतों को 38.25 करोड़ का टाइड फंड जारी हुआ है। इससे गांवों में प्राथमिकता वाले विकास कार्य पहले कराए जाएंगे। पंचायतीराज विभाग की ओर से ग्राम पंचायतों को निर्माण कार्य के लिए विभिन्न मदों से राशि जारी की जाती है। चालू वित्तीय वर्ष में भारत सरकार की ओर से 15वें वित्त आयोग से टाइड फंड की मद में 38,25,89,592 रुपये जारी किए गए हैं। यह फंड ग्राम पंचायतों के खातों में सीधे जारी हुआ है। पंचायतीराज विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से जारी आदेश में ग्राम पंचायतों के लिए वास्तविक आवंटन की मद में 38,00 69,350 और पुनर्गठन मद में 25,20,242 रुपये जारी किए गए हैं। इससे गांवों में पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, खुले में शौच मुक्त से जुड़े काम कराए जा सकेंगे। 15वें वित्त आयोग के टाइड फंड से कुल बजट में से 70 प्रतिशत राशि ग्राम पंचायतों और 15-15 प्रतिशत राशि जिला पंचायत और क्षेत्र पंचायत को जारी किए जाने की व्यवस्था है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में अफसरों ने सुनीं जनसमस्याएं

जन एक्सप्रेस/कैसरगंज, बहराइच। सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील कैसरगंज में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित, पुलिस क्षेत्राधिकारी कमलेश प्रताप सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए।



### किसान सम्मान निधि के नाम पर हो रही वसूली

**जिम्मेदार अधिकारी भी नहीं दे रहे ध्यान**

**अब किसान भेजेंगे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को शिकायत**

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/गोला गोकर्णनाथ खीरी। शहर की तहसील में कई महीनों से किसान सम्मन निधि के नाम पर अवैध वसूली का काम बड़े जोरों पर चल रहा है।बताते हैं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने के लिए तहसील में मौजूद प्राइवेट कर्मचारी की बल्ले बल्ले हो रही है, किसानों का शोषण हो रहा है जिसकी कई बार अधिकारीयों को जानकारी दी गई,द्य पर अच्छी साथ गांठ से होने के चलते ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। एक तरफ प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी द्वारा किसानों के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिससे किसानों को मदद मिल सके, पर गोला तहसील में कई महीनों से एक प्राइवेट कर्मचारी किसान सम्मान निधि के नाम पर पैसे वसूल रहा है। खुलेआम किसानों का शोषण तहसील परिसर में ही हो रहा है वह किसी भी अधिकारियों को नही दिख रहा है। कई किसानों ने यहां के जनप्रतिनिधियों से शिकायत की, पर अधिकारी सुन के अनसुनी कर देते हैं। किसानों का कहना है अब इसकी शिकायत प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भेजी जाएगी। इस संबंध में जब तहसीलदार सुखबीर सिंह को फोन किया गया तो उन्होंने फोन नहीं रिसीव किया इसलिए उनका पक्ष नहीं मिल सका है।



### वन विभाग की लापरवाही से 1 वर्ष में दर्जनों किसान बन गए बाघ का निवाला: अंजनी दीक्षित

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने कहा है अगर वन विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाते तो इतने किसने की जान नहीं जाती वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियां को छोड़कर सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों में यह बताने के लिए जाते हैं बाघ के पद चिन्ह देखे गए हैं ग्राम वासी होशियार रहे जबकि वन विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है जहा बाघ के पद चिन्ह दिखाई पड़े इस क्षेत्र में अपना पिंजरा लगा करके बाघ को पकड़ने का काम किया जाना चाहिए हमारे पूरे जनपद में 1 वर्ष में एक दर्जन से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं इन घटनाओं के बीच में मात्र तीन या चार हिंसक तेंदुओं को पकड़ा गया है जबकि कई स्थानों पर पद चिन्ह देखकर के वन विभाग के कर्मचारी अधिकारी किसानों को सचेत रहने की जानकारी देते हैं लेकिन उनके पदचिन्हों का पीछा कर अपना कटघरा लगा पकड़ने का काम नहीं करते वर्तमान समय में खेतों में गन्ने की छिलाई का कार्य चल रहा है किसान मजदूर खेतों में काम कर रहे हैं जिससे उनका जीवन का खतरा हर समय बना हुआ है वन विभाग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें बाघ के पदचिन्हों का सत्यापन करते हुए पिंजरा लगाएं और अपने जानवरों को पड़कर अपने जंगल ले जाए यह कार्य जब तक जारी रहे जब तक ग्रामीण क्षेत्रों में बाघ होने की आशंका हो अब और अधिक बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# सेमीफाइनल मैच में डीएफए बलिया और मऊ की टीमों ने फाइनल में किया कब्ज़ा

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी



महरानी सुरथ कुमारी पब्लिक स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट के आठवें दिन फुटबाल ग्राउड़ पर टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच खेला गया। जिसमें डीएफए बलिया और मऊ की टीमें फाइनल में कब्ज़ा कर लिया।सिंगाही की धरती पर लगातार फुटबाल का लुत्फ उठाने वाले दर्शकों से खचाखच भरे खेल मैदान पर पहला सेमीफाइनल मैच डीएफए बलिया वर्सेज खैराबाद मऊ के मध्य खेला गया। जिसमें पहले हाफ डीएफए मऊ के खिलाड़ी द्वारा फ़ाउल होने पर दिए गए पेनाल्टी शूट में एक गोल मार दिया इसके बाद दोनों टीमों की कोई भी गोल नही हो पाया जिससे डीएफए बलिया की टीम ने 1-0 से जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरा मैच रेलवे इलाहाबाद और मऊ स्टेडियम के मध्य खेला गया मैच के पहले हाफ में दोनों टीमें कोई गल नहीं कर पाई। दूसरे हाफ में स्टेडियम मऊ के खिलाड़ी सरोज ने 68वें मिनट पर पहला गोल मारकर बढ़त बनाई रेलवे इलाहाबाद की टीम अंत तक कोई गल नहीं कर पाई जिससे मऊ की टीम ने मैच को 1-0 से जीतकर फाइनल पर कब्जा कर लिया। महामंत्री सुनील बत्रा ने बताया कल फाइनल मैच डीएफए बलिया और मऊ के बीच 1 बजे खेला जाएगा फाइनल टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि सांसद अजय मिश्र टेनी विशिष्ट अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर आज के मुख्य मेहमान एसडीएम निघासन अश्विनी कुमार क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार, तहसीलदार भीमचन्द, राजा राजेश्वर सिंह, डॉ रवि पन्त, राकेश कुमार, अशोक वर्मा, उत्तम सोनी, सुकेश रस्तोगी, अनुराग पुरवार के साथ हजारों की संख्या में बैठे लोगों ने महारानी सूरथ कुमारी पब्लिक स्टेट टूर्नामेंट का लुत्फ उठाया।

# शिकायत मिलने पर डीएम ने दिए लेखपाल को निलंबित करने के निर्देश

जन एक्सप्रेस । बहराइच

**दिव्यांग ने बताई मजबूरी तो तत्काल बन गया प्रमाण पत्र**

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान लेखपाल आदित्य श्रीवास्तव के विरूद्ध अनियमित्ता की शिकायत पाये जाने पर डीएम ने दोषी लेखपाल को निलम्बित करने का निर्देश दिया। समाधान दिवस में ग्राम भदरौली से दिव्यांग भुवन प्रताप सिंह को डीएम के निर्देश पर तत्काल दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी किया गया। गोडहिया नं. 2 निवासी चुनामन लाल के यहां विद्युत कनेक्शन का विच्छेदन हो जाने के बावजूद विद्युत बिल प्राप्त होने तथा ऐनीहतिन्सी के मो. आसिफ के बिल सम्बन्धी शिकायत का डीएम ने कड़ा संज्ञान लेते हुए अधि.अभि. विद्युत कैसरगंज से तत्काल समाधान कराया साथ ही निर्देश दिया कि ऐसे सभी विभागीय मामलों में तत्परता के साथ कार्यवाही की जाय। इसी प्रकार ग्राम पंचायत हरचन्दा-जरवल चकरोड की पटाई व पेयजल परियोजना परिसर में मिट्टी भराई से सम्बन्धित कार्य को तत्काल स्वीकृत कराते हुए शीघ्र ही कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार ग्राम सिदरखी अलहियापुर से आयी फरियादी सावित्री के राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र को मौके पर ही स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राज कुमार, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार कैसरगंज अजय यादव, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 20 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार अन्य तहसीलों महसी में प्राप्त 32 में 03, सदर बहराइच में प्राप्त 38 में 02, कैसरगंज में प्राप्त 274 में 18, नानपारा में प्राप्त 70 में 07 तथा पयागपुर में प्राप्त 129 में 06 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का डीएम की अध्यक्षता में आयोजन



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील मितौली सभागार में प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम विनीत उपाध्याय, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए।प्रभारी डीएम ने समाधान दिवस में आए फरियादियों से समस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने कई मामलों में समस्या निस्तारण को पुलिस व राजस्व टीमें भेजी। डीएम ने मामलों के समाधान को सम्बन्धित अफसरों को जरूरी हिदायतें दीं। जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवायी कर उसका समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे। प्रभारी डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 31 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 03 शिकायत का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 14, पुलिस 08, विकास 03, आपूर्ति 02, विद्युत 04 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर, एसडीएम विनीत उपाध्याय, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, पीडी एसएन चौरसिया, सीओ सुबोध जायसवाल, तहसीलदार प्रीति सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## कृषि विज्ञान केन्द्र मझरा फार्म में इण्टरलाकिंग सड़क का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शनिवार को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने अपनी सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (सांसद निधि) से कृषि विज्ञान केन्द्र मझरा फार्म में इण्टरलाकिंग सड़क का लोकार्पण किया। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विकास खण्ड फूलबेहड़ के ग्राम महेवागंज में कृषि विज्ञान केन्द्र मझरा फार्म में मुख्य मार्ग से प्रशासनिक भवन तक इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य लम्बाई 70 मी0 का लोकार्पण किया। इसी के साथ उ0प्र0 मिलेट्स (श्री अन्न) पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत दो दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि आप सब जैसा जानते हो कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है। हमारे यहां लगभग 70 प्रतिशत लोग ऐसे है जो या तो स्वयं खेती करते है या किसी न किसी रूप में खेती किसानी से जुड़े हुए है। इस दृष्टि से हमारे प्रधानमंत्री जी ने 2014 में इस देश को एक विकसित देश बनाने के लिए जो चार बड़ी जरूरते है उनके बारे में उल्लेख करते हुए यह कहा था कि यह देश तभी विकसित देश बनेगा जब हमारे देश में महिलाओं का सशक्तिकरण हो, किसानों को उनकी आमदनी बढ़ाने के साथ-साथ उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए, हमारे देश के नौजवानों को उनकी योग्यता एवं क्षमता के अनुरूप काम करने का मौका मिले और उसके साथ-साथ ऐसे गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोग जिनकी जीवन जीने की सामान्य जरूरतें नहीं पूरी हुई है। उन लोगों की जरूरतें पूरी हो और उनका जीवन अच्छा और सुदृढ़ हो सके। उसके लिए काम करने की जरूरत बताई थी। इन चारों परिणामों पर पिछले 9 से 10 सालों में सरकार खरी उतरी है। महिलाओं के सशक्तिकरण की बात हो, युवाओं को मंच उपस्थित कराने की बात हो या जरूरतमंद लोगों के लिए घर बनाना, शौचालय, गैस कनेक्शन, सड़क, गलियां, नालियां एवं पीने का साफ पानी ऐसे हर क्षेत्र में काम किया है। आप सब उसी पृष्ठभूमि से आते है हम भी आते है 9 से 10 साल का जो समय है उसकी सबकी जानकारी आपको है न ही यह ध्यान दिलाने के लिए कि सन् 2014 से पहले ऐसी परिस्थितियां नहीं थी उसमें बहुत बड़ा बदलाव आया है। थोड़ा आप आंख बंद करके सन् 2014 से पहले की सड़क एवं अपने शहर की तस्वीर अपने आंखों में लाए और अब की तस्वीर आप देखे तो आपको अन्तर साफ दिख जाएगा। इसी तरह जो चौथी महत्वपूर्ण बात थी वह यह थी कि किसानों के लिए काम करना। हमारे प्रधानमंत्री जी ने 2014 में सत्ता सम्भालते ही किसान कैसे कम दिनों में ज्यादा फसल ले सके जमीन की उर्वरा शक्ति बनी रहे।

# डीएम-एसपी ने समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । उरई**



डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी ईरज राजा की अध्यक्षता में तहसील माधौगढ़ के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बंधित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम के समक्ष 98 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाए। उन्होंने तहसील में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों के अधिकारी निस्तारण करें।

उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतते है तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की शिकायतों को मौके पर ही पहुंचकर निस्तारण करें। शिकायतकर्ता बृजभान निवासी नावर की प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना से वंचित रहने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि त्वरित आलेख अंकन कर दिया जाए और आगामी किस्त किसान सम्मन निधि देकर लाभान्वित किया जाए। हरिओम निवासी बंगरा अपने पिताजी का मृत्यु प्रमाण पत्र न बनने पर शिकायत की। डीएम ने खंड विकास अधिकारी नदीगांव को निर्देशित किया कि तत्काल मृत्यु प्रमाण पत्र बनाया जाए।इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन सामान्य की शिकायतों को पारदर्शी ढंग से निस्तारण करें साथ ही सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से भी उन्हें लाभान्वित करें। इस अवसर पर एसडीएम माधौगढ़ शशि भूषण, सीएमओ डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, पीडी शिवकांत द्विवेदी, डीडीओ सुभाष चंद्र त्रिपाठी, तहसीलदार आदि जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम अतरार माफ पहुँची

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

विकसित भारत संकल्प यात्रा महोबा ज़िले के कबरई विकास खण्ड ब्लॉक के ग्राम अतरार माफ़ पहुंची। जहां वेन के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानाकारी ग्रामीणों को दी गईं। जहां वेन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश ग्रामीणों को सुनाया गया। इसके साथ ही केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। कार्यक्रम में लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से अपने अनुभव भी साझा किया और सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सेल्फी भी ली।




कार्यक्रम में केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना, पोषण आहार, के साथ स्वास्थ्य संबंधित सभी जानकारी दी गई कार्यक्रम में इफको द्वारा ड्रोन के माध्यम से किसानों को खेत में ले जाकर नैनो लिक्विड यूरिया छिड़काव के बारे में जानकारी दी गई।

# जमीनी विवाद में दबंगों ने मां बेटी पर ढाया कहर, गंभीर हालत में पहुंची अस्पताल

**जन एक्सप्रेस । सिरसा कलार।**



थाना क्षेत्र के ग्राम सिम्हरा कासिमपुर में जमीनी विवाद में दबंग पिता पुत्र ने एकराय होकर गांव की ही निवासी महिला व उसकी पुत्री के साथ बीच सड़क पर लाठी डंडों से मारपीट कर दी। जिन्हें गंभीर हालत में परिजन थाने ले गए। और घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने घायल मां बेटी को मेडिकल प्रशिक्षण के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया और मामले की जांच शुरू कर दी गई। इस दौरान भीड़ में घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम सिम्हरा कासिमपुर निवासी जूली पत्नी चंद्र शेखर ने शनिवार को थाने में तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के ही निवासी लालजी पुत्र बुधु व उसका पुत्र सुनील वाद-विवाद के चलते गाली गलौज करने लगे। बताया कि विरोध करने पर एक राय हुए दबंग पिता पुत्र ने बीच सड़क पर पीड़िता व उसकी 14 वर्षीय पुत्री को लाठी डंडों से मार पीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिय। घटना से गांव में अफरातफरी मच गई और गांव के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। इस दौरान बीच सड़क में मां बेटी पर बरस रहीं लाठियों का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घायल किशोरी ने बताया कि मामले की खबर मिलते ही जब तक उसके चाचा मौके पर पहुंचे तब तक हमलावर पिता पुत्र उन्हें लहू लोहान हालत में छोड़कर गाली गलौज करते हुए मौके से भाग गए। मामले में थानाध्यक्ष अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि मां बेटी के काफी चोटे आई है। जिन्हें डॉक्टरी परिक्षण के लिए भेजा दिया गया है, और घटना की जमीनी स्तर पर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोराकला रिस्तेदारी में आया युवक के सड़क हादसे में घायल हो गया। जिसे परिजन मेडिकल कॉलेज ले गए।जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रूरा अड्डू निवासी सीपू सिंह 33 वर्ष 21 नवंबर को अपनी रिश्तेदारी ग्राम गोराकलां गांव में चल रही कथा में शामिल होने गया था। जहां पर सड़क पार करते समय उसे अज्ञान वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह घायल हो गया था। जानकारी पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया था। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। जहां पर हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे ग्वालियर मेडिकल कॉलेज ले गए थे। जहां पर शु2वार की रात उसकी हालत बिगड़ी और मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतक के एक पुत्र हैं और वह खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। फिलहाल घटना के बाद से उसकी पत्नी सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए: डीएम

**जन एक्सप्रेस । महोबा**




तहसील महोबा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसमें अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, एसपी अपर्णा गुप्ता, सीडीओ चित्रसेन सिंह द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर तहसील महोबा से कुल 51 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

इसी प्रकार तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश की अध्यक्षता में 39 में से 03 तथा तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे जुबेर बेग की अध्यक्षता में 21 में से 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर किया गया।

शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा।

यह भी कहा कि अधिकारीगण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।

## 26 प्रकरण में 04 का मौके पर किया गया निस्तारण

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में बरहज तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सख्त तेवर अख्तियार करते हुए सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की अनदेखी करने वाले लेखपाल को तहसील दिवस के दौरान ही प्रतिकूल प्रविष्टि का आदेश थमा दिया।

साथ ही उन्होंने समस्त लेखपालों को सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की अनदेखी करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। तहसील बरहज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 26 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 04 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। अवशेष 22 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समाधान के निर्देश के साथ सौंपा गया।

## वृद्ध किसान की संदिग्ध हालत में मौत

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खैरई में बीते दिन शुक्रवार की देर रात किसान की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खैरई निवासी किसान गिरजाशंकर 60 वर्ष पुत्र सन्नाम सिंह अपने खेतो में खडी फसल को जानवरो से बचाने के लिए शुक्रवार की रात रखवाली करने गया था।

सुबह समय रहते घर न पहुंचने पर परिजन उसे देखने के लिए खेत पर पहुंच गए और उन्होंने उसे मृत अवस्था में देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते शव को कब्जे में लिया। वहीं मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद की माने तो परिजनो को शक है कि उनकी मौत स्वाभाविक नही है। जबकि ग्रामीणों के अनुसार वृद्ध किसान की सर्दी की चपेट में आने से मौत होने की बात बताई जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगा

**✲ पांच वर्ष पहले किशोरी को बनाया था हवस का शिकार**

**जन एक्सप्रेस । उरई**

न्यायालय की पॉक्सो एक्ट कोर्ट में 5 वर्ष से अधिक ट्रायल पर चले दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद फैसला के साथ 40 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया।

कैलिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दीपक प्रजापति ने गांव की ही 15 वर्षीय किशोरी को 23 मार्च 2017 को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। बेटी के गायब होने की जानकारी जब पिता को हुई तो उन्होंने उसकी खोजबीन शुरू कर दी थी।

काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता न लगाने पर पिता ने पुलिस से शिकायत की थी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने दोनों को एक साथ बरामद कर दोषी को जेल भेज दिया था। पुलिस ने जब किशोरी का मेडिकल कराया। जिसमे दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी। तभी से यह मामला पॉक्सो एक्ट कोर्ट में विचाराधीन था। शनिवार को गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर विशेष न्यायाधीश मुहम्मद कमर ने आरोपी दीपक प्रजापति को दोषी करार देते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। इतना ही नहीं बल्कि न्यायधीश ने दोषी पर 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

## दलित की पट्टा भूमि को दबंग ने स्वंय की भूमि बताकर लाखों में बेंचा

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

थाना कुलपहाड़ क्षेत्र के ग्राम भदरवारा निवासी मंजुवा पुत्र भल्ला ने सदर तहसील के सभा कक्ष में आयोजित जनसुनवाई शिविर मे पहुँचकर ग्रामसभा की भूमि को ग्राम के ही मुन्ना पुत्र बोरा द्वारा गांव के ही अनिल पुत्र टुण्डा को अपनी निजी भूमि बताकर बेंचे जाने की शिकायत जिलाधिकारी को सौपी है। डीएम मृदुल कुमार चौधरी ने मंजुवा के प्रार्थना पत्र को गम्भीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी को मामले की जांच पड़ताल कर भूमाफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने बावत आदेशित किया है। ग्राम भदरवारा निवासी मंजुवा पुत्र भल्ला द्वारा जिलाधिकारी महोबा द्वारा जनसुनवाई शिविर मे पहुँचकर शिविर की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी को दिये गये प्रार्थना पत्र मे कहा है कि पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा मुझ प्रार्थी को आवासीय भूमि का पट्टा प्रदान किया गया था उक्त पट्टे की भूमि पर प्रार्थी कृषि यंत्र रखने तथा पशुओं को बांधने के प्रयोग मे यूज करता चला आ रहा है। उक्त प्रार्थी की पट्टा भूमि को गांव के ही मुन्ना पुत्र बोरा ने प्रार्थी के प्लाट को अपना प्लाट बताकर अनिल पुत्र टुण्डा को लाखो की धनराशि लेकर बेंच डाला है।

अनिल पुत्र टुण्डा प्रार्थी की पट्टा प्लाट पर अनिल मकान बनाये जाने बावत पत्थर तथा ईटा डाल रहा है। मना करने पर मुन्ना और अनिल प्रार्थी को जातीय शब्दो से सम्बोधित कर गाली गलौच कर अपमानित कर रहे है तथा उच्च पदस्त अधिकारियो को शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जिलाधिकारी ने मंजुवा के प्रार्थना पत्र को गम्भीरता से लेते हुए मामले की जांचोपरांत दबंगो के विरूद्ध कार्यवाही करने का अश्वासन दिया है।

## महुअवां खुर्दग्राम के ग्राम प्रधान बर्खास्त

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

जिला पंचायत राज अधिकारी सर्वेश कुमार पांडेय ने बताया है कि विकास खण्ड पथरदेवा अंतर्गत ग्राम पंचायत महुअवां खुर्दग्राम के ग्राम प्रधान प्रियंका खरवार ग्राम प्रधान को फ़र्ज़ी जाति प्रमाण पत्र मामले मे बर्खास्त किया गया है।

प्रियंका खरवार द्वारा निर्वाचन के समय प्रस्तुत प्रमाण पत्र जनपद स्तरीय जाति संविक्षा समिति द्वारा निरस्त किये जाने के कारण कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट, देवरिया के निर्देशानुसार इनके प्रधान पद से सम्बन्धित शक्तियों के प्रयोग एवं कृत्यों के सम्पादन को प्रतिबंधित करते हुए ग्राम पंचायत सदस्य शांति देवी को प्रधान के कर्तव्यों का निर्वहन करने और उसकी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए नामित किया गया। उक्त प्रकरण में जाति प्रमाण पत्रों के सत्यापन / संवीक्षा हेतु मण्डल स्तरीय समिति, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर में योजित अपील प्रियंका खरवार बनाम जिलाधिकारी देवरिया व अन्य में कार्यालय आयुक्त, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर द्वारा पारित आदेश द्वारा की गयी अपील बलहीन होने के कारण निरस्त कर दी गयी है। एवं मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा रिट याचिका प्रियंका खरवार बनाम उ0प्र0 सरकार एवं अन्य में पारित आदेश के क्रम में प्रियंका खरवार का प्रत्यावेदन भी उपरोक्तानुसार निस्तारित कर दिया गया है और अपीलार्थी/वादिनी प्रियंका खरवार का जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति के आदेश को स्थगित करने विषयक प्रार्थना पत्र भी तद्नुसार निरस्त करते हुए निस्तारित कर दिया गया है।

# तृतीय दो दिवसीय विशाल आदर्श सामूहिक विवाह महायज्ञ एवं सम्मलेन हुआ संपन्न

**✲ 19 जोड़ों ने वैवाहिक जीवन में रखा कदम**

**जन एक्सप्रेस । उरई**



अयोध्यावासी स्वर्णकार समाज उत्थान समिति द्वारा दो दिवसीय आदर्श समूह विवाह सम्मेलन का आयोजन शनिवार को राठ रोड स्थित विजय विक्रम रिजॉर्ट में धार्मिक रीति रिवाज के साथ 19 जोड़ों का विवाह कराया गया। राठ रोड़ स्थित विवाह ग्रह से एक साथ दूल्हों की बारात निकाली गई। कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को वरमाला पहंगाई और जीवन भर साथ रहने की कसमे खाई। कमेटी ने जोड़ों को उपहार स्वरूप सामान दिया। जिसमें अलमारी, बैड़, कुर्सी, चूल्हा, सिलाई मशीन, स्टील कलर्स, बर्तन सेट, बिछिया, सिंगर का सामान, चांदी का सिक्का, इत्यादि सामान को उपहार स्वरूप समिति द्वारा दिया गया। वर वधु को आशीर्वाद देते हुए समिति के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सोनी ने कहा समाज के उत्थान के लिए समिति स्वजातीय मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह व सामूहिक विवाह कार्यक्रम आदि धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। ऐसे कार्यक्रमों से कहीं ना कहीं समाज का उत्थान होता है। कार्यक्रम में संयोजक उमेश सोनी, अजय सोनी मीडिया प्रभारी, लोकेश सोनी, सत्यनारायन सोनी, रामबिहारी सोनी, रोहित सोनी पत्रकार, अनिल सोनी, अशोक सोनी, जीतू सोनी, बलवीर सिंह सोनी ने शुभाशीष दिया।

## पत्थर खदान में ड्रिल मशीन से होल करते समय मजदूर की गिरकर मौत

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

प्रकाश बम्हौरी जिला छतरपुर म0प्र0 मे स्थित एक पत्थर खदान मे डिल मशीन से होल करते समय मजदूर की 250 फिट गहरी खदान मे गिरकर दर्दनाक मौत हो गयी है। मजदूर की मौत पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार प्रकाश बम्हौरी स्थित पत्थर खदान मालिक अप्रशिक्षित रामकरण पुत्र रतन उम्र 32 निवासी लक्ष्मीनगर ग्राम बगवाहा थाना कबरई जिला महोबा वर्ष शनिवार की सुबह पहाड़ तोड़े जाने बावत पहाड़ पट्टा धारक ड्रिल मशीन से होल करवा रहा था। बताया जाता है कि रामकरन अप्रशिक्षित व्यक्ति था परंतु उदर मे लगी दो जून की रोटी की आग को बुझाने के लिए जोखिम भरा कार्य पिछले 6 माह से कर रहा था। शनिवार के रोज ड्रिल मशीन से पहाड़ पर होल करते समय रामकरन का संतुलन बिगड़ा और 250 फिट नीचे गहरी खदान मे जा गिरा जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी है। गौरतलब बात तो यह है कि पहाड़ खदान मालिक द्वारा श्रमिक कानून के तहत मजदूर का बीमा भी नही कराया गया था। बताया जाता है कि उक्त पहाड़ खदान मे लगे श्रमिकों का श्रमिक कानून के तहत कोई परिपालन नही किया जा रहा और अप्रशिक्षित मजदूरो से पहाड़ो पर ड्रिल मशीन से जोखिम भरा कार्य कराया जा रहा है और जिला छतरपुर प्रशासन जानते हुए भी अनदेखी कर रहा है इसी तरह महोबा जिले से सीमावर्ती प्रकाश बम्हौरी, दिदवारा, बारीगढ़ तथा पठा आदि क्षेत्रों मे चल रही पत्थर खदानों मे भी नियम कानून को पत्थर खदान संचालक बलाये ताक रख धड़ल्ले से पहाड़ो पर बेतरतीब खनन कार्य कराने मे जुटे हुए है।

## कल्याण नगर निवासियों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर जिलाधिकारी को सौपा पत्र

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

शहर के मुहल्ला कल्याण नगर निवासी आधा दर्जन से अधिक वासिंदो ने डूडा पुल के पास से बेटू के मकान तक सीसी रोड बनवाये जाने की मांग की है। शहर के मुहल्ला कल्याण नगर निवासी राजेन्द्र प्रसाद एड0, राजेन्द्र, वीरसिंह, अनूप कुमार, आरती, डालचन्द्र, रघुवीर, गायत्री आदि मुहल्ला वासियो ने शनिवार के रोज जनसुनवाई शिविर मे पहुॅचकर शिविर की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी महोबा को संयुक्त प्रार्थना पत्र सौपकर मुहल्ले मे सीसी रोड बनवाये जाने की याचिना की है। उक्त व्यक्तियों द्वारा जिलाधिकारी को लिखे गये संयुक्त प्रार्थना पत्र मे कहा है कि कल्याण नगर स्थित डूडा पुल से लेकर बेटू के मकान तक नगर पालिका द्वारा सीसी रोड का निर्माण न कराये जाने से लगभग 200 मीटर की परधि मे नालियों का गंदा जल आधा फिट से लेकर 1 फिट तक भरा रहता है, गंदे जलभराव के कारण मुहल्ला वासियो तथा बच्चो को स्कूल आने जाने मे भारी परेशान का सामना करना पड़ता है।

# साहब! दबंग पट्टा धारक द्वारा मेरी कृषि भूमि को न्यायालय के आदेश के बाद भी रेगिस्तान बनाया जा रहा है

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

पहाड़ पट्टा धारक सीरजध्वज पुत्र महरध्वज निवासी मुहल्ला कैलाशपुरी जिला बांदा पर गम्भीर आरोप लगाते हुए रवी प्रताप सिंह पुत्र श्रीपत निवासी ग्राम जुझार तहसील महोबा ने शनिवार के रोज आयोजित जनसुनवाई शिविर की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी मृदुल कुमार चौधरी को कार्यवाही बावत सौपा है। रवि प्रताप सिंह पुत्र श्रीपत निवासी ग्राम जुझार द्वारा जिलाधिकारी द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र मे कहा है कि सीरजध्वज पुत्र महरध्वज निवासी मुहल्ला कैलाशपुरी जिला बांदा का महोबा जुझार पहाड़ का पट्टा धारक है उक्त पहाड़ से प्रार्थी की भूमि निकटतम है।

जिसकी गाटा संख्या 16,20 26 आदि जिस पर प्रार्थी व प्रार्थी के भाई पूर्वजों के समय से कृषि कार्य करते चले आ रहे है। सीरजध्वज द्वारा प्रतिबंधित चार इंची पहाड पर होल कराकर पत्थर तुड़वा रहा है। ब्लास्टिक के समय अत्यन्त तेज गति से पत्थर उछलकर प्रार्थी की कृषि भूमि पर गिरते है जिससे अनेको पर कृषियंत्र, टैक्टर, सिंचाई मशीन आदि क्षतिग्रस्त भी हो चुके है, और प्रार्थी की कृषि भूमि को रेगिस्तान बनाने मे पट्टा धारक कोई कोताही नही बरत रहा है मना करने पर पट्टा धारक तथा उसके कारिंदे लड़ने झगड़ने पर आमादा रहते है। न्यायालय मे मुकद्मा पंजीकृत कराया गया था जिस पर माननीय न्यायालय ने भी अवैध ब्लास्टिंग पर रोक लगाने तथा प्रार्थी की भूमि से पत्थर लोड़िंग पर निकलने पर ट्रको, डम्फरों की आवाजाही पर भी रोक लगाई थी। जिलाधिकारी को लिखे गये पत्र मे रवि प्रताप सिंह द्वारा यह भी उल्लेख किया गया है कि दबंग पट्टा धारक न्यायालय के आदेश को भी दरकिनार कर निरंतर चार इंची हैवी ब्लास्टिंग पत्थर तोड़ने के लिए तो करा ही रहा है साथ ही प्रार्थी की कृषि भूमि से जबरियां पत्थर से भरे ट्रकों, डम्फरो को निकाला जा रहा है। सीरजध्वज के उक्त कृत्यों पर रोक लगाये जाने तथा प्रार्थी व प्रार्थी के परिजनों के जानमाल की सुरक्षा बावत जिलाधिकारी से गुहार लगाई है।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ. रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ. रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 19402-SLR-F2-LKO-ADI-22-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.12.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2023 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2023 at 10:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20415-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.12.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2023 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2023 at 10:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.12.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2023 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2023 at 10:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14207-SLR-F2-PBH-DLI-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.12.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2023 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2023 at 11:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14224-SLR-F2-BSB-RGD-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.12.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2023 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2023 at 11:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22688-SLR-F2-BSB-MYS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.12.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2023 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2023 at 11:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14224-SLR-F2-BSB-RGD-23-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.12.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2023 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2023 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12419-SLR-F2-LKO-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.12.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.12.2023 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.12.2023 at 11:40 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3781/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 15 दिसंबर तक बनकर तैयार हो जाएगा अयोध्या का इंटरनेशनल एयरपोर्ट

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

* मुख्यमंत्री योगी ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के साथ किया एयरपोर्ट का निरीक्षण
* प्रथम फेज में 65 हजार वर्गफुट का विमानतल बनकर तैयार, 2200 मीटर का है रनवे
* दूसरे चरण में 5 लाख वर्गफुट का एयरपोर्ट बनाने की तैयारी में योगी सरकार
* एयरपोर्ट पर उतर सकेंगे बोइंग 737, एयरबस 319 और एयरबस 320 जैसे बड़े विमान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां निर्माणाधीन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। उनके साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ वीके सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों ने एयरपोर्ट के निर्माण से जुड़े प्रेजेंटेशन को भी देखा और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने मीडिया को बताया कि अयोध्या में बन रहे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का निर्माण कार्य 15 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप प्रभु श्रीराम की पावन अयोध्या नये भारत की नई अयोध्या बन रही है। अयोध्या की देश और दुनिया के साथ कैसी कनेक्टिविटी होनी चाहिए, इसी के निरीक्षण के लिए यहां केंद्रीय मंत्रियों के साथ आना हुआ है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में पहले मात्र 178 एकड़ में बहुत छोटी सी एयरस्ट्रिप थी। इसे एक बड़े इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में तैयार किया गया है। 821 एकड़ लैंड राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराने के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी इंडिया द्वारा नये एयरपोर्ट का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि अयोध्या के विकास के लिए जो इन्फ्रास्ट्रक्चर आवश्यक है वो अयोध्यावासियों को प्राप्त होगा। अयोध्या को उसका गौरव पुनः प्रदान करने के लिए सरकार पूरी गंभीरता के साथ प्रयास कर रही है।



इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया। जन एक्सप्रेस

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि अयोध्या के हवाईअड्डे में यहां की सांस्कृतिक क्षमता को परिलक्षित करने की कोशिश हुई है। पहले चरण में 65 हजार वर्ग फुट का हवाईतल बनने जा रहा है। इसकी क्षमता प्रतिघंटे 2 से 3 फ्लाइट की होगी। यहां 2200 मीटर के रनवे का क्रियान्वयन होने जा रहा है, जिसपर छोटे विमानों के साथ ही बोइंग 737, एयरबस 319 और एयरबस 320 जैसे बड़े विमान भी लैंड कर सकेंगे। शुरुआत में यहां 8 एप्रन बनाए गये हैं। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण के लिए शीघ्र ही कैबिनेट से स्वीकृति लेने की तैयारी है। दूसरे चरण में रनवे की लंबाई को बढ़ाकर 3700 मीटर किया जाएगा, ताकि बोइंग 787 और बोइंग 777 जैसे सारे अंतरराष्ट्रीय विमान सीधे अयोध्या में लैंड कर सकें। पहले फेज के समीप ही दूसरे फेज के विमानतल को तैयार किया जाएगा, जोकि 5 लाख स्क्वायर फुट का होगा।

# सीएम ने रामलला के दरबार में नवाया शीश, हनुमानगढ़ी में टेका मत्था

* सीएम ने की देश व प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना
* अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण की प्रगति के बारे में मुख्यमंत्री ने ली जानकारी
* सीएम योगी आदित्यनाथ ने निर्माणाधीन राम मंदिर का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



पूजन अर्चन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। जन एक्सप्रेस

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। राम कथा पार्क हेलीपैड से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे? हनुमानगढ़ी पहुंचे। वहां पहुंचकर हनुमानजी की आरती उतारी और दर्शन पूजन किया। उसके बाद श्रीराम लला के दर्शन-पूजन कर देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की।

रामलला के दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर निर्माण की प्रगति का हाल जाना।

यहां श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को मंदिर निर्माण से जुड़ी जानकारी दी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन राम मंदिर का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह और अपर मुख्य सचिव एस पी गोयल ने भी रामलला एवं हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया।

बता दें कि मुख्यमंत्री का दिसंबर माह का पहला दौरा है। पिछले महीने मुख्यमंत्री ने तीन बार रामलला एवं हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया था। इससे पहले मुख्यमंत्री 9 नवम्बर को कैबिनेट बैठक में शामिल होने अयोध्या आए थे, तब मंत्रियों के साथ उन्होंने दोनों मंदिरों में दर्शन पूजन किया था। पुनः मुख्यमंत्री 11 नवम्बर को दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उसके अगले दिन उन्होंने हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन किये थे।

# सीएम ने 42वें रामायण मेला के पोस्टर का किया विमोचन

* द्वितीय पोस्टर का विमोचन केंद्रीय मंत्री सिंधिया व जनरल वी के सिंह ने किया

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

अयोध्या में आयोजित होने वाले 42वें रामायण मेला के प्रथम दिन के कार्यक्रमों का पोस्टर विमोचन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सरयू अतिथि गृह में किया। वहीं द्वितीय पोस्टर का विमोचन केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने किया। प्रथम पोस्टर में रामायण मेला में होने वाले कार्यक्रम के क्रम में धनुष यज्ञ की एवं द्वितीय पोस्टर में जनक जी के द्वारा कन्यादान की लीला को दर्शाया गया है।



मुख्यमंत्री ने बताया कि आवरण छवि में भारतीय लोक कला पर आधारित अवध की लोककला को प्रदर्शित किया गया है, जिसमें अवधी लोक कला और परंपरा की झलक स्पष्ट दिख रही है। आवरण छवि लोकार्पण के माध्यम से रामायण मेला में भारतीय लोक कला एवम संस्कृति को दर्शाना है। रामायण मेला समिति के द्वारा अयोध्या की गरिमा के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ की कुलपति मांडवी सिंह ने बताया कि रामायण मेले के माध्यम से स्थानीय रामलीलाओं के स्तर को वैश्विक रूप दिया जाएगा।आवरण छवि को भित्ति फलक पर उकेरने का कार्य रीमा सिंह (शिक्षिका, अवध विश्वविद्यालय) ने किया। 42वें रामायण मेला के प्रथम एवं द्वितीय पोस्टर के अनावरण में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, रामायण मेला समिति के संयोजक आशीष मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रामपथ चौड़ीकारण में प्रशासनिक वक्रदृष्टि सिर्फ हिंदू स्थलों पर ही क्यों?

* संपूर्ण प्रकरण को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जाएगा

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

रामपथ निर्माण में वर्ग विशेष को फायदा पहुंचाने का कार्य प्रशासनिक स्तर पर किया जा रहा है जहां एक और मंदिरों को तोड़ा जा रहा है वही मस्जिदों को बचाया जा रहा है, यह आरोप शिव सेवा प्रमुख पूर्वी क्षेत्र एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष दूबे एवं हिंदू महासभा के प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनीष पांडेय द्वारा एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद द्विवेदी को सौंप कर कही गई है, सेवा प्रमुख संतोष दूबे की ओर से सौंपे पर गए उक्त ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि चौड़ीकरण में सहादतगंज हनुमान मंदिर, रकाबगंज हनुमान मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर रानोपली क्रॉसिंग, पौराणिक शिरेश्वर मंदिर सहित सैकड़ो मंदिरों को या तो आंशिक रूप से अथवा पूर्ण रूप से तोड़ दिया गया है और राम पथ से हटा दिया गया है किंतु देखने में यह आया है कि मंदिरों पर तो प्रशासनिक चाबुक चला किंतु मंदिरों को छोड़ दिया गया ऐसा क्यों?



वही हिंदू महासभा के प्रवक्ता एवं सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा है कि रामपत चौड़ीकरण में प्रशासनिक वक्रदृष्टि सिर्फ मंदिरों पर ही क्यों मस्जिदों पर क्यों नहीं? श्री पांडेय ने यह भी कहा है कि हिंदू हितों और हिंदू स्थलों की बलि चढ़ाकर घोर मुस्लिम तुष्टिकरण की पराकाष्ठा लाघंना शासन और प्रशासन दोनों को आने वाले समय में महंगा पड़ेगा, संतोष दूबे ने यह भी कहा कि राम पथ के उपरांत अन्य स्थलों का भी चौड़ीकरण की प्रक्रिया चल रही है ऐसे में प्रशासन किसी भी पक्ष के लिए दोहरा मापदंड अथवा दोहरा रवैया ना अपनाए, सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद मिश्र को सौंप गए ज्ञापन में यह अनुरोध किया गया है कि तत्काल प्रभाव से राम पथ चौड़ीकरण में बाधा बन रही गुदड़ी बाजार स्थित खजूर वाली मस्जिद को तोड़कर रामपथ में आ रही बाधा को दूर करें, ज्ञापन देने वाले प्रमुख लोगों में अधिवक्ता आर एस मिश्रा, विवेकानंद तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री की पौत्री ने 58 लोकसभा क्षेत्र श्रावस्ती से लड़ने का किया ऐलान

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की पौत्री एवं भाजपा हरियाणा प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री अंजली मिश्रा ने महामंत्री पद से इस्तीफा देने का एलान करते हुए शनिवार को 58 लोकसभा क्षेत्र श्रावस्ती से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई।

अंजली मिश्रा ने 2 दिसंबर को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि ÷पार्टी द्वारा निर्धारित एक व्यक्ति-एक पद के सिद्धांत को देखते हुए हरियाणा प्रदेश महिला मोर्चा के पद पर बने रहने का कोई औचित्य नही है, क्योंकि पिछले एक वर्ष पूर्व श्रद्धेय अटल जी पर डाक्यूमेंट्री बनाने हेतु मैं बलरामपुर आयी थी और उनसे जुड़ी स्मृतियों को एकत्रित करने हेतु उनसे जुड़े परिवारों में जाना हुआ। जहां पर मुझे अपार स्नेह मिला तथा उनकी आँखों को नम होते हुए देखा और उनके सुझाव अनुसार स्मृतियों को एकत्रित करने हेतु अनेक गांवो में प्रवास करती रही। इस बीच भाजपा



सहित संघ विचार परिवार के अनेक कार्यकर्ताओं से भी मिलना हुआ। तभी से श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में काम कर रही हूं तथा अब तक करीब 600 ग्राम पंचायत का भ्रमण कर चुकी हूं। अब तक के प्रवास के दौरान असंख्य भाजपा कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों व अटल जी से जुड़े परिवारों द्वारा एक ही पंक्ति अवधी में निवेदित होती रही **बिटिया अब आयी गई हौ, तो जायौ ना।** उन्होंने कहा कि उनके राजनीतिक आदर्श बाबा अटल बिहारी वाजपेयी जी की बलरामपुर प्रथम राजनीतिक कर्मभूमि रही है। उन्होंने बलरामपुर से ही राजनीति की शुरुआत की थी तथा पहली बार बलरामपुर से ही चुनाव जीत कर लोकसभा पहुंचे थे। उनकी परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए 58 लोकसभा क्षेत्र श्रावस्ती-बलरामपुर से चुनाव लड़ने का मन बनाया है और यदि पार्टी टिकट देती है तो क्षेत्र की जनता के लिए समर्पित रहूंगी । उन्होंने कहा कि बलरामपुर क्षेत्र की जनता उनके लिए एक परिवार की तरह है यही वजह है कि जहां भी जिस गांव में जाती हूं तो अटल जी के चाहने वाले मिल जाते है। उन्होंने कहा की श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र की जनता की आवाज बन कर पार्टी एवं सार्वजनिक मंचों पर मुद्दों को उठाएगी तथा क्षेत्र के बहुआयामी विकास के लिए हमेशा समर्पित रहूंगी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश लगातार विकास के नए मापदंड स्थापित कर रहा है। देश की महिलाओं को भाजपा और प्रधानमंत्री ने हमेशा आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जो काम पिछले 75 वर्षों में कोई नहीं कर सका वह प्रधानमंत्री मोदी जी ने करके दिखाया है तथा महिला आरक्षण बिल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

## अब ई-लॉटरी माध्यम से होगा कृषि यंत्र वितरण के लिए लाभार्थियों का चयन

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** अभी तक किसानों को अनुदान पर पहले आओ पहले पाओ की व्यवस्था पर कृषि यंत्र दिया जाता था। अब इस व्यवस्था को बदलकर ई लॉटरी व्यवस्था कर दी गई है । लॉटरी के माध्यम से ही लाभार्थियों का चयन कर यंत्रों का वितरण किया जाएगा उप कृषि निदेशक नरेन्द्र कुमार ने बताया कि कृषि यंत्रीकरण समस्त योजनाओ (N.F.S.M, SMAM.& N.F.S.M.T.B.O.) में कृषि यंत्र/कृषि रक्षा उपकरण कस्टम हायरिंग सेन्टर, थ्रेसिंग फ्लोर एवं स्मल गोदाम, हैरो, कल्टीवेटर, मिनी राइस मिल, पावर टिलर, लेजर लैण्ड लेबलर, मल्टी काप थ्रेसर, पावर चैफ कटर, ट्रैक्टर माउन्ट स्पेयर, डिस्क प्लाऊ, आयल मिल विथ फिल्टर प्रेस, रोटावेटर, स्ट्रा रेपर, पैकिंग मशीन, आलू खुदाई मशीन, आवेदन हेतु बुकिंग 30 नवंबर को 12:00 बजे से प्रारम्भ हो गयी है। इच्छुक कृषक द्वारा दिनांक 14 दिसंबर की रात्रि 12:00 बजे तक आवेदन की बुकिंग की जा सकती है । इच्छुक किसान विभागीय दर्शन पोर्टल www.agriculture.up.gov.in पर यंत्र अनुदान हेतु टोकन निकाले तथा लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

# वनस्पति विज्ञान विभाग की छात्रा ने गोल्ड मेडल हासिल कर किया नाम रोशन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीज कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग की छात्रा शुभी सिंह ने विश्वविद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल कर विभाग के साथ-साथ पूरे महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे तथा वनस्पति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉक्टर राजीव रंजन व उनके सहयोगियों द्वारा शनिवार को विभाग में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान छात्रा का सम्मान करते हुए शुभकामनाएं दी।

जानकारी के अनुसार 2 दिसंबर को विश्वविद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर वनस्पति विज्ञान की छात्रा शुभी सिंह को राज्यपाल स्वर्ण पदक और शिवदत्त तिवारी को पी0एच0 डी0 की उपाधि प्राप्त करने पर सम्मान करते हुए बधाई दी गई । सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थ नगर का सातवां दीक्षांत समारोह दिनांक 01 दिसंबर को संपन्न हुआ। इस दीक्षांत समारोह को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपनी भव्य उपस्थिति से गौरवान्वित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने विभिन्न कक्षाओं के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की और मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक से अलंकृत किया।



इस अवसर पर एमएलके पीजी कॉलेज, बलरामपुर के वनस्पति विज्ञान विभाग की एमएस-सी उत्तरार्द्ध की छात्रा शुभी सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। शुभी की इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय, विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन एवं विभाग के अन्य सभी सहयोगियों ने सम्मानित कर हार्दिक बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शोध छात्रों को भी उपाधि प्रदान की गई। इसी क्रम में एमएलके पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के शोध छात्र शिवदत्त तिवारी ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उसका शोध विषय मेगा फॉसिल्स पर था जिसे उन्होंने वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन के निर्देशन में किया। उनका यह शोध परावानस्पतिक अध्ययन के विषय में एक अति महत्वपूर्ण कार्य है जिससे इस क्षेत्र के शोधकर्ताओं को नई दिशा प्राप्त होगी। साथ ही हिमाचल के पर्वतीय क्षेत्र के जीवाश्मों के अध्ययन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी।

## आज विशेष अभियान के तहत मत देय स्थलों पर सही कराई जा सकेंगी मतदाता सूची में अशुद्धियां

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी बलरामपुर प्रदीप कुमार बताया कि अर्हता तिथि 01-01-2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों में नाम सम्मिलित किये जाने, मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट नामों को अपमार्जन किये जाने तथा मतदाता सूची में दर्ज अशुद्ध नामों की प्रविष्टियों को शुद्ध करने एवं एक ही निर्वाचन क्षेत्र में स्थान परिवर्तन करने हेतु विशेष अभियान की तिथि 03 दिसम्बर, 2023 को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेविल अधिकारियों/पदाभिहित अधिकारियों द्वारा उपस्थित रहकर दावे/आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। ऐसे पात्र व्यक्ति जिनकी आयु दिनांक 1-1-2024 को 18 वर्ष या उससे अधिक की हो गई है और वे अभी भी मतदाता नहीं बने है, के नाम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किये जाने हेतु फार्म-6, मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट नामो को अपमार्जन किये जाने हेतु फार्म-7, मतदाता सूची में दर्ज अशुद्ध प्रविष्टियों को शुद्ध करने हेतु फार्म-8 जो समुचित हो।

# जमीन से अवैध कब्जा हटवाए जाने के लिए दिया शिकायती पत्र

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

अकबरपुर तहसील के रसूलपुर दियरा ग्राम पंचायत के अब्दुल हादी ने ग्राम बनवां में स्थिति अपनी बैनामा सुदा जमीन पर विपक्षी फखरुद्दीन द्वारा किए गए अवैध रूप से कब्जा को हटाए जाने के लिए तहसील दिवस में उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया अब्दुल हादी का कहना है विपक्षी फखरुद्दीन द्वारा हमारी माता अनीसा खातून के नाम बैनामा सुदा जमीन पर ईटा और कोयला रखकर अवैध कब्जा किया गया है जिसको न्यायालय के आदेश पर पैमाइश करवाया गया और पत्थर गढ़वाया गया है इसके बावजूद भी विपक्षी द्वारा जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को हटाया नहीं जा रहा है प्रार्थी द्वारा जब कब्जा हटाने के लिए विपक्षी से कहा



जाता है तो विपक्षी द्वारा आजकल करके टाल दिया जाता और जान से मारने की धमकी दी जाती है जिसकी शिकायत प्रार्थी द्वारा कई बार किया गया लेकिन अभी तक प्रार्थी के जमीन से विपक्षी द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया जिससे जिससे प्रार्थी को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी जनता की समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

महीने के पहले शनिवार को जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने उतरौला में आयोजित तहसील दिवस में जनता की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने आमजनमानस की शिकायतो एवं समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। उन्होंने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा की कई बार छोटे-छोटे जमीनी विवाद लॉ एंड ऑर्डर में बड़े इश्यू बन जाते है, इसलिए अति



सक्रियता के साथ कनूनगो एवं लेखपाल सभी विवादों का मौके पर जाकर निस्तारण करे। एसडीएम एवं तहसीलदार का कानूनगो एवं लेखपाल पर प्रभावी नियंत्रण हो तथा सभी थानों का तहसील के साथ बेहतर समन्वय हो।

शिकायतों के निस्तारण के लिए शिकायतकर्ता को बार-बार चक्कर न लगाना पड़े। संबंधित अधिकारी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, एसडीएम उतरौला, पीडी डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सभी तहसीलों में हुआ समाधान दिवस का आयोजन

* आलापुर तहसील में डीएम ने सुनी फरियादियों की समस्या दिया निस्तारण का आदेश

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर

जनपद के तहसील पांचों तहसीलो में समाधान दिवस आयोजन हुआ आलापुर तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी की उपस्थिति में फरियादियों की समस्यायें सुनी गई। कुल प्राप्त 98 शिकायत पत्र जिसमें से मौके पर 8 शिकायत पत्र निस्तारण कर दिया गया।शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिये गये। आवश्यक दिशा- निर्देश जिलाधिकारी अविनाश सिंह व पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा एवं मुख्य विकास



अधिकारी अनुराज जैन द्वारा तहसील दिवस में मौजूद रहकर तहसील समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई की गयी इस दौरान फरियादियों से उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया जिसके क्रम में उनकी समस्याओं के समाधान हेतु वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित करते हुये मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। वहीं अकबरपुर तहसील में अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता की उपस्थिति में जनसुनवाई करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध निस्तारण करने के लिए निर्देश दिए गए।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चोरी के माल सहित तीन धराए

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सुइथाकला। अभी हाल ही में सरपतहां थाना क्षेत्र के ईशापुर गांव में हुई चोरी के मामले में खुलासा करते हुए स्थानीय पुलिस तीन अभियुक्तों को चोरी गए माल सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है। मामले में थाना पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई करते हुए तीनों का चालान न्यायालय भेज दिया गया। बतौर पुलिस क्षेत्र में अपराधियों की गिरफ्तारी के सघन अभियान के दौरान शुक्रवार को उपनिरीक्षक उमेश कुमार मय हमराह उपनिरीक्षक अतीक अहमद, हेडकांस्टेबल धर्मेंद्र गिरि व कान्सटेबल हरिश्चंद्र द्वारा तीन नफर अभियुक्त



सुजल गुप्ता पुत्र अच्छेलाल निवासी ईसापुर डिहवा व ईसापुर निवासी अभिषेक पाण्डेय तथा सुमित पाण्डेय पुत्र गण ईशनारायण पाण्डेय चोरी के माल समेत गिरफ्तार कर लिए गए। गिरफ्तारी के समय चोरी गए सामानों में चांदी जैसे रंग का एक जोड़ी छागल व पायल, एक अदद मांग टीका, मंगलसूत्र, एक जोड़ा कान का टप्स, तीन अदद अंगूठी, नथिया व लैपटॉप समेत बीस हजार नगदी बरामद हुआ। मामले में थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर पुलिस विधिक कार्रवाई करते हुए सभी का चालान न्यायालय भेज दिया गया।बताया जाता है कि उक्त गांव निवासिनी नुरैशा बीते तीन माह पूर्व अपने बेटे के पास बड़ौदा गयी थी। वापसी में जब वह घर में गई तो घर में हुई चोरी की जानकारी हुई। फिलहाल मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए मामले का खुलासा करने में सफलता हासिल की। जिसकी चर्चा जोरों पर है।

### दरोगा की डांट से भाजपा सभासद की पैंट हुई गीली!

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/बदलापुर। स्थानीय कोतवाली परिसर में उस वक्त हड़कंप मच गया कि जब एक दरोगा भाजपा सभासद को फटकार लगाते हुए धक्का देकर आवेश में आ गए जिसके डर से सभासद की पैंट गीली हो गई। जानकारी के मुताबिक बदलापुर सब्ज़ी मंडी में जाम की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने एक टमाटर दुकानदार गोलू को हिरासत में लेकर थाने चले गए। जिसकी पैरवी करने पहुंचे नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 का भाजपा सभासद तथा भाजपा मंडल मंत्री राजेश साहू बदलापुर कोतवाली पहुचें तो आरोप है कि पुलिस सहित प्रभारी दरोग़ा ने उन्हें मां बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए कालर पकड़कर धक्का देते हुए भाजपा सभासद को लॉकअप की तरफ ले जाने लगे जिसके डर से उक्त सभासद राजेश साहू पैंट में (पेशाब) कर दिए और उनकी पैंट गीली हो गई, जिसको लेकर नगर पंचायत के सभासद सहित कर्मचारियों ने भारी आक्रोश ब्याप्त करते हुए शनिवार को नगर पंचायत में साफ-सफाई करने से बहिष्कार कर दिया वहीं नगर के विभिन्न वार्डों में कूड़े का अंबार लगा रहा।

### जन शिकायतों का हो समयबद्ध निस्तारण: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/ शाहगंज। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमे 74 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ जिनमें 22 का तत्काल निस्तारण कराया गया।सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर मामले राजस्व विभाग तथा



ग्राम्य विकास विभाग व पुलिस से सम्बंधित रहे।सम्पूर्ण समाधान दिवस के समापन के उपरांत डीएम ने मातहतों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए इसमें किसी प्रकार की ढिलाई बर्दास्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अजयपाल सिंह भी पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों के पेंच कसते नज़र आये। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ जीवीएस लक्ष्मी एसडीएम शाहगंज शैलेन्द्र कुमार सीओ शुभम तोदी, नायब तहसीलदार कस्बा शैलेन्द्र कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कार की चपेट में आने से महिला की मौत, केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/बदलापुर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के भलुआही पेट्रोल पंप के पास मार्ग पर एक सिप्ट डिजायर कार की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई, वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कराते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के भलुआही निवासी पारसनाथ की 37 वर्षीय पत्नी बिन्दु देवी अपने बेटे अंकित के साथ महराजगंज रोड़ स्थित भलुआही के वक्रांगी केंद्र पर पैसे निकालने जा रही थी। अचानक बदलापुर की तरफ से चलकर महराजगंज की तरफ जा रही तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार की चपेट में आने से वह मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई, स्थानीय लोगों की मदत से उन्हें बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया जहां डाक्टर ने देखते ही बिन्दु को मृत्यु घोषित कर दिया। वहीं मृतका के पति पारसनाथ ने कोतवाली पुलिस को नामजद लिखित तहरीर देकर उक्त सिप्ट डिजायर कार और चालक के विरूद्ध कार्यवाई की मांग किए,पुलिस केस दर्ज कर अग्रिम कार्यवाई में जुटी हुई है।

### दिव्यांग बच्चों की तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/केराकत। सर्वशिक्षा अभियान में समेकित शिक्षा के अन्तर्गत जिला बेसिक शिक्षाधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल व जिला समन्वयक शिक्षा शशिधर उपाध्याय के नेतृत्व में खण्ड विकास केराकत के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बासबारी में शुक्रवार को पूर्वान्ह खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ



खण्ड शिक्षाधिकारी एके झा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान जलेबी दौड़, केला दौड़, चम्मच दौड़, टॉफी दौड़, बाल बैलेंसिंग दौड़, बैलून फुलाओ प्रतियोगिता, मटका फोड़ और डान्स प्रतियोगिता में नौनिहालों ने उत्साह से लबरेज होकर प्रतिभाग किया। इस दौरान में विक्की, दंगल यादव, निकेत, सौरभ,सैफ अली, अनुराग, अतुल और प्रमोद ने अपना स्थान पक्का किया। वहीं बालिका वर्ग में निधि, नेहा और करिश्मा, मन्शू, कायनात, सृष्टि, वर्षा, मिंटी, संजना और अनामिका ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में जगह बनायी। इस अवसर पर शिक्षक सन्तोष कुमार सिंह, राजेश कुमार यादव, विरेन्द्र यादव समेत मुफ्तीगंज, डोभी, केराकत ब्लाक के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में केराकत क्षेत्र के सभी विकास खण्डों के दिव्यांग छात्र और छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

### छुट्टा पशुओं से किसान परेशान, शिकायत पर अधिकारी नहीं कर रहे हैं कोई कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/शाहगंज। सरपतहां थाना क्षेत्र के गैरवाह गांव में छुट्टा पशुओं के आतंक से किसान परेशान है जिसकी शिकायत विकास खंड मुख्यालय समेत उपजिलाधिकारी से किसानों ने कई बार किया परंतु समस्या का निस्तारण करने का आश्वासन के अलावा कुछ मिला नही परेशान किसान गंगा सिंह, पंचम प्रजापति, मेवालाल



प्रजापति, प्रिंस सिंह, हीरालाल प्रजापति अमरेंद्र दूबे भीम प्रजापति की माने तो अधिकारी मात्र कार्रवाई का आश्वासन ही दे रहे हैं कुछ हो नहीं रहा है और योगी सरकार के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीण इन्हें हटाने का प्रयास करते हैं तो पशु उन्हें मारने के लिए दौड़ा लेते हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में छुट्टा पशुओं के चलते किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।पशु फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों को फसल बचाने के लिए जान हथेली पर रखकर खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है।आखिर में लब्बोलुआब यही है कि जब भी खेतों की रखवाली या छुट्टा पशुओं को भगाने का प्रयास करें तो सुरक्षा का पूरा बन्दोबस्त स्वम् करें न कि सरकार के भरोसे रहें।

# विद्युत पोल छतिग्रस्त होने से अंधेरे में डूबी एक लाख आबादी

- जेई ने वैकल्पिक व्यवस्था कर देर शाम शुरू कराई आपूर्ति
- घुंघचाई में देर रात भी छाया रहा अंधेरा

जन एक्सप्रेस। प्रशांत शर्मा



पूरनपुर। गुरुवार देर रात अनियंत्रित होकर बिजली के ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर खाई में पलटा ट्रक शनिवार देर रात तक नहीं हटाया जा सका।पोल और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो जाने से एक दर्जन से अधिक गांव के पांच हजार घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो है। 48 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई।

घुंघचाई से बंडा नेशनल हाईवे के उदरहा चौराहे पर गुरुवार देर रात तेज गति से आ रहे लकड़ी भरा ओवरलोड ट्रक चौराहे बिजली के दो पोलो तोड़ते हुए पलट गया था। ट्रक पलटने से पोलों के ऊपर रखे दो



"अनियंत्रित ट्रक पलटने से ट्रांसफार्मर व विधुत पोल छतिग्रस्त हुए हैं।लकड़ी को हटवाया जा रहा है।वैकल्पिक व्यवस्था कर शाम गोमती फीडर से जुड़े अन्य गांव की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। शीघ्र ही ट्रांसफार्मर व पोल लगवाकर उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से आपूर्ति की जाएगी।

-मनोज शर्मा, अवर अभियंता घुंघचाई उपकेंद्र

ट्रांसफार्मर टूटकर जमीन पर गिर गए थे। जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गए। ट्रांसफार्मर और लाइन छतिग्रस्त हो जाने के कारण 15 गांवो की लगभग एक लाख की आबादी अंधेरे में डूब गई।तीन दिन बीत जाने के बाद भी ट्रक को नहीं हटाया जा सका है। लापरवाही और अनदेखी के चलते 48 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी क्षेत्र में अंधेरा पसरा हुआ है। उपभोक्ता अपने घरों में उजाला करने के लिए मोमबत्ती जला रहे हैं। ग्रामीणों ने कहना है कि उदरहा चौराहे पर गांव के ही कुछ लोगों ने पिछले कई वर्षों से अतिक्रमण कर रखा है।जिससे आए दिन हादसे होते रहते हैं।जिससे घुंघचाई समेत दर्जनों गांव की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहती है। कई बार चौराहे से अतिक्रमण हटाने की अफसर से मांग की गई लेकिन कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लापरवाही और अनदेखी के चलते चौराहे पर हादसों में लगातार इजाफा होता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गुरुवार रात ट्रक पोलो से टकराकर पलट जाने से ट्रांसफार्मर और पोल क्षतिग्रस्त हो गए थे चार दिन बीत गए अभी तक ट्रक नहीं हटाया गया है। जिससे बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर को सही नहीं कराया गया है। ग्रामीण लगातार ट्रक और लकड़ी हटवाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## स्त्री रोग विशेषज्ञ रश्मि श्रीवास्तव ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी दी जानकारी



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

- भोजन खाते व बनाते समय रखें स्वच्छता का ध्यान
- गंभीर बीमारियों से बचने के लिए समय पर कराएं स्वास्थ्य परीक्षण

हजारा(पूरनपुर) नेपाल सीमावर्ती एवं ट्रांस शारदा क्षेत्र के भुरजूनियां फार्म में स्थित जानकी देवी खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर में तैनात महिला डाक्टर रश्मि श्रीवास्तव ने संस्था में पहुंचकर कार्यरत महिलाओं के बीच स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कैंप का आयोजन किया।

पूरनपुर के नेपाल सीमावर्ती एवं ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव भुरजूनियां फार्म में स्थित जानकी देवी खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्था में शनिवार को महिला डाक्टर रश्मि श्रीवास्तव(स्त्री रोग विशेषज्ञ)ने अपने मेडिकल स्टाफ के साथ पहुंच कर वहां स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।कार्यक्रम में संस्था में कार्यरत तथा आसपास की महिलाओं तथा लड़कियों को स्वास्थ्य को लेकर जागरुक किया गया।इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।महिला डाक्टर ने महिलाओं को स्वास्थ्य को लेकर किन किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और उन चुनौतियों से कैसे पार पाना है उसके बारे में विस्तार से बताया।इस दौरान डाक्टर रश्मि श्रीवास्तव ने वहां मौजूद महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर हमारी बहनें एनीमिया की शिकार होती हैं।जिसके कारण वह अन्य बीमारियों की जकड़ में आ जाती हैं।जिसके लिये सजग रहना बहुत जरूरी है। साफ-सफाई रखने ताजा भोजन तथा बीमार होने पर तुरंत अस्पताल में डाक्टर को दिखाने के लिए जागरूक किया।महिला चिकित्सक ने कहा कि बीमारी की अनदेखी करना आगे चलकर वह बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। अक्सर देखा जाता है कि कई लड़कियां या महिलाएं बीमारी को बताने में झिझक महसूस करती हैं जिससे आगे चलकर वह बीमारी गंभीर हो जाती है।

इसके अलावा चिकित्सक ने महिला स्वास्थ्य से जुड़ी तमाम चल रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन योजनाओं में मुख्य रूप से कस्तूरबा पोषण सहाय योजना, चिरंजीवी योजना, जननी शिशु सुरक्षा की योजना समेत तमाम योजनाओं के बारे में बताकर जागरूक किया। इस दौरान मौके पर संस्था की सचिव अर्पणा सिंह, संस्थापक रामप्रवेश सिंह, प्रबंधक निखिल सिंह, सुपरवाइजर संजय सिंह समेत तमाम संस्था के महिला व पुरुष कर्मी मौजूद रहे।

## छात्रों को सरकारी दर में शिक्षा उपलब्ध कराने की कवायद तेज

- उच्च शिक्षा मंत्री से पूरनपुर विधायक के साथ गन्ना कालेज के प्राचार्य ने की मुलाकात
- कालेज को अनुदान की सूची में ले जाने का किया आग्रह, उच्च शिक्षा मंत्री ने दिया भरोसा

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



पूरनपुर। नगर के गन्ना स्नातकोत्तर महाविद्यालय को अनुदान की सूची में ले जाने के लिए लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं। ताकि छात्रों को सरकारी दर पर शिक्षा उपलब्ध हो सके। इसको लेकर विधायक बाबूराम पासवान और कालेज के प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा ने लखनऊ जाकर उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय से शिष्टाचार भेंट की। उनसे महाविद्यालय के विकास और अनुदान सूची में शामिल करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उच्च शिक्षा मंत्री ने महाविद्यालय की समस्त पत्रावली का स्वयं अवलोकन कर उनपर सकारात्मक विचार करने और शीघ्र ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया। प्राचार्य ने उच्च शिक्षा मंत्री को अवगत कराया कि वर्ष 1994 में महामहिम राज्यपाल द्वारा संस्था को मान्यता दी गई। तीन वर्ष तक निजी संसाधनों से इसके बाद सरकार द्वारा अनुदान सूची पर ले जाना था। इसी आशय से महाविद्यालय में उच्च सेवा आयोग से चयनित प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की नियुक्ति हुई और अनुदान की प्रत्याशा में एक-एक वर्ष का मान्यता विस्तारीकरण किया जाता रहा लेकिन 2006 में स्थाई मान्यता के समय को सव्वितपोषित श्रेणी में पहुंचा दिया गया। इसपर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा आपत्ति भी जताई गई। बताया कि 1994 के समस्त महाविद्यालय अनुदान सूची पर जा चुके हैं। जबकि विशेष सचिव उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा द्वारा शासन आदेश 11 नबंवर 1997 के आधार पर कहा जा रहा है कि अनुदान सूची पर दिए जाने की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। जबकि महाविद्यालय 11 नबंवर 1997 से पूर्व स्थापित है और इसका समस्त स्वामित्व राज्य सरकार के अधीन है। अनुदान सूची पर ले जाने के लिए शासन स्तर पर आदेश निर्गत हुए लेकिन अब तक पत्रावली का निस्तारण नहीं हो सका। जबकि बीच में अनुदानित महाविद्यालय के सव्वितपोषित शिक्षकों का विनियमितीकरण किया गया। वर्तमान में भी अनुदानित महाविद्यालयों के विनियमितीकरण की कार्रवाई चल रही है। गन्ना राज्य मंत्री एवं पीलीभीत के विधायक संजय गंगवार भी महाविद्यालय को अनुदान सूची पर ले जाने के लिए प्रयासरत हैं। प्राचार्य ने बताया कि उच्च शिक्षा मंत्री ने भरोसा दिया है। इस मौके पर उनको महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका अभ्युदय का पंचम अंक एवं पीलीभीत की शान बांसुरी भी भेंट की।

## ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज पीलीभीत के छात्र ने बनाया दिव्यांगजनों और वृद्धजनों के लिए ई-वाहन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, पीलीभीत में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, पीलीभीत के कक्षा 11 के छात्र अपूर्व शर्मा ने दिव्यांगजनों एवं वृद्ध लोगों के लिए एक ऐसा इलेक्ट्रॉनिक वाहन तैयार किया है जिससे वे उस वाहन की सहायता से अपने सभी कार्य स्वयं पूर्ण कर सकते हैं द्य इस वाहन की खासियत यह है कि यह बाजार से बहुत कम लागत मात्र 6000 से 7000 के बीच में तैयार किया जा सकता हैं। इसे आगे बढ़ाने के लिए स्पीड कंट्रोलर, इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले जो बैटरी क्षमता और स्पीड को प्रदर्शित करता हैं। क्लिच ,ब्रेक, बैक करने के लिए कंट्रोलर इसको बनाने में मार्गदर्शक शिक्षक राज कुमार का विशेष योगदान रहा हैं। मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल चार्टर्ड अकाउंटेंट, प्रधानाचार्य ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, पीलीभीत व अन्य सभी उपस्थित लोगों ने इस वाहन को चलाकर छात्र की खूब सराहना की। इस वाहन को 36वोल्ट की बैटरी से संचालित किया जाता है जिसे एक बार चार्ज करकर 15 किलोमीटर तक चला सकते हैं। इस प्रोजेक्ट में भविष्य में सोलर पैनल और हीट प्रोटेक्टर शील्ड और बड़ी बैटरी लगाने की योजना है साथ ही इसमें सेंसर का उपयोग करके आपातकालीन स्थिति मे भी प्रयोग किया जाएगा।

## राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



आज राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज पीलीभीत में किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने जूनियर व सीनियर दो वर्गों में प्रतिभाग किया।

प्रदर्शनी में 6 सब थीम्स के पर आधारित बच्चों ने क्रियाकारी मॉडल बनाएद्य प्रदर्शनी का उद्घाटन ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज पीलीभीत के प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने कियाद्य निर्णायक समिति में हरिशंकर मिश्रा, डा आर. पी. गंगवार, डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह, रमेश चंद्र,लक्ष्मीकांत शर्मा, चंद्रपाल गंगवार व अनुवीक्षण समिति में सर्वेश कुमार गंगवार, शिवम मिश्रा, स्वदेश कुमार, विजय कुमार उपस्थित रहे द्य जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बरखेड़ा की दीपाली, द्वितीय पुरस्कार वीरांगना अवंती बाई जिला पंचायत विद्यालय की दिशा और तृतीय पुरस्कार विशाल कुमार चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पीलीभीत व पांच सांत्वना पुरस्कार कमल गंगवार, आकर्ष शर्मा अक्षय वर्मा, विद्यांशी देवी व गुफरान खान को प्राप्त हुआद्य सीनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज रामनगर जगत के आकाश वर्मा, द्वितीय पुरस्कार रामा इंटर कॉलेज के मोनू व तृतीय पुरस्कार ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज पीलीभीत के करन कुमार को और सांत्वना पुरस्कार तानिया वर्मा, अमन मौर्य, आयुषी झा, निर्मल वर्मा और अपूर्व शर्मा को प्राप्त हुआ प्रथम पुरस्कार रू.4000 द्वितीय पुरस्कार रू.3000 और तृतीय पुरस्कार रू.2000, प्रत्येक सांत्वना पुरस्कार रू.500 चयनित छात्रों को प्रदान किया जाएगाद्य समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के लोकप्रिय चार्टर्ड अकाउंटेंट संजय अग्रवाल मौजूद रहे जिन्होंने भ्रमण कर बच्चों के क्रियाकारी मॉडलों की खूब सराहना की व सभी चयनित छात्रों को शुभकामाएं दी। मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक राज कुमार ने कियाद्य इस मौके पर कॉलेज के उप प्रधानाचार्य लोकेश कुमार व अन्य शिक्षक शालिनी श्रीवास्तव, राज कुमार, रहीसुदीन, एकता गुप्ता, लोकेश, राजेश आदि उपस्थित रहेद्य अंत में प्रधानाचार्य ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी व सभी का आभार व्यक्त किया।

## संस्कार के बगैर शिक्षा अधूरी है: आचार्य शान्तनु

- संस्कार शाला मे विद्यार्थी संवाद का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




सुजानगंज। बच्चों में शिक्षा के साथ ही बच्चो में संस्कारों का होना अत्यंत आवश्यक है। संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी होती है। आज के इस भौतिक युग में संस्कार शाला का संचालन होना चाहिए।उक्त बातें मुख्य अतिथि परमपूज्य शान्तनु जी महाराज ने संस्कार शाला में आयोजित विद्यार्थी संवाद में कही। शान्तनु जी ने कहा कि बच्चों में नैतिक शिक्षा डालने का जो कार्य शुरू किया गया है, वह बहुत ही सराहनीय है। आज के इस बदलते परिवेश में समय निकालकर बच्चों को संस्कारवान बनाना यज्ञ करने के समान है। यह हमारे लिए गौरव की बात है। आदर्श समाज की स्थापना संस्कार से ही शुरू हो सकती है और संस्कार जन्म से ही डाला जा सकता है। शान्तनु जी ने कहा कि शिक्षा से पहले संस्कार की आवश्यकता है। बच्चों को घरों से ही संस्कार देना शुरू कीजिए। बच्चे के बड़े होने पर संस्कार देना मुश्किल हो जाता है इसलिए बाल्यावस्था से ही संस्कार का बीज बोना अति आवश्यक है। संस्कारशाला को नई पीढ़ी में नई चेतना प्रदान करने की दिशा बताया।इस दौरान विद्यार्थी संवाद में कई छात्रों द्वारा पूछे गये प्शनो का निराकरण करते हुए किस प्रकार छात्र-छात्राओं को एकाग्रचित होकर शिक्षण कार्य करने सेआसानी पूर्वक कंठस्थ हो जाएगा इस संदर्भ में भी योग के माध्यम से जानकारी दीये।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में विद्यालय के प्रबन्धक डाँ जय प्रकाश तिवारी एवं आचार्य शान्तनु जी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। अतिथियों का स्वागत भाषण विद्यालय की प्रधानाचार्या निशा किरण उपाध्याय ने किया। आभार ज्ञापन विद्यालय के निदेशक डॉ0 विनय कुमार त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर लाल बिहारी तिवारी, शिवानन्द चतुर्वेदी, जितेंद्र सिंह, के0पी0 सिंह, प्रीति सिंह, श्वेता सिंह सहित समस्त अध्यापक के साथ छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## गन्ने के खेतों में खुलेआम घूम रहा है तेंदुआ

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

बीसलपुर। दियोरिया के जंगल से निकलकर आया तेंदुआ बीसलपुर क्षेत्र के ग्रामों में गन्ने के खेतों में खुलेआम घूम रहा है। दो जंगली जानवरों पर हमला बोलकर उन्हें मौत के घाट उतार चुका है। जिससे ग्रामीण डरे हुए हैं और उन्होंने खेतों में जाना बंद कर रखा है। इसके बाद भी वन विभाग की टीम इस मामले में मात्र तेंदुए की निगरानी करने में ही लगी हुई है। टीम को तेंदुए की लोकेशन ही नहीं मिल पा रही है। दियोरिया के जंगल से निकला तेंदुआ पिछले लगभग दो सप्ताह से बीसलपुर क्षेत्र के कई गांवों में आतंक मचा रहा है। यह तेंदुआ पहले रहमानगंज, सफौरा, उसके बाद शिवपुरी नवदिया, बैरा इसके बाद पिपरैया में ग्रामीणों द्वारा देखा गया है। रहमानगंज, पिपरैया में छुट्टा पशुओं और गांव बैरा में एक सियार वह एक जंगली सूअर को निवाला बना लिया है। जिससे ग्रामीण काफी डरे हुए हैं। अहिरपुरा नगला की प्रधान सीमा यादव ने बताया कि शुक्रवार को यह तेंदुआ उनके गांव के खेतिहर क्षेत्र में पहुंच गया। तेंदुए ने उनके गांव के पातीराम मौर्य के खेत में शुक्रवार को सुबह एक जंगली सुअर का शिकार किया। पातीराम कुछ श्रमिकों के साथ गन्ना छीलने जब अपने खेत पर गए, तब उन लोगों ने दूर से तेंदुए को देखा। प्रधान की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुए की निगरानी शुरू कर दी है। टीम ने तेंदुए द्वारा मारे गए सुअर के शव को जमीन में दफना दिया। टीम ने ग्रामीणों को खेतों पर नहीं जाने का सुझाव दिया है। तेंदुए के आने से ग्रामीणों में दहशत है। इस बाबत डिप्टी रेंजर अवनीश कुमार ने बताया कि तेंदुए की सही लोकेशन नहीं मिल पा रही है विभाग की टीम लगातार निगरानी में लगी हुई है।

# भाजपा नेता को प्रेमी के चक्कर में मौत के घाट उतारने वाली पत्नी गिरफ्तार

* पुलिस ने किया सफल खुलासा, पत्नी दिव्या और उसके प्रेमी संजय पाल को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । हिमांशु मिश्रा



**कानपुर नगर।** शहर में लगातार आए दिन कलयुग की विवाहित पत्नियों के द्वारा अपने प्रेमी संग मिलकर पति की हत्याओं को कराने का दौर जारी है, बीती 29 नवंबर को थाना साढ़ क्षेत्र में उर्मिला गौतम नामक महिला के द्वारा अपने प्रेमी संग मिलकर पति राजेश गौतम की मौत करने के मामले में पुलिस कार्रवाई करके आरोपियों को जेल ही भेज पाई थी कि बीते दिन पुलिस के खुलासे में थाना गोविंद नगर क्षेत्र में भाजपा नेता की हत्या करने वाला और कोई नहीं उसकी पत्नी ही निकली और इसमें भी मामला प्रेम प्रसंग का निकल कर सामने आया है। ज्ञातव्य हो कि बीती 24 नवम्बर को थाना गोविंद नगर के ब्लॉक नंबर 5 में निवास करने वाले भाजपा के बूथ अध्यक्ष मुकेश नारंग की लाश संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में पड़ी पाई गई थी, पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने फोरेंसिक टीम के साथ साक्ष्य एकत्रित किए थे और उच्च अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंचे थे कारण यह था कि मृतक मुकेश नारंग भाजपा का एक समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता माना जाता था, पुलिस टीम ने पहले ही दिन से मुकेश की पत्नी दिव्या पर अपना शक जाहिर करना शुरू कर दिया था जिसके बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी बहुत कुछ सामने निकल कर के आया था, पुलिस ने जब मुकेश की पत्नी दिव्या के फोन को खंगाला तो सच निकालकर के सामने आ गया।

बीते दिन प्रेस कांफ्रेंस के दौरान डीसीपी साउथ रविन्द्र कुमार ने बताया कि मुकेश नारंग जो कि भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष थे, मुकेश अपने माता-पिता और पत्नी दिव्या के साथ लंबे समय से रह रहा था। मृतक मुकेश की पत्नी मीना का किराये के मकान पर रहने वाले संजय पाल नाम के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

जिसको लेकर मुकेश से दिव्या की आए दिन कहासुनी होती रहती थी। जिसको लेकर दिव्या ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही पति की हत्या की साजिश रच डाली। दिव्या ने बीती 24 नवंबर को अपने पति मुकेश को जहरीला पदार्थ खिला दिया, जिसके चलते मुकेश की मौत हो गई, पुलिस ने जब मामले की छानबीन की तो पता चला की मुकेश की पत्नी दिव्या और उसका प्रेमी संजय पाल एक ही गांव के रहने वाले थे और दोनों ने पढ़ाई भी एक साथ ही की थी तब से दोनो के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था और दोनो एक दूसरे से शादी भी करना चाहते थे। मगर दोनों अलग-अलग जाति के होने के कारण परिवारों में सहमति नहीं बन पाई और मीना की शादी कानपुर निवासी मुकेश से हो गई।

जिसके बाद संजय पाल कौशांबी जिले का रहने वाला है, वह कानपुर के गोविंद नगर में आकर किराए के मकान पर रहने लगा। इसके बाद दिव्या और मुकेश का प्यार सातवें आसमान पर चढ़कर बोलने लगा, दिव्या ने अपने ही पति की हत्या की साजिश रच डाली, जहां दोनों ने मिलकर मुकेश को रास्ते से हटाने का निर्णय ले लिया, दोनों लोगों ने मोबाइल फोन के जरिए पूरी घटना की साजिश को रचा बीती 24 नवंबर को दिव्या ने अपने ही पति को जहरीला पदार्थ देकर मौत के घाट उतार दिया। हत्या को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और दोनों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## डीएम-एसपी ने सुनी समाधान दिवस में समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा की उपस्थिति में तहसील हसनगंज में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसामान्य की समस्याएं/शिकायतें सुनीं गयीं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील हसनगंज में डीएम द्वारा राजस्व विभाग की 127, पुलिस विभाग की 47, विकास विभाग की 45, विद्युत विभाग की 38, पूर्ति विभाग की 32 सहित अन्य विभागों की 48 शिकायतों/समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 337 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 24 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा शिकायतों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं, ताकि शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो।

### चलाया जाएगा निशुल्क टीकाकरण अभियान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। सरकार के निर्देश के तहत पशुपालन विभाग कानपुर नगर जिले में 15 दिसम्बर से 45 दिवसीय एफएमडी( खुर पका एवं मुंह पका रोग) टीका अभियान शुरू करेगा। यह टीका करण पूरी तरह से निश्शुल्क चलाया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.सुशील कुमार श्रीवास्तव ने दी।

## संदिग्ध हालातों में बेवा ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत



* सात साल पहले पति की हार्ट अटैक से हुई थी मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के निबई गांव में एक विधवा महिला ने संदिग्ध हालातों में जहरील पदार्थ खा लिया। सुबह उसे जागने पहुंची सास ने मुंह से झाग निकलता देख घर वालों को जानकारी। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के निबई गांव निवासी बेवा हुस्न बानो( 45 ) बीती रात अपने घर में सो रही थी।

सुबह उसके न उठने पर सास सदरुन और बेटी काजल उसे जगाने पहुंची तो उसके मुंह से झाग निकलता देख उनके होश उड़ गए। परिजन आनन फानन उसे लेकर अचलगंज सीएचसी पहुंचे जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सास के मुताबिक सात साल पहले बेटे रईस की मौत हार्ट अटैक से होने के बाद से बहू परेशान रहती थी। इससे पहले भी वह कई बार आत्महत्या का प्रयास कर चुकी थी।

## मधुमक्खियों के हमले से वृद्धा की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

खेत गई वृद्धा की मधुमक्खियों के हमले से हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सीएचसी लाए जहां डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवरामऊ निवासी रामकुमारी (70) शुक्रवार शाम खेत गई थी। वहां लगे मधुमक्खी के छत्ते में चिड़िया का पर लग जाने से मधुमक्खियां आक्रोशित हो गईं और हमला बोल दिया। एक साथ कई मधुमक्खियों के काटने से वृद्धा बेहोश होकर गिर गई। खेत में काम कर रहे लोगों ने आनन फानन धुआं किया इससे मधुमक्खियां भाग गईं। परिजन राम कुमारी को सीएचसी लाए। हालत सही न देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पति की पहले ही मौत हो चुकी है। मां की मौत से बेटे दिनेश और सर्वेश का रो-रो कर बुला हाल था।

## आसमान से यूरिया बरसती देख किसान हुए दंग, बोले अद्भुद

* विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कृषि विभाग ड्रोन से करा रहा नैनो यूरिया स्प्रे का प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव





अपने खेतों में पहली ड्रोन के जरिए यूरिया का छिड़काव देख सदर तहसील के दोस्ती नगर के किसान दंग रह गए। महज कुछ ही मिनटों में बेहद कम पानी की खपत से हुए इस तकनीकी छिड़काव को किसानों ने जमकर सराहना की। दरअसल विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कृषि विभाग खेती में ड्रोन तकनीकी के प्रयोग का प्रदर्शन करा रहा है। जिले सभी ब्लाकों में 26 जनवरी तक यह कार्यक्रम चलेगा। इसके लिए विभाग को आठ प्रशिक्षित ड्रोन पायलट उपलब्ध कराए गए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सदर तहसील के दोस्ती नगर में पहली बार किसानों के खेतों पर ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। मात्र 20 मिनट में ही आलू के एक एकड़ खेत में ड्रोन से छिड़काव का काम पूरा कर लिया गया। इस अवसर पर किसानों से नैनो यूरिया और तकनीक के साथ खेती करने का आह्वान किया गया। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप मिश्रा ने किसानो को फसल सम्बंधित विस्तृत जानकारी भी दी। विकसित भारत संकल्प के द्वारा विभाग की ओर से किसानों को नैनो यूरिया का प्रयोग कर खेती करने को जागरूक किया जा रहा है। नैनो यूरिया का ड्रोन से भी खेतों में छिड़काव किया जा सकता है। यह पहल कृषि मंत्रालय अनुसंधान परिषद के तत्वाधान में दोस्ती नगर में आयोजित की गई। इसका शुभारंभ जनपद की हसनगंज तहसील से 23 नवंबर से लेकर के 26 जनवरी तक 2024 तक चलाया जाएगा। जनपद के हसनगंज ब्लाक में ड्रोन के माध्यम से स्प्रे कराया जा रहा है। साथ ही सफीपुर ब्लॉक, सदर तहसील के दोस्ती नगर में स्प्रे इसके अलावा पुरवा ब्लाक और हिलौली ब्लाक व सिकंदरपुर करण ब्लॉक,औरास ब्लॉक के साथ ही गंज मुरादाबाद में लगभग 8 ड्रोन के माध्यम से निशुल्क किसानों के खेतों पर ड्रोन से स्प्रे कराया जा रहा है। शनिवार को सदर तहसील अंतर्गत दोस्ती नगर गांव निवासी पीके अवस्थी, नीरज कुमार, देवेंद्र, राजेश सिंह के साथ साथ करीब एक दर्जन किसान मौजूद रहे। ड्रोन पायलटों ने खेतों में ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव कराया। ड्रोन की मदद से केवल करीब दस लीटर पानी से ही एक बीघे के खेत में छिड़काव हो गया और इसमें ज्यादा समय भी नहीं लगा। किसान रामरूप रविदास और गिरजा शंकर के खेतों पर भी छिड़काव किया गया। ड्रोन से छिड़काव होता देखकर किसानों की भीड़ लग गई और किसानों ने इस विधि को खूब सराहा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अज्ञात वाहन ने अधेड़ को रौंदा, नहीं हुई शिनाख्त

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग पर भवानी खेड़ा के पास अज्ञात वाहन ने अधेड़ को रौंद दिया। घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के कारण सड़क पर जाम लग गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी भेज दिया है। लगभग आधा घंटे बाद मार्ग पर आवागमन शुरु हुआ। अधेड़ एक स्वेटर, कम्बल में लिपटा हुआ पुलिस को मिला। थाना प्रभारी वीरबहादुर सिंह ने बताया कि अभी उसकी पहचान नहीं हो सकी है स्थानीय लोगों के अनुसार मानसिक विक्षिप्त था। उसके पास कुछ पुरानी बोतलें, डंडा, तम्बाकू की पुड़िया मिली है। शव को मोर्चरी में रखवा दिया है।

### श्याम सगाई और माखन चोरी की लीला का अभिनय किया

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। शंकरपुर के सत्री गांव में 17वें श्री कृष्ण लीला महोत्सव में शनिवार को श्री गोविंद गोपाला लीला संस्थान के पात्रों ने श्याम सगाई और माखन चोरी की लीला का अभिनय किया। जहां श्रीकृष्ण के बालरूप से माखन चोरी किया। इस दौरान यशोदा मां ने उन्हें पकड़ लिया और माखन चोरी की बात कहने लगी। जिस पर श्रीकृष्ण ने कहा कि माखन चोरी के बारे में मैया से मत कहना। हम दोनों साथ में माखन चोरी करेंगे। मैं माखन खा रहा हूं तुम भी मेरे बराबर माखन खा लो। कान्हा की आवाज सुनकर यशोदा मां जब बाहर आई और उन्होंने कन्हैया से पूछा कि तुम किससे बात कर रहे हो। लीला देख मौजूद लोगों ने पात्रों की सराहना की। इस मौके पर रामबालक यादव, धर्मेन्द्र कुमार प्रजापति, राधेलाल वर्मा, अजय कुशवाहा, शिवगोपाल वर्मा, प्यारेलाल वर्मा, छेदी लाल, पप्पू मिश्रा, शिव तिवारी, छोटे बाजपेई, कलिका प्रसाद, सुभाष लोधी, प्रधान अभिलाषा लोधी, देवी शंकर प्रजापति मौजूद रहे।

### चौड़ीकरण होने से क्षेत्रीय लोगों को जाम से नहीं पड़ेगा जूझना

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। पोनी रोड तिराहे से लेकर पोनी गांव तक चौड़ीकरण किया जाना है। जिसे लेकर लोक निर्माण विभाग ने हरी झंडी दे दी है। चौड़ीकरण होने से क्षेत्रीय लोगों को जाम से नहीं जूझना पड़ेगा। वहीं मुख्य मार्ग पर तमाम प्रकार की छोटी-बड़ी दुकानें हैं। चौड़ीकरण में कई दुकानें आधी से अधिक चली जायेंगी। जिससे व्यापारियों का कारोबार ठप हो जायेगा। जिसे देखते हुये शनिवार को पोनी रोड पर जयपाल साहू, राजेश सोनी, आशीष गुप्ता, सुनील वर्मा, रामसनेही, संजय शर्मा, अनिल साहू, अरविंद, मनोज गुप्ता, संजय गुप्ता, निलेश साहू आदि व्यापारी ने मौन प्रदर्शन किया। जहां हाथों में तख्तियां लेकर प्रशासन से स्थाई दुकानें मुहैया कराये जाने की मांग की है।

### चोरों ने माल किया पार, पुलिस जॉच में जुटी

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। सर्वोदय नगर में किराये के कमरे में रहने वाली चांदनी ने बताया कि वह शनिवार को कुछ काम के लिये पड़ोस में रहने वाली अपनी मां के घर चली गई। एक घंटे बाद वापस लौटी तो कमरे का ताला टूटा था और अंदर का सामान बिखरा था। कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर चोरों ने लगभग साठ हजार रूपये के जेवर पार कर दिये। पीड़िता ने चोरी की जानकारी डॉयल पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। इस दौरान चांदनी ने किरायेदार पर चोरी का शक जाहिर किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।



## बिल्हौर संपूर्ण समाधान दिवस में 81 शिकायतें आई कमिश्नर नहीं, एडीएम भू-अधिपत्य ने संभाली कमान



* एडीएम भू-अधिपत्य रिंकी जायसवाल ने सुनी शिकायतें, एक का निस्तारण

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर ब्लाक सभागार में शनिवार को संपन्न हुए संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम भू-अधिपत्य रिंकी जायसवाल, एसडीएम रश्मि लांबा, तहसीलदार तिमिराज सिंह, बीडीओ दिनेश कुमार व जितेंद्र राजपूत नायब तहसीलदार सी पी राजपूत, दिव्या भारती, प्रदीप त्रिपाठी आदि ने शिकायतें सुनीं। शिकायत लेकर आए 81 फरियादियों में एक शिकायत का ही मौके पर समाधान किया जा सका। कमिश्नर अमित गुप्ता के न पहुंचने से फरियादी मायूस होकर लौटे। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कमिश्नर अमित गुप्ता के आ रहे होने की खबर लगते ही फरियादी शिकायतें करना बंद कर उनके आने का इंतजार करने लगे। कई घंटे इंतजार के बाद भी कमिश्नर के न पहुंचने पर हताश फरियादियों ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से अपनी अपनी शिकायत की। तहसीलदार ने समाधान के मौके पर दी कड़ी चेतावनी तहसील क्षेत्र के हंसपुर गांव निवासी दिव्यांग सुक्खी लाल के अनुसार उसके और उसकी दिव्यांग पत्नी गांव में चल रहे मनरेगा के तहत कार्य में 35 दिन काम किया था। इसके उपरांत ग्राम प्रधान द्वारा दिव्यांग पति-पत्नी से काम नहीं कराया गया और न ही उन्हें 35 दिन किए गए काम की मजदूरी दी गई। रानेपुर गांव निवासी राम शंकर ने पट्टे में शासन से मिली भूमि की पैमाइश कर कब्जा दिलाए जाने की मांग की। वाचीपुर गांव निवासी सचिन कटियार ने गांव के कोटेदार द्वारा घर पर आकर अंगूठा लगवाए जाने के बाद भी राशन न दिए जाने की शिकायत की। गौरी अभयपुर गांव निवासी नरेंद्र ने सरकारी खजाने में पैसा जमा होने के बावजूद मत्स्य पालन के लिए तालाब का अभी तक आवंटन न होने की शिकायत की और सरैया दस्तम खा निवासी नवाब ने हाईवे में अधिग्रहित किए गए उनके घर का पूरा मुआवजा अभी तक न मिलने की शिकायत की। वहीं आधा दर्जन अधिवक्ताओं ने तहसील से सटे कोतवालेश्वर मंदिर के पीछे मौजूद सरकारी भूमि पर लोगों के द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की। कुल 81 शिकायतों में एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया और शेष शिकायतों को संबंधित विभाग के कर्मचारियों को हस्तांतरित कर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए।

### ककवन डीपीएसएन के प्रधानाचार्य शिवराज सिंह नहीं रहे

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में बस का कौन कस्बे में डीपीएस कॉलेज में अनुशासन की मिसाल कायम करने वाले प्रधानाचार्य कि लंबी बीमारी के बाद देहांत हो गया। वर्ष 2000 मे आयोग से नियुक्त पाकर आए प्रधानाचार्य शिवराज सिंह ने तत्कालीन प्रबंधक/संस्थापक स्व:श्री राज नरायन शुक्ल जी के सानिध्य मे ककवन डीपीएस एन इण्टर कालेज मे प्रधानाचार्य के पद को सुशोभित किया।अनुशासन के नाम पर छात्र से ज्यादा छात्र के अभिभावक प्रधानाचार्य का खौफ खाते थे।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारकर गंभीर रूप से किया घायल



जन एक्सप्रेस । चौबेपुर

चौबेपुर थाना क्षेत्र के इमलिहा गांव के सामने मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को अज्ञात बहन ने टक्कर मार दी। घटना में मोटरसाइकल सवार व्यक्ति को गंभीर चोटें आई है घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची 112 नंबर पुलिस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौबेपुर में उपचार के लिए भर्ती कराया है। धर्मेंद्र कठेरिया उम्र 38 वर्ष पुत्र रामस्वरूप अपने 13 वर्षीय पुत्र आशु के साथ बाइक पर सवार हो कानपुर से तारा पति नवादा शिवराजपुर अपने घर जा रहा था। तभी इमलिया गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी प्रत्यक्ष दर्शन ने बताया कि जब घटना हुई उसे वक्त धर्मेंद्र कठेरिया दारू के नशे में था। घायल को चौबेपुर सीएससी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

## बाजार जाने को कहकर निकले वृद्ध का दूसरे दिन फंदे से लटका मिला शव




* बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के बैरी गांव की घटना
* परिजन बोले बीमारी और कर्ज से रहता था परेशान
* मृतक की फाइल फोटो व परिजन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर बाजार जाने की बात कह कर निकला वृद्ध घर नहीं पहुंचा। परिजन खोजबीन करते रहे। शनिवार सुबह खेत में जामुन के पेड़ से उसका शव फंदे से लटका मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के शादीपुर गांव के मजरे बैरी निवासी वृद्ध बाबूलाल खेती किसानी करता था। शुक्रवार दोपहर बाजार जाने की बात कहकर निकलने के बाद वह देर शाम तक वापस नहीं लौटा। चिंतित परिजनों उसकी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। शनिवार सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने जामुन के पेड़ से बंधे फंदे से उसका शव लटका देख परिजनों को सूचना दी। वहां का नजारा देख घर वालों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों के मुताबिक वृद्ध आंख की समस्या, अन्य बीमारियों और केसीसी के कर्ज को लेकर परेशान रहता था। उसकी मौत पर पत्नी बीना देवी, बेटियां रामकली, सुषमा, शैल कुमारी, कौशल कुमारी व छैलू का रो रोकर बुरा हाल है।

## यात्रा से जुड़कर सनातन को मजबूत करें : पं0शिवा कान्त महाराज

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर/झाँसी




अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास पं0 शिवा कान्त महाराज ने चौथे दिवस की कथा में भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा प्रारंभ करते हुए बताया कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म और अत्याचार बढ़ता है। षड्यंत्र कार्यो के द्वारा सनातन संस्कृति की क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जाता है गाय ब्राह्मण संतों पर अत्याचार होता है तब तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर दुस्तों का संघार कर धर्म की पुनः स्थापना करते हैं भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के प्रसंग में अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास पं0शिवा कान्त महाराज ने यह बताया कि जब-जब हुई हैं धर्म की हानि तब तब बाड़ई असुर अधम अभिमानी श्री कृष्ण जन्मोत्सव की बधाई सुनकर श्रोता समाज आनंद मय होकर नाचने लगे कथा व्यास ने कथा के दौरान उपस्थित श्रोता समाज को संकल्प दिलवाया की कभी भी आपस में लड़ाई झगड़ा नहीं करेंगे परिवार में आपस में सभी लोग एक दूसरे से मिलजुल कर रहेंगे भारतीय सनातन संस्कृति की रक्षा करेंगे एवं संपूर्ण रूप से मानेंगे भारत की भूमि में बहुत ही गर्व की बात है देश और प्रदेश के राजा कर्मयोगी एवं तपस्वी है। अचार्य भास्कर कृष्ण मोहिनी शरण, आचार्य सुनील शास्त्री, अचार्य राजकुमार, द्वारा विधि विधान से पूजन पाठ करवाया गया। भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव में पहुंचे चौबेपुर वरिष्ठ भाजपा नेता समाज सेवक पं0 उत्तम शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कथा स्थल पर श्रोता समाज उपस्थित रहे।

# काउंटिंग से एक दिन पहले कैलाश विजयवर्गीय बोले एमपी का सीएम हाईकमान तय करेगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव की काउंटिंग से एक दिन पहले 2 दिसंबर को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में बयान दिया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, यह दिल्ली में बैठे हमारे नेता तय करेंगे। सीएम शिवराज सिंह चौहान के प्रति हाईकमान की नाराजगी के सवाल पर विजयवर्गीय ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व को इतनी फुर्सत नहीं है कि वह नाराजगी के लिए समय दे। हमारे यहां इंटरनल डेमोक्रेसी है। वहां विधायक दल की बैठक होगी। फिर नाम तय होगा। उसके बाद पार्लियामेंट्री बोर्ड उस पर मुहर लगाएगा। बीजेपी का कोई कार्यकर्ता ही सीएम बनेगा। विजयवर्गीय ने यह दावा भी किया कि जमीन पर जो सर्वेक्षण हुए हैं, उनमें साफ तौर पर कहा गया है कि भाजपा मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकार बनाएगी। हमने विकास किया है, इसलिए जनता हमें प्यार कर रही है। हमें फिर से सरकार में ला रही है। मैं दो महीने के अंदर 103 सीटों पर गया हूं, इसलिए दावे से कह रहा हूं कि हम लोग सरकार बनाएंगे। हमारी 150 से ऊपर सीटें आएंगी।

### शिवराज बोले, सारे अनुमान फेल हो जाएंगे

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा- समाज के हर वर्ग से भाजपा को अभूतपूर्व समर्थन मिला है। मध्य प्रदेश में भाजपा को भारी बहुमत मिलने जा रहा है। अब तक के सारे अनुमान फेल हो जाएंगे। 3 दिसंबर को सूरज के प्रकाश की तरह सब कुछ साफ हो जाएगा। वहीं, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा- हमें पूरा विश्वास है कि मतगणना में भाजपा मध्य प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। 24 घंटे इंतजार करें, नतीजे हमारे सामने होंगे।

### 'हारने पर कांग्रेस ईवीएम-प्रशासन पर आरोप लगाएगी'

विजयवर्गीय ने कहा, कांग्रेस यदि यहां 75 सीट भी ले आई तो मुझे बड़ा आश्चर्य होगा। कांग्रेस ने अपनी हार मान ली है। कांग्रेस जब हार जाएगी तो ईवीएम पर आरोप लगाएगी। प्रशासन पर आरोप लगाएगी। चुनाव आयोग पर आरोप लगाएगी। यह पटकथा पहले से लिखी जा चुकी है। कांग्रेस को आत्मविश्लेषण करने की जरूरत है।

### नरोत्तम बोले, 230 एमएलए में से कोई भी सीएम हो सकता है

मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भी प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने का दावा किया है। सीएम के सवाल पर उन्होंने कहा कि ये पार्टी तय करेगी। जब उनसे पूछा कि सीएम कौन हो सकता है। तो उन्होंने कहा, सभी हो सकते हैं। 230 विधायकों में से कोई भी सीएम हो सकता है। सीएम की दौड़ में शामिल होने के सवाल पर नरोत्तम मिश्रा ने कहा, मैं किसी दौड़ में नहीं हूं।

# मणिपुर के परिवार से दिल्ली में मारपीट

## आरोपियों ने भद्दे कमेंट किए, विरोध करने पर महिलाओं को लात-घूंसों से मारा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली की सनलाइट कॉलोनी में मणिपुर के एक परिवार के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। 7-8 लोगों के एक ग्रुप ने दो पुरुषों और दो महिलाओं को बीच सड़क पर घसीटकर लात-घूंसों से मारा। घटना गुरुवार-शुक्रवार की रात की है। इस पूरी घटना को पास के एक घर से किसी शख्स ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। पुलिस ने शनिवार (2 दिसंबर) को बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपों में यौन उत्पीड़न भी शामिल है।

### कैब बुकिंग के लिए मदद मांगी और भद्दे कमेंट किए

पीड़ित शख्स के मुताबिक वह अपनी पत्नी और बहन के साथ डिनर के बाद एक दोस्त को घर छोड़ने आए थे। रात के 11 बजे थे, तभी तीन लोग उनके पास आए। इनमें दो युवक और एक महिला थी। उन्होंने पीड़ित से कहा कि उनके मोबाइल की बैटरी खत्म हो गई है। उन्हें मुनीरका जाना है और कैब की बुकिंग नहीं हो पा रही है। इसके बाद मणिपुरी शख्स कैब बुक करने लगा। पीड़ित ने बताया कि मदद मांगने वाले शख्स ने उसकी पत्नी और बहन के खिलाफ भद्दे कमेंट्स करने शुरू कर दिए। जब उनका विरोध किया तो वे उल्टा उन पर गुस्सा हो गए। आरोपियों ने उसी समय अपने 8-9 दोस्तों को बुलाया और मणिपुरी शख्स को पीटना शुरू कर दिया। पीड़ित शख्स की पत्नी ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने उसके बाल खींचे, सड़क पर घसीटा और लात मारने की कोशिश की। महिला ने रोते हुए कहा- आरोपी हमारे परिवार को जिस तरह मार रहे थे, हमें ऐसा लगा कि अब हम जिंदा नहीं बचेंगे। हमें बचाने वाला भी कोई नहीं था।



### वायरल वीडियो में दो लोगों के चेहरे दिखे

पुलिस ने कहा कि रात 2:30 बजे के करीब किलोकारी गांव से उनके पास फोन आया। पीड़ित परिवार आश्रम के जीवन नगर का रहने वाला है। डॉक्टरों के मुताबिक, उनके घुटने पर खरोंच, आंख-माथे पर सूजन थी। वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। वायरल वीडियो में दो लोगों के चेहरे दिख रहे हैं। इन्हें जल्द पकड़ लिया जाएगा।

# टीएमसी में ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के समर्थकों में छिड़ी जुबानी जंग



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी में नए और पुराने नेताओं में जुबानी जंग छिड़ गई है। यह जुबानी जंग उम्र को लेकर हो रही है। दरअसल टीएमसी नेता कुणाल घोष ने हाल ही में पार्टी में नेताओं के चुनाव लड़ने की उम्रसीमा तय ना होने पर सवाल उठाए थे और कहा था कि कई पुराने नेता जब तक जीवित रहेंगे, तब तक पार्टी में बने रहेंगे। कुणाल घोष के इस बयान के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद सौगत रॉय ने कहा है कि पार्टी में उम्र कोई बाधा नहीं हैं और वरिष्ठ नेताओं की भूमिका क्या होगी, इसका फैसला सिर्फ ममता बनर्जी करेंगी। सौगत रॉय ने कहा कि कौन चुनाव लड़ेगा और किसकी क्या पद मिलेगा, इसका फैसला ममता बनर्जी करेंगी। वह हमारी सुप्रीम नेता हैं और पार्टी में सबसे बड़ी अथॉरिटी रहेंगी। अभिषेक बनर्जी एक चर्चित युवा नेता हैं लेकिन अभी भी ममता बनर्जी के नाम पर ही पार्टी को वोट मिलता है। सौगत राय ने कहा कि टीएमसी में 75 साल तक ही चुनाव लड़ने जैसा कोई नियम नहीं है। टीएमसी का हाल ही में नेताजी इंडोर स्टेडियम में सम्मेलन हुआ था। सम्मेलन के दौरान स्टेडियम के मुख्य द्वार पर अभिषेक बनर्जी की तस्वीर नदारद थी, जिसे लेकर भी खूब चर्चा हुई। इस मामले पर सौगत रॉय ने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि जहां ममता बनर्जी की तस्वीर हो, वहां सब जगह अभिषेक बनर्जी की भी फोटो हो। युवा नेताओं को पार्टी में मौके देने के सवाल पर सौगत रॉय ने कहा कि ममता बनर्जी ने पार्टी में युवा नेताओं को काफी मौके दिए हैं और किसको क्या जिम्मेदारी देनी है, यह ममता बनर्जी ही तय करती हैं। हम सिर्फ उनके सैनिक हैं।

### क्या ये है विवाद की जड़?

इस विवाद से टीएमसी के भीतर चल रही खींचतान का भी खुलासा हो गया है। बता दें कि इस विवाद को ममता बनर्जी के पार्टी पर अपना प्रभाव बनाए रखने और अभिषेक बनर्जी के ताकतवर नेता के तौर पर उभरने के तौर पर भी देखा जा रहा है। दरअसल टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं को ममता बनर्जी का समर्थक माना जाता है। वहीं पार्टी के युवा नेताओं पर अभिषेक बनर्जी का प्रभाव माना जाता है। यही वजह है कि पुराने और नए नेताओं के बीच छिड़ी जुबानी जंग को बड़े बदलाव की आहट के तौर पर भी देखा जा रहा है। हालांकि पार्टी के नेता ऐसी खबरों को सिरे से खारिज करते हैं और कहते हैं कि टीएमसी के लिए ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी, दोनों ही जरूरी हैं।



### ईडी अफसर 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई। तमिलनाडु के सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) ने कार्रवाई करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि ईडी अधिकारी ने एक सरकारी कर्मचारी से 20 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। गिरफ्तार अधिकारी की पहचान अंकित तिवारी के रूप में हुई है, जो मदुरै स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत है। वहीं, डीवीएसी के अधिकारी अंकित तिवारी से जुड़े मामले के संबंध में मदुरै में ईडी के कार्यालय में भी छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सीआरपीएफ जवानों को कार्यालय के बाहर तैनात किया गया। डीवीएसी को रिश्वत मामले में ईडी के अन्य अधिकारियों की मिलीभगत होने का संदेह है। डीवीएसी ने एक बयान में कहा कि अंकित तिवारी को डिंडीगुल में हिरासत में लिए जाने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। इसके बाद अदालत ने आरोपी को 15 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### असम में सरकारी स्कूलों के छात्रों को मिलेगा 5 प्रतिशत का आरक्षण

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि राज्य संचालित स्कूलों के छात्रों के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज में पांच प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का फैसला किया है। यह फैसला तिनसुकिया में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया है। सीएम का कहना है कि यह फैसला राज्य संचालित स्कूल के छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए लिया गया है। कक्षा सात से 12वीं तक राज्य संचालित स्कूलों के विद्यार्थी इस योजना का फायदा ले सकेंगे। राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कैबिनेट ने असम की औद्योगिक और निवेश नीति- 2019 के तहत तीन परियोजनाओं के लिए 438.27 करोड़ रुपये की मंजूरी दी।

# सीजफायर खत्म होने के बाद से 200 फिलिस्तीनियों की मौत



### इजराइली सेना ने हमास के 400 ठिकाने तबाह किए, गाजा में डॉक्टरों के काफिले पर हमला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

हमास का कहना है कि सीजफायर खत्म होने के बाद गाजा में 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। अस्पतालों में फर्श पर लाशें पड़ी हैं। वहीं, इजराइली सेना का कहना है कि सैनिकों ने हमास के 400 ठिकानों को तबाह किया है। इधर, डॉक्टर्स विद आउट बॉर्डर्स ने शनिवार इजराइल पर उनके काफिले पर हमला करने के आरोप लगाए हैं। अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने हमले का वीडियो शेयक कर मामले की जांच की मांग की है।

### गाजा के अस्पतालों के हाल डरावनी फिल्म जैसे

यूएन ने कहा है कि गाजा के अल-अहली अस्पताल के हालात किसी डरावनी फिल्म जैसे हैं। डब्लूएचओ के मुताबिक गाजा के 32 में से सिर्फ 16 अस्पताल काम कर रहे हैं। वहीं, इजराइली सेना दक्षिणी गाजा के लोगों को राफा की तरफ जाने के लिए कह रही है। इजराइली सेना उत्तरी गाजा को पहले ही खाली करवा चुकी है। ऐसे में एक फिलिस्तीनी शख्स ने अलजजीरा से कहा कि जब हर जगह से हमें निकलने को कहा जा रहा है तो हम कहां जाएंगे। इजराइल-हमास के बीच सीजफायर खत्म होने के बाद भारतीय समयानुसार शुक्रवार देर रात एक फिलिस्तीनी समर्थक ने अमेरिका में खुद को आगे हवाले कर दिया। ये घटना अटलांटा शहर में बने इजराइली कॉन्सुलेट के सामने हुई। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक एक सिक्योरिटी गार्ड ने उसे बचाने की कोशिश की। हालांकि, वो नाकामयाब रहा। प्रदर्शनकारी का 90 प्रतिशत शरीर जल चुका है। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों ने अब तक उसकी पहचान नहीं बताई है। पुलिस के मुताबिक जब उसने खुद का आग लगाई उसने खुद पर फिलिस्तीन का झंडा लपेटा हुआ था। दरअसल, सीजफायर खत्म होने के बाद दुनिया भर में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन शुरू हो चुके हैं।


### 'हमास ने वादा तोड़ा'

अमेरिका ने सीजफायर खत्म होने का इल्जाम हमास पर डाला है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन शुक्रवार को सीजफायर खत्म होने के तुरंत बाद इजराइल से दुबई पहुंचे। यहां उन्होंने कहा- हमास ने अपना वादा पूरा नहीं किया। यरूशलम में आतंकी हमला करवाया और सीजफायर की सीमा खत्म होने से पहले इजराइल पर रॉकेट दागे। इसकी वजह से युद्ध विराम आगे नहीं बढ़ाया जा सका।


### तेलंगाना का आरोप- आंध्र पुलिस ने 5000 क्यूसेक पानी चुराया, आंध्र का जवाब, अपना हिस्सा लिया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तेलंगाना में नई सरकार बनने से पहले पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश से कृष्णा नदी के पानी को लेकर विवाद हो गया है। तेलंगाना की मुख्य सचिव शांति कुमारी का आरोप है- 30 नवंबर को जब राज्य में वोटिंग हो रही थी, तब आंध्र प्रदेश से करीब 500 पुलिसकर्मी नागार्जुन सागर बांध पर आए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए फिर गेट नंबर 5 पर बने हेट रेगुलेटर को खोलकर करीब 5000 क्यूसेक पानी छोड़ दिया। शांति कुमारी ने कहा कि आंध्र प्रदेश के इस कदम से कानून व्यवस्था की समस्या पैदा हो गई है। साथ ही हैदराबाद और आसपास के क्षेत्रों के दो करोड़ लोगों को पीने के पानी का संकट पैदा हो सकता है। आंध्र प्रदेश के सिंचाई मंत्री अंबाती रामबाबू ने 30 नवंबर की सुबह एक्स (जो पहले ट्विटर था) पर एक पोस्ट की। उन्होंने लिखा- हमने पानी के लिए कृष्णा नदी पर नागार्जुन सागर के दाहिनी हिस्से से पानी छोड़ दिया है। कृष्णा नदी का 66त्न पानी आंध्र प्रदेश का है और 34त्न पानी तेलंगाना का है। हमने दोनों राज्यों के बीच हुई संधि को ध्यान में रखते हुए अपने हिस्से का पानी लिया है। जल विवाद को लेकर जब दोनों राज्यों के बीच तनाव बढ़ने लगा तो केंद्र सरकार ने हस्तक्षेप किया। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए दोनों राज्यों से 28 नंवबर की स्थिति के अनुसार नागार्जुन सागर का पानी छोड़ने की अपील की। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की सरकारें इस प्रस्ताव के लिए सहमत भी हो गए हैं। बांध की निगरानी के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को तैनात किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इससे पहले साल 2015 में आंध्र प्रदेश पुलिस ने बांध में घुसने का प्रयास किया था, लेकिन तेलंगाना सुरक्षाबलों ने मौके पर पहुंचकर इस प्रयास को रोक दिया था।




# 5 दिसंबर को आंध्र प्रदेश से टकराएगा मिचौंग तूफान



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी में बन रहा कम दबाव का क्षेत्र शनिवार को डीप डिप्रेशन में बदल गया। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे में यह चक्रवात का रूप ले लेगा। इस तूफान का नाम मिचौंग रखा गया है। आईएमडी ने बताया, 3 दिसंबर से तूफान उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा। 5 दिसंबर की सुबह तूफान आंध्र प्रदेश के नेल्लोर और मछलीपट्टनम तट को पार करेगा।

उस समय तूफान की स्पीड 80-90 किमी प्रति घंटे होगी। यह 100 किमी प्रति घंटे तक भी पहुंच सकती है। चक्रवात के असर से नागपट्टनम जिले के वेलानकन्नी बीच पर समुद्र 100 मीटर पीछे चला गया है, जहां किनारे की चौड़ाई बढ़ गई है। वहीं, तमिलनाडु के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। विशाखापत्तनम साइक्लोन वार्निंग सेंटर की स्त्र सुनंदा ने न्यूज एजेंसी ह्लद्ब से बातचीत में कहा, 3 दिसंबर से तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश तट पर हवाएं और बारिश बढ़ जाएगी। दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश में मध्यम वर्षा और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना है।

### तीन राज्यों में तूफान का अलर्ट, पुडुचेरी में स्कूलों में छुट्टी

**तमिलनाडु:** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू, चेन्नई, तेनकासी, थूथुकुडी, तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी जिलों सहित पांच से अधिक जिलों में मध्यम बारिश के साथ बिजली गिरने की संभावना है।

**आंध्र प्रदेश:** आंध्र प्रदेश के रायलसीमा में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा, 3 और 4 दिसंबर को अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की भविष्यवाणी की गई है।

**ओडिशा:** 4-5 दिसंबर को ओडिशा के तटीय इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है। तूफान के चलते ओडिशा के सात तटीय जिलों - बालासोर, भद्रक, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर, पुरी, खुर्दा और गंजाम को अलर्ट पर रखा गया है।

**पुडुचेरी:** तूफान के चलते 4 दिसंबर को पुडुचेरी, कराईकल और यानम क्षेत्रों के सभी कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। पुडुचेरी सरकार की तरफ से इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया।

### तूफान को मिचौंग नाम किसने दिया

मिचौंग तूफान नाम म्यांमार ने दिया है। इसका मतलब है ताकत और लचीलापन होता है। मिचौंग साइक्लोन साल 2023 में बंगाल की खाड़ी का चौथा और हिंद महासागर में बनने वाला छठा तूफान है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)